राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे

9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, मंगलवार, 07 मई 2024

वर्ष 05, अंक 217, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, ललितपुर, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदो में प्रसारित

भुगतान जमा होने के बाद भी वन विभाग ने नही कटवाए पेड़ ...03

इजराइली सेना राफा पर हमले करने के लिए तैयार है...12

# एलजी ने केजरीवाल के खिलाफ NIA जांच की सिफारिश की

**● SFJ से फंड लेने का आरोप, ये बड़ी साजिश -AAP**

**दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है. आरोप है कि आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से उनको फंडिंग की गई है. एलजी को मिली शिकायत के मुताबिक, इस आतंकी संगठन से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को 16 मिलियन अमेरिकी डालर मिले.**

स्वतंत्र प्रभात

दिल्ली के एलजी वीके सक्सेना ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की सिफारिश की है. आरोप है कि आतंकी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' से उनको फंडिंग की गई है. एलजी को मिली शिकायत के मुताबिक, इस आतंकी संगठन से अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को 16 मिलियन अमेरिकी डालर मिले. ये रकम देवेंद्र पाल भुल्लर की रिहाई में मदद और खालिस्तानी विचारधारा को बढ़ावा देने के लिए मिली. इसी शिकायत पर एलजी वीके सक्सेना ने गृह मंत्रालय से केजरीवाल के खिलाफ एनआईए जांच की मांग की है. एलजी ने जनवरी 2014 में केजरीवाल द्वारा इकबाल सिंह को लिखे गए लेटर का भी जिक्र किया है. इसमें कहा गया है, आम आदमी पार्टी पहले भुल्लर की रिहाई की सिफारिश करेगी. फिर एसआईटी के गठन सहित अन्य मुद्दों पर काम होगा. भुल्लर की रिहाई के लिए इकबाल सिंह जंतर-मंतर पर अनशन पर बैठे थे. केजरीवाल का पत्र मिलने के बाद अनशन खत्म किया था. इस मामले में आतंकी पन्नू के एक वीडियो का हवाला दिया गया है. जिसमें उसके द्वारा जिक्र किया गया है कि साल 2014 से 2022 के बीच अरविंद केजरीवाल को खालिस्तानी समूहों द्वारा 16 मिलियन डालर मिले.

**किसने की शिकायत**

बताते चलें कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ वर्ल्ड हिंदू संगठन-इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशु मोंगिया ने शिकायत दी है. इसमें मांग की गई है कि आम आदमी पार्टी को मिले पैसे की जांच की जाए. इस पर जांच की सिफारिश में एलजी ने कहा है, 'शिकायतकर्ता ने एक वीडियो का जिक्र किया है, जो कि गुरपतवंत सिंह पन्नू (खालिस्तानी आतंकवादी और सिख फॉर जस्टिस का संस्थापक) का है'.



'वीडियो में आम आदमी पार्टी को 2014 और 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 16 मिलियन डॉलर की रकम दिए जाने का जिक्र है. साथ ही 2014 में न्यूयॉर्क के गुरुद्वारा रिचमंड हिल्स में केजरीवाल और खालिस्तान समर्थक के बीच मीटिंग की बात कही गई है. केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को वित्तीय सहायता के बदले देवेंदर पाल भुल्लर की रिहाई की सुविधा देने का वादा किया था'.

**'विधानसभा चुनाव से पहले भी ये साजिश की थी'**

एनआईए जांच की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी का बयान आया है. आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि एलजी साहब भारतीय जनता पार्टी के एजेंट हैं. बीजेपी के इशारे पर सीएम केजरीवाल के खिलाफ एक और बड़ा षड्यंत्र है. दिल्ली में सातों सीट हार रही बीजेपी बौखला गई है. पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भी बीजेपी ने ये साजिश की थी.

एलजी के आदेश के मुताबिक, इस मामले में वर्ल्ड हिंदू फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव आशू मोंगिया की तरफ से शिकायत मिली थी। केंद्रीय गृह सचिव को लिखे अपने खत में एलजी सक्सेना ने प्रतिबंधित %सिख फॉर जस्टिस% के सरगना और खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के एक कथित वीडियो का भी जिक्र किया है। कथित वीडियो में पन्नू ने आरोप लगाया है कि अरविंद केजरीवाल ने 2014 से 2022 के बीच खालिस्तानी समूहों से 1.6 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की थी। मोंगिया ने 1 अप्रैल को एलजी के पास शिकायत भेजी थी।

**आम आदमी पार्टी ने षड्यंत्र का लगाया आरोप**

वहीं एलजी द्वारा केजरीवाल के खिलाफ एनआईए की जांच की सिफारिश पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि स्न साहब भाजपा के एजेंट हैं। उन्होंने कहा कि ष्टरूकेजरीवाल के खिलाफ एक और बड़ा षड्यंत्र किया जा रहा है। यह षड्यंत्र भाजपा के इशारे पर किया जा रहा है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में सातों सीट हार रही है। हार के डर बीजेपी बौखला गई है और इस तरह का षड्यंत्र कर रही है। पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले भी बीजेपी ने ऐसी ही साजिश की थी।

# अस्तित्व विहीन हुआ उच्च प्राथमिक विद्यालय भवन

» 29 वर्ष पूर्व अढ़ियापुर गांव में बन रहा था विद्यालय भवन
» भवन निर्माता कर रहे थे मानक विहीन निर्माण कार्य
» तत्कालीन ग्राम प्रधान ने शिकायत कर रुकवाया था निर्माण कार्य
» निर्माण कार्य बंद होने के बाद आजतक नहीं बना नया विद्यालय भवन
» संकुल भवन में चलता है पूर्व माध्यमिक विद्यालय देबियापुर
» हेडमास्टर के अनुसार लगभग 200 छात्र छात्राएं हैं विद्यालय में नामांकित
» दो दशकों में बनाये गये तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष
» दो देबियापुर के संकुल भवन के आगे पीछे तथा एक अढ़ियापुर में बनाया गया अतिरिक्त कक्षा कक्ष
» अतिरिक्त कक्ष के अलावा नहीं है कोई पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना मूल भवन
» विद्यालय का पुराना अधबना भवन भी हो गया था जर्जर
» वर्ष 2023 में कर दिया गया नीलाम, हो गया ध्वस्तीकरण
» विद्यालय भवन की जमीन में धीरे धीरे हो रहा अवैध कब्जा

स्वतंत्र प्रभात

बिसवां। (सीतापुर)। सरकार की लाख कोशिशों के बावजूद बच्चों को अच्छी शिक्षा के लिये दी जाने वाली तमाम प्रकार की सुविधाओं से आज भी बच्चों को महरूम रखा जा रहा है। किसी भी जिम्मेदार की नजर इस ओर नहीं जा रही है। खाऊ कमाऊ नीति के चलते बच्चों के हितों को भी दरकिनार किया जा रहा है जिसका जीता जागता उदाहरण बिसवां विकास खण्ड की ग्राम पंचायत सुखावां कलां के देबियापुर गांव में बखूबी देखने को मिल रहा है जहां लगभग ढाई दशक से अधिकारियों की आंखों के सामने ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना कोई भवन न होने के बावजूद बराबर जूनियर कक्षाओं के बच्चों की पढ़ाई संकुल भवन और



अतिरिक्त कक्षा कक्षों में चल रही है। बताते चलें कि लगभग ढाई दशक से भी अधिक समय पहले वर्ष 1995 में ग्राम पंचायत के अढ़ियापुर गांव में सड़क किनारे खलिहान के बगल में पूर्व माध्यमिक विद्यालय के भवन का निर्माण शुरू कराया गया था जो मानक विहीन होने के कारण तत्कालीन ग्राम प्रधान बच्चूलाल की आपत्ति तथा शिकायत के बाद निर्माण रोक दिया गया था उसे ढाई दशकों से भी ज्यादा समय बीत जाने के बाद आज तक नहीं बनाया जा सका है। हेडमास्टर देवेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि तभी से पूर्व माध्यमिक विद्यालय देबियापुर के संकुल भवन में संचालित हो रहा है। इस समय अंतराल में तीन अतिरिक्त कक्षा कक्ष मिले जिनमें दो कक्षों का निर्माण संकुल भवन देबियापुर के आगे पीछे तथा अभी जल्दी में मिले कक्ष को अढ़ियापुर में विद्यालय की भूमि में बनवाया गया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना कोई निजी भवन नहीं है। संकुल भवन तथा इन्हीं दो कक्षों में बैठाकर बच्चों की पढ़ाई करायी जाती है।कई बार उच्चाधिकारियों को इस बारे में अवगत भी कराया गया लेकिन किसी ने भी ध्यान नहीं दिया।इस समय विद्यालय में लगभग पौने दो सौ बालक बालिकाएं पंजीकृत हैं। पूर्व माध्यमिक विद्यालय का अपना भवन न होने से परेशानी होती है। ग्राम प्रधान रमेश कुमार ने बताया बहुत प्रयासों के बावजूद अढ़ियापुर में विद्यालय भवन आज तक नहीं बनाया गया। हां इतना जरूर हो गया कि लगभग पच्चीस तीस साल पहले जो अधबना भवन पड़ा था वह देखरेख के अभाव में जर्जर हो गया था जिसकी पिछले साल विभाग द्वारा नीलामी कर दी गयी थी। नीलामी लेने वाले ने नींव व दीवारों की ईंटा निकाल लिया। विद्यालय की खाली जमीन पड़ी होने के कारण आसपास के ग्रामीण उस भूमि पर अवैध कब्जा करने के फिराक में हैं। अगर जल्दी ही कोई निर्णय नहीं लिया गया तो विद्यालय की जमीन पर धीरे धीरे कब्जा हो जायेगा। अढ़ियापुर में इसी भूमि पर बनाया गया अतिरिक्त कक्षा कक्ष भी इतने पैसा लगने के बाद भी निष्प्रयोज्य हो बंद पड़ा है।ऐसा न हो कि ढाई दशक पूर्व बनने वाले विद्यालय की तरह ही यह नया बना कक्ष भी बंद हालत में कहीं जर्जर न हो जाये।

इस सम्बन्ध में डी.सी. निर्माण विकास कुमार ने बताया कि विद्यालय के नवीन भवन के लिये प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेजा जा चुका है, जल्द ही पूर्व माध्यमिक विद्यालय का नया भवन बनाया जायेगा। एस बारे में खण्ड शिक्षा अधिकारी बिसवां शिव मंगल वर्मा ने बताया कि विद्यालय की खाली पड़ी जमीन पर अवैध अतिक्रमण की जानकारी हुई है। आगामी वित्तीय वर्ष में बजट मिलने पर विद्यालय का नया भवन उसी स्थान पर बनाया जायेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### पीड़ित के द्वारा कई बार दिया गया प्रार्थना पत्र नही हुई कार्यवाही



**महोली (सीतापुर)** थाना रामकोट के ग्राम चिन्हारा निवासी लवकुश त्रिपाठी पुत्र अनिल कुमार त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है। कि गांव में उनका पैतृक निर्माणाधीन मंदिर स्थित है । जिस पर गांव के दबंग राघवेंद्र दीक्षित , संतोष , सरला व पूर्व प्रधान जगदीश दबंगई के बल पर जबरिया कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित द्वारा आरोपियों के विरुद्ध कई शिकायती पत्र दिए जा चुके हैं। परंतु कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। इस लिए पीड़ित व्यक्ति ने मांमले का शिकायती पत्र जिलाधिकारी को देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग की हैं।

### बच्चों के विवाद में दो पक्षों में मारपीट



**मथुरा।** शहर के मोहल्ला लालाराम मार्ग में बच्चों के बीच हुए विवाद को लेकर एक ही समुदाय के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई, लाठी डंडे चले और पथराव हुआ। बवाल में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात पर काबू पाया। घटनाक्रम के अनुसार मामला मोहल्ला के कबाडे वाली गली का है। बताते हैं कि पर इकराम, मुस्तकीम और जाविर के बच्चों के बीच रविवार की रात किसी बात को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद विवाद बढ़ता चला गया। हालांकि मोहल्ले के लोगों ने मामला शांत करा दिया। लेकिन कुछ देर फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। फिर जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे के ऊपर पथराव किया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंच गई। पुलिस को देखकर झगडा कर रहे लोग भाग खडे हुए। पुलिस ने बताया कि इस मामले में तहरीर मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य एवं रसद विभाग मे अधिकारियों की मिलीभगत से सरकारी राशन तस्करी का चल रहा सिंडिकेट

**● गरीबों के सरकारी चावल का नारायण कमर्शियल सेंटर में चल रहा काला कारोबार।**

**एडीएम सिटी सप्लाई के आदेश के दो दिन बाद, नारायण कमर्शियल सेंटर डिप्टी आरएमओ निश्चल ने जांच में की लीपा पोती**

**मंडी परिषद सचिव रेनू वर्मा ने कहा मंडी में नहीं किया जाता खाद्य तथा रसद विभाग के चावल का क्रय विक्रय!**

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ-** राजधानी में बड़े पैमाने पर फैला हुआ है खाद्य तथा रसद विभाग में तस्करी का कारोबार बीते दिन सदर तहसील क्षेत्र के सीतापुर रोड स्थित अग्रसेन नगर ताड़ीखाना रुत्न गोदाम के पास नारायण कमर्शियल सेंटर के गोदाम में उत्तर प्रदेश सरकारी खाद्य तथा रसद विभाग के गरीबों का चावल हजारों कुंतल गोदाम में पाया गया था और हजारों खाद्य तथा रसद विभाग की खाली बोरियां गोदाम मे मौके पर मिली थी गरीबों के सरकारी चावल को प्लास्टिक की बोरियों में 50 किलो भरकर शाम ढलते ही रात के अंधेरे में फर्म स्वामी बबलू बाथम द्वारा अन्य जनपदों में भेज कर मोटे चावल का बड़े पैमाने पर कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है और खाद्यान्न माफिया अपनी जेबें भर रहे हैं। चल रहे इस पूरे काले कारनामे के बारे में जब एडीएम सिटी सप्लाई सहाब लाल से पूछा गया तो उन्होंने सरकारी खाद्यान्न विभाग के डीएसओ को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। वही डिप्टी आरएमओ निश्चल के साथ खाद्यान्न विभाग की टीम मौके पर शिकायत के 2 दिन बाद जांच करने पहुंची परंतु उससे पहले फर्म स्वामी बबलू बाथम ने सरकारी गरीबों के चावल को वहां से अन्य जगह स्थानांतरित कर दिया था।अगर एडीएम के आदेश का तत्काल संज्ञान लिया गया होता तो नारायण कमर्शियल सेंटर में हजारों कुंतल सरकारी चावल की बोरियों का खुलासा होता और कई चेहरे भी बेनकाब होते।

सरकारी खाद्य तथा रसद विभाग से गरीबों का चावल बोरियों में फोर्टीफाइड करके सरकारी दुकानों में भेजा जाता है। दैनिक



स्वतंत्र प्रभात में जिस तरह से इस खबर को प्रकाशित किया गया और फोटो में दर्शाया गया जिसका वीडियो भी मौजूद है। जिसको अधिकारियों के पास भी भेजा जा चुका है। उसमें या साफ जाहिर होता है। गोदाम में रक्खी सरकारी बोरियां व हजारों कुंतल मोटा चावल गोदाम में रक्खा पाया गया था। जबकि जांच करने पहुंची टीम के डिप्टी आरएमओ निश्चल का कहना है की जांच में ना तो गोदाम के अंदर मोटा चावल मिला और ना ही सरकारी बोरियां दिखाई पड़ी कहां जिसकी हमने रिपोर्ट बनाकर अपने उच्च अधिकारियों को भेज दिया है। जबकि नारायण कमर्शियल सेंटर में सरकारी खाद्यान्न चावल की तस्करी के कारनामे की सूचना जांच करने आए अधिकारी डिप्टी आरएमओ निश्चल को सर्वप्रथम दी गई थी परंतु व हीला हवाली करते हुए अपने अधिकारियों के निर्देश पर जांच करने का हवाला दिया और जांच में 2 दिन लगा दिए जिससे यह इनकार नहीं किया जा सकता है की जांच में लापरवाही नहीं बढ़ती गई हो क्योंकि जिस तरह से राजधानी में गरीबों के सरकारी चावल को बड़े पैमाने पर खरीद कर और उसे अन्य जनपदों में बेचकर मोटी रकम कमाने का यह कारनामा धड़ल्ले से चल रहा है। जिस पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति व खाद्य तथा रसद विभाग आंख मूंदे बैठा है। वही गोदाम फर्म स्वामी के द्वारा यह कहना कि सरकारी गरीबों का चावल बड़े पैमाने पर गल्ला मंडी में आता है और हम इसे खरीद कर प्लास्टिक की बोरियों में पैक कर बड़े पैमाने पर अन्य जनपदों में भेजा जाता है। जबकि इसकी जानकारी गल्ला मंडी व मंडी परिषद की सचिव रेनू वर्मा ने बताया हमारे यहां खाद्य तथा रसद विभाग का कोई भी सरकारी चावल यहां पर नहीं लाया जाता है और ना ही उसकी बिक्री की जाती है। फार्म मालिक बबलू बाथम यह बताएं कि वह इस सरकारी चावल को कहां से खरीदते हैं। जबकि मंडी में इस सरकारी मोटे चावल की बिक्री ही नहीं की जाती। यह जांच का विषय है। और इस तरह के सरकारी चावल की क्रय विक्रय करने वाले काले कारोबारीयो पर कार्रवाई होनी चाहिए। अब देखना या होगा की नारायण कमर्शियल सेंटर जैसे सरकारी राशन की तस्करी करने वालों पर जब कार्रवाई में हीला हवाली हो रही है तो ऐसे अन्य काले कारोबारीयो पर क्या कार्रवाई होती होगी या ऐसे ही डीएसओ और डिप्टी आरएमओ निश्चल जैसे अधिकारी जांच में लीपापोती कर जांच को प्रभावित करते रहेंगे।

## दस दिन तक चार लोगों ने किया गैंगरेप

कोतवाली में दर्ज है गुमशुदगी की रिपोर्ट

**शाहाबाद हरदोई।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दो अज्ञात लोगों समेत चार पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। महिला के पति ने कोतवाली में घटना की लिखित सूचना दी है।पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर जांच शुरू की है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के पति ने बताया उसकी पत्नी छोटी बच्ची को लेकर 25 अप्रैल को शाम शौच के लिए गई थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पीड़ित पति के प्रार्थना पत्र पर कोतवाली पुलिस ने 26 अप्रैल को उसकी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की थी। 6 मई को पति के पास फोन आया उसकी पत्नी ने बताया विपक्षी उसे हरदोई बस स्टैंड पर छोड़ गए है। जब वह पहुंचा तो पत्नी अस्त व्यस्त कपड़ों के साथ उसे मिली। बच्ची भी बीमार अवस्था में मिली। पत्नी ने बताया सफेद रंग की कार में उसे गांव निवासी विनय पुत्र राम रतन और अंशुल पुत्र खुशीराम अपने दो अज्ञात साथियों के साथ उसे जबरदस्ती लेकर गए थे। विपक्षी गणों ने उसके साथ अलग अलग स्थानों पर बारी बारी से दुष्कर्म किया। पुलिस में रिपोर्ट हो जाने के भय से उसे हरदोई रोडवेज बस स्टैंड पर छोड़कर विपक्षी भाग गए।कानूनी कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी भी देकर गए।घटना की लिखित सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने प्रार्थना पत्र लेकर मामले की तहकीकात शुरू कर दी है।

# अफीम ट्रांसपोर्टिंग घोटाले की जांच में लीपापोती की तैयारी

**● अभी तक फैक्ट्री के जीएम ने नहीं शुरू कराई कोई जांच**

**खराब अफीम की ट्रांसपोर्टिंग में हुआ था लाखों का घोटाला**

स्वतंत्र प्रभात

**गाजीपुर।** एशिया की सबसे बड़ी ओपियम फैक्ट्री में अब घोटाले का धुंआ चारों ओर फैलने लगा है। खराब अफीम की ढुलाई के नाम पर खर्च की गई लाखों की रकम की जांच अभी तक मुख्य नियंत्रक वित्त नई दिल्ली के आदेश के बावजूद शुरू नहीं हो सकी है। इसको लेकर सवर्ण विकास मंच कायस्थ विंग के संगठन महामंत्री एवं शिकायतकर्ता अनिल कुमार श्रीवास्तव ने सुप्रीमकोर्ट में याचिका दाखिल करने की चेतावनी दी है। उन्होंने दावा किया है कि अगर जांच हुई तो जीएम से लेकर भुगतान करने वाले अफसरों की गर्दन नपनी तय है। इसको लेकर फैक्ट्री में एक बार फिर हड़कंप की स्थिति बनी हुई है।

बता दें कि बीते वर्ष सितंबर से अक्तूबर के बीच कचरा होकर खराब हुई अफीम को जलाने का आदेश वित्त मंत्रालय के अफसरों ने दिया था। इसके लिए यहां के फैक्ट्री प्रबंधन ने डाला सीमेंट फैक्ट्री सोनभद्र के अफसरों से एक समझौता किया। उसके अनुसार दर्जनों ट्रकों में लदकर खराब अफीम का कचरा डाला सीमेंट फैक्ट्री में गया। इसका ट्रक भाड़ा उम्मीद से अधिक दिखाया गया। इसके साथ ही डीसीएम भी किराए पर लिए गए। बाजार मूल्य से अधिक भाड़ा और सैकड़ों चक्कर दिखाकर फैक्ट्री के अफसरों ने ट्रांसपोर्टिंग के नाम पर लाखों रूपये गटक लिए। यह खेल हर वर्ष होता रहा। इसकी जानकारी तब हुई जब एजुकेशन कार्ड की मांग कर रहे सवर्ण विकास मंच कायस्थ विंग के प्रदेश संगठन मंत्री अनिल कुमार श्रीवास्तव गुड्डू ने बीते 8 अप्रैल को आरटीआई के माध्यम से प्रबंधन के साथ ही



अफीम फैक्ट्री की प्रोफाइल फोटो

दिल्ली में बैठे वित्त मंत्रालय के अफसरों से लिखित में जवाब मांगा।

यह पत्र जैसे ही मंत्रालय के साथ ही फैक्ट्री के अफसरों तक पहुंचा, सभी के हाथ पांव फूल गए। क्योंकि सब कुछ रिकार्ड में है। जबकि अधिक ट्रकों से ढुलाई दिखाकर पूरा पैसा सरकारी हजम कर लिया गया। बीस दिन से अधिक समय होने के बावजूद अभी तक वित्त नियंत्रक के आदेश के बाद भी जांच शुरू नहीं हो सकी है। सूत्रों की मानें तो प्रशासनिक अधिकारी दिलीप सक्सेना जांच कर रहे हैं। और उन पर अधिकारी लगातार जांच में लीपापोती का दबाव बना रहे हैं। जबकि शिकायत कर्ता का कहना है कि इस घोटाले की जांच किसी बाहर के अफसर से कराया गया तो बड़ा घोटाला सामने आएगा। अफसरों ने अभी तक अनिल श्रीवास्तव के आरटीआई का भी जवाब नहीं दिया है। आरटीआई का जवाब नहीं मिलने से यह बात तो सच हो गई है कि कुछ तो गड़बड़ है। इसलिए अफसर कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं।

## एक ऐसा गांव जहां पीने को एक बूंद पानी नहीं नसीब



स्वतंत्र प्रभात

**असोहा (उन्नाव)।** ब्लाक मुख्यालय से डेढ़ किलोमीटर पर स्थित एक बदनसीब गांव ऐसा भी है जहां की लगभग ढाई सैकड़ा आबादी के लिए आज भी पीने को पानी नसीब नहीं हो सका है लेकिन हर पार्टी के नेता क्षेत्र के बिकास की बड़ी बड़ी डींगे मारते हैं। असोहा ब्लाक क्षेत्र का यह गांव है हरनाम खेड़ा, इस गांव में केवल लोधी तथा पासी समाज के लोग रहते हैं मदारी खेड़ा ग्राम पंचायत का यह अभागा गांव आज से नहीं बहुत लम्बे समय से पीने के पानी का मोहताज है, यहां के लोगों ने एक स्वर से कहा कि हम लोगों को हर पार्टी ने विकास का वादा करके केवल ठगा है, गांव वालों का कहना है कि पूरी आबादी गांव से दूर जाकर पीने के लिए पानी लाते है, तकरीबन दो दशक पूर्व गांव में एक दो कुएं थे तब तक तो पानी पीने को गांव में नसीब होता था लेकिन जब से कुएं सूख गए तब से पानी की समस्या पूरा गांव झेल रहा है। गांव वालों ने बताया कि अभी तक हमारे यहां न तो समाजवादी पार्टी, नहीं भारतीय जनता पार्टी नहीं बसपा किसी भी पार्टी का कोई नेता वोट मांगने नहीं आया, यहां के लोगों ने हम लोगों ने न तो भाजपा प्रत्याशी साक्षी महराज को कभी देखा, ना ही समाजवादी पार्टी की अन्नू टंडन को कभी देखा और बसपा के अशोक पाण्डे का तो आज तक उन्होंने नाम ही सुना है। फिलहाल असोहा ब्लॉक का यह हरनाम खेड़ा विकास से कोसों दूर है, यहां के लोगों को चुनाव को लेकर कोई दिलचस्पी नहीं है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## बसपा ने बस्ती से बदला प्रत्याशी लवकुश पटेल ने बसपा से दाखिल किया अपना नामांकन

**बस्ती-** बस्ती जिले मे बहुजन समाज पार्टी ने संत कबीर नगर डुमरियागंज जौनपुर के बाद अब बस्ती लोकसभा क्षेत्र 61से भी अपना उम्मीदवार बदल दिया है, बीजेपी से बगावत कर बसपा में शामिल हुए दयाशंकर मिश्र को बसपा ने पहले अपना उम्मीदवार बनाया था अब उनका टिकट काट कर लवकुश पटेल को बनाया अपना उम्मीदवार लवकुश पटेल ने आज 2:20 पर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन दाखिल कर दिया/.

उम्मीदवारी के आश्वासन पर दयाशंकर मिश्र ने बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की थी और उन्होंने 1 मई को अपना नामांकन सादगी के साथ दाखिल किया था और उसी के साथ हुआ चुनाव प्रचार में भी लग गए थे परंतु बहुजन समाज पार्टी ने आज उनको झटका देते हुए उनकी उम्मीदवारी निरस्त कर लवकुश पटेल को अपना उम्मीदवार बनाया.

वहीं लोगों का कहना है कि बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष जय हिंद गौतम, कल्पनाथ व के के गौतम ने मिलकर दिनेश चंद्र से दयाशंकर मिश्र का टिकट कटवा दिया . अब देखना यह है कि एक दिन पहले ही कभी बहुजन समाज पार्टी न छोड़ने का वादा कर रहे दयाशंकर मिश्र अब क्या इस पड़ प्रतिक्रिया देते हैं

## महादेवा विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन मे मंत्री ने बूथअध्यक्षों को दिया जीत का मंत्र



**बस्ती।** बस्ती जिले के महादेवा विधानसभा के बोकनर में स्थित एक मैरज हॉल में भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नंदी' मुख्य अतिथि के रूप में रहे। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र ने की। कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता 'नंदी' ने बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में 400 पार के साथ भाजपा की सरकार बनने जा रही है। साथ ही उन्होंने कहा की आज प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति बेहतर हुई है, जिससे प्रदेश में निवेश भी आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सुनिश्चित किया की देश में एक भी व्यक्ति भूखा न रहे। जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र ने कहा 2024 का चुनाव देश-दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र है। अनुकूल परिस्थितियों में भी भाजपा के प्रत्येक बूथ अध्यक्ष का दायित्व बनता है कि वह प्रधानमंत्री मोदी के उस संकल्प के साथ जुड़े, जिस संकल्प के साथ मोदी ने कहा था बूथ जीता तो चुनाव जीता। लोकसभा प्रभारी सेतभान राय, पूर्व विधायक रवि सोनकर, केडी चौधरी, विधानसभा प्रभारी राजेंद्र गौड़, अश्वनी उपाध्याय, संयोजक महेश सोनकर, रामचरन चौधरी, अमृत वर्मा, दिलीप पाण्डेय, अखिलेश शुक्ल, दुर्गेश अग्रहरी, अनुराग शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## बस ट्रक की भिड़ंत हादसे में 8 लोग हुए घायल..



**बस्ती।** नेशनल हाईवे पर फुटहिय ओवर ब्रिज के पास हुआ भीषण सड़क हादसा। सवारी से भरी बस सरैया नवीन मंडी खलीलाबाद से अयोध्या के लिए जा रही थी ,जो की उल्टे साइड खड़े ट्रक में जाकर सामने से टकरा गई। हादसे में लगभग आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसको 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल पर भर्ती कराया गया। जिसमें आसिफ अली उम्र 30 वर्ष पुत्र सुभान अली, शाहवान अली उम्र 35 पुत्र इस्लाम अली यह लोग रतनपुर राय हरिया के रहने वाले हैं इनके अलावा सरोज देवी उम्र 42 वर्ष पत्नी श्री राम यादव, श्रीराम यादव उम्र 50 वर्ष एवं राजवीर 1 वर्ष जो कि अयोध्या दर्शन के लिए जा रहे थे। ममता 20 वर्ष पुत्र जितेंद्र इन सभी के साथ बस चालक, और कंडक्टर भी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा भीषण सड़क हादसा देखकर एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन लगाया गया कुछ ही समय में 108 की 4 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंच गई और प्राथमिक उपचार करते हुए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनका उपचार चल रहा है।

# भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने चिकित्सकों के साथ की बैठक; शतप्रतिशत मतदान के लिए किया गया प्रेरणा

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** चिकित्सा प्रकोष्ठ भाजपा बस्ती द्वारा चिकित्सकों की एक बैठक भाजपा चुनाव कार्यालय मालवीया मार्ग पर सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर महानगर के महापौर डा0 मंगलेश श्रीवास्तव ने चिकित्सकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एक चिकित्सक सैकड़ों परिवारों से जुड़ा रहता है, वह सैकड़ों परिवार चिकित्सक पर आंख मूंद कर विश्वास करता है, हम चिकित्सकों का दायित्व बनता है हम अपने से जुड़े परिवारों को मतदान का महत्व समझायें और प्रेरित करें कि मतदान शतप्रतिशत हो।

भाजपा के यशस्वी जिलाध्यक्ष विवेकानंद मिश्र जी ने कहा कि चिकित्सक समाज का रीढ़ है बुद्धिजीवी और मार्गदर्शक हैं समाज अपने चिकित्सक की बात अवश्य ही मानता है ऐसे में चिकित्सक की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है चिकित्सक को भी चाहिए अपने से जुड़े लोगों को देश,समाज और विकास पर मतदान करने के लिए प्रेरित करें ।जाति धर्म से उपर उठकर मतदान करें और मतदान अवश्य करें।करे

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डा0 वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जनपद में विभिन्न चिकित्सा विधाओं में लगभग 2000 चिकित्सक जनता की सेवा में अनवरत अपनी सेवाएं दे रहे हैं समाज में चिकित्सक ही वह वर्ग है जो अनेकानेक परिवारों से व्यक्तिगत जुड़ा रहता है यदि चिकित्सक ठान लें तो पूरे देश में बदलाव ला सकता है, बदलाव तभी आ सकता है जब नागरिक अपने मत के अधिकार को पहचानें, मतदान करें और उचित जगह मतदान करें।

चिकित्सा प्रकोष्ठ के सहसंयोजक डा0 वी के श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यक्रम में एलोपैथ, होम्योपैथ, आयुर्वेद और योग से जुड़े तमाम चिकित्सक उपस्थित हैं सभी अपनी विधाओं से समाज की सेवा कर रहे हैं देश की सरकार ने आयुष, आयुर्वेद और योग के क्षेत्र में काफी काम किया है योग के द्वारा भारत विश्व में प्रथम स्थान हासिल है विश्व हमारी तरफ देख रहा है जिस सरकार ने विश्व को हमारी तरफ देखने को मजबूर किया है हमें इस सरकार को पुनः वापस लाना चाहिए। चिकित्सा प्रकोष्ठ के सह संयोजक डा0नवीन सिंह ने कार्यक्रम का कुशल संचालन करते हुए कहा कि चिकित्सकों की एकजुटता और समाज को जागरूक करने की प्रेरणा समाज का एक नयी दिशा दे सकती है।डा0 नवीन सिंह ने सभी चिकित्सकों का आह्वान किया कि हम स्वयं भी परिवार के साथ मतदान करने जायें और अपने से जुड़े परिवारों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डॉ एन प्रजापति, अखिलेश चौधरी संजय पटेल डॉ योगेंद्र प्रसाद, डॉ अरविंद गुप्ता, दो जीपीएस शुक्ला डॉक्टर डीके सिंह, डॉ नरेंद्र कुमार त्रिपाठी, राकेश सिंह, श्रीकांत चौधरी, डॉक्टर पवन कुमार मिश्रा, अखिलेश चौधरी, संजय पटेल, निरंकार शुक्ला, दीपिका पांडेय, डॉक्टर महेंद्र सिंह, डॉक्टर हरिश्चंद्र पांडे, डॉ राघवेंद्र सिंह, डीके श्रीवास्तव, लक्ष्मीकांत पांडेय, डॉ अरविंद कुमार पांडे, डॉ तरुण कुमार शुक्ला, उपेंद्र कुमार जवाहरलाल, धर्मेंद्र कुमार पांडे, डा0शैलेंद्र कुमार त्रिपाठी, डॉ सी के सिंह, डाक्टर महेंद्र प्रताप सिंह के .एन. यादव ,डॉ एसपी पांडेय,डॉ अनिल मिश्रा,डा0अनिल पाण्डेय,डा0 अनिल मिश्र,डा0 के एन पाठक,डा0 अरविन्द गुप्ता, डा0 डी के गुप्ता,डा0 वेद प्रकाश पांडेय, सन्नो दुबे, राम मोहन पाल, सूर्य प्रताप सिंह, डॉ पूजा श्रीवास्तव, डॉ मनोज श्रीवास्तव, गरुणध्वज पांडेय, आदित्य नारायण गिरी, आदि चिकित्सक मौजूद रहे।

# न्यायालय ने तीन आरोपियों को सुनाया आठ वर्ष का कारावास

स्वतंत्र प्रभात




**बस्ती।** बस्ती जिले में वादी लालजी अग्रहरी द्वारा थाना लालगंज पर दिनांक 08.03.2017 को तहरीर दिया गया कि हरेन्द्र पाल व बालेन्द्र पाल पुत्र भैरो पाल ग्राम तेनुऊ. धाना लालगंज आये और प्रार्थी की ट्रैक्टर ट्राली मांगने लगे, ट्राली खाली न होने की बात मेरे द्वारा बताये जाने की बात पर हरेन्द्र पाल ने गाली देते हुए कहा, तुम्हे गोली मार दूँगा, प्रार्थी को जान से मारने की धमकी देते हुए दोनों लोग घर चले गये, थोड़ी ही देर में हरेन्द्र पाल के साथ मोन्टी पाल पुत्र रणविजय पाल व मनीष पाल पुत्र लाल मोहन पाल ग्राम तेनुआ थाना लालगंज, अवैध हथियारों से लैस होकर आये और प्रार्थी को भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हुए अंधाधुन्ध फायरिंग शुरू कर दिये, प्रार्थी किसी तरह घर में घुसकर अपनी जान बचा सका तीनों लोगों ने प्रार्थी के घर में घुसकर भी फायर किया और प्रार्थी की ट्राली को जबरिया अपने ट्रैक्टर में जोड़कर लेकर चले गये। प्रार्थी के घर में घुसकर प्रार्थी को जान से मारन के लिए गोली चलाने वाले हरेन्द्र पाल, मोन्टी पाल व मनीष पाल से प्रार्थी व उसके परिवार वालों को जान-माल का खतरा है। वादी द्वारा थाने पर दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर थाना लालगंज पर अभियुक्तगण हरेन्द्र पाल .बालेन्द्र पाल . मोन्टी पाल मनीष पाल के विरुद्ध धारा 307, 382, 452, 504, 506 IPC पंजीकृत किया गया। दौरान विवेचना, विवेचक ने वादी व साक्षियों के बयान अंकित किया एवं घटना स्थल का निरीक्षण कर अभियुक्तगण हरेन्द्र पाल, बालेन्द्र पाल, मोन्टी पाल व मनीष पाल के विरुद्ध आरोप पत्र अंतर्गत धारा 307/34, 382, 452/34, 504, 506 IPC में मा0 न्यायालय में प्रेषित किया।पुलिस अधीक्षक बस्ती के निर्देशन में पैरवी सेल बस्ती एवं थाना लालगंज पुलिस की सशक्त व प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वितीय बस्ती द्वारा अभियुक्त हरेन्द्र पाल पुत्र भैरव पाल मोन्टी पाल पुत्र भैरव पाल 3. मनीष पाल पुत्र लाल मोहन पाल निवासीगण ग्राम तेनुआ थाना लालगंज जनपद बस्ती को 08 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को रुपये 15,000- के अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में सचिव एवं तकनीकी सहायक के मिली भगत से तीन मनरेगा साइडों का हुआ फर्जी भुगतान

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** बस्ती जिले केसल्टौवा गोपालपुर ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में दिनांक - 21-04-2024 को सोशल मीडिया पर आनलाइन फर्जी मस्टर रोल जारी करके ग्राम प्रधान राजमणि , सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक ( जेई ) की मिलीभगत से फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगने की खबर वायरल हुई थी । जिसमें तीन साइड पर मनरेगा कार्य कार्य धरातल पर न कराकर कागज में पूर्ण हो रहा था जिसमें प्रथम साइड उत्तर धोबी घाट पर कपड़ा सुखाने हेतु खाली जमीन पर मिट्टी पटाई कार्य जेसीबी मशीन से खुदाई कार्य हुआ था परन्तु आनलाइन मास्टर रोल जारी करके फर्जी मनरेगा मजदूरों की हाजिरी लगाई जा रही थी दूसरा कार्य अमृतसर सरोवर के बगल मिट्टी पटाई कार्य एवं तीसरा कार्य बैरिहवां जाने वाले मार्ग के पश्चिम कब्रिस्तान तक कृषि कार्य हेतु चक मार्ग निर्माण कार्य मात्र कागज में चल रहा था जिसका खुलासा धरातलीय पड़ताल के बाद मीडिया टीम ने किया था और ग्रामीणों ने भी ग्राम प्रधान राजमणि के काले कारनामे के बारे में मीडिया टीम जानकारी दिया था । तीनों मनरेगा साइडों को मिलाकर 151 मनरेगा मजदूरों की फर्जी हाजिरी लग रही थी । आनलाइन मस्टर रोल दिनांक - 11-04-2024 से 26-04-2024 तक जारी हुआ था । इस संबंध में ग्राम प्रधान राज मणि ,सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक गोपाल ने मीडिया टीम से कहा था कि फर्जी चल रहे मनरेगा कार्यो की गोपनीयता भंग हो गई है तीनों साइडों का आनलाइन जारी मास्टर रोल जीरो करवा दिया जाएगा । परन्तु सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक गोपाल ने मीडिया को गुमराह करते हुए तीनों साइडों का फर्जी भुगतान करा दिया है और ग्राम प्रधान राज मणि भी धड़ल्ले से फर्जी भुगतान लेने से नही चुक रहे हैं सचिव अंकुर कुमार और तकनीकी सहायक ( जे ई ) गोपाल को मनचाहा कमीशन देकर सरकारी धन को खाली करने में सफल है । खण्ड विकास अधिकारी सल्टौवा गोपालपुर भी ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम के भ्रष्टाचार के गाल में समा गए हैं । खण्ड विकास अधिकारी की निष्क्रियता से ग्राम प्रधान , सचिव एवं तकनीकी सहायक भ्रष्टाचार करने में मस्त हैं ।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिव अंकुर कुमार ने तीन मनरेगा साइडों की फर्जी मास्टर रोल पर ग्राम प्रधान राजमणि से मोटी रकम लेकर हस्ताक्षर करके फर्जी भुगतान करने में हम भूमिका निभाई है और तकनीकी सहायक गोपाल ने भी तीनों मनरेगा साइडों का फर्जी एम बी कर दिया । फर्जी सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक गोपाल को अपने मनचाहा कमीशन से मतलब रहता है चाहे ग्राम प्रधान मनरेगा कार्य धरातल पर कराये या कागज में कराये । सचिव अंकुर कुमार एवं तकनीकी सहायक गोपाल के द्वारा बिना मनरेगा मजदूरों से कार्य कराये फर्जी भुगतान कराने को लेकर जिले में तरह-तरह की चर्चा चल रही है । इससे स्पष्ट है कि ग्राम पंचायत मधवापुर प्रथम में यदि मनरेगा कार्यों की जांच निष्पक्ष रूप से की जाए तो कई जिम्मेदारों पर गाज गिर सकती है ।

# नव विवाहिता का फांसी के फंदे से लटकता मिला शव

स्वतंत्र प्रभात

**अंबेडकरनगर।** अज्ञात कारणों के चलते नव विवाहिता ने मायके में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंचे क्षेत्र अधिकारी, नायब तहसीलदार व थाना प्रभारी ने आवश्यक जानकारियां लेते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजवा दिया। घटना अहिरौली थाना क्षेत्र के नंदूपुर गांव की है। जानकारी के अनुसार श्याम लाल राजभर ने अपनी 24 वर्षीय पुत्री आरजू की शादी बाला पैकौली गांव में संदीप के साथ बीते फ़रवरी माह में की थी। रविवार की देर शाम आरजू ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके में की गई आत्म हत्या को लेकर तरह तरह की चर्चायें हो रही हैं। थाना प्रभारी विवेक वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया गया है। विभिन्न पहलुओं पर जॉच की जा रही है।

# चेयरमैन बलरामपुर के एक अपील पर भाजपा के नामांकन, जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर।** छोटा परेड ग्राउण्ड में सोमवार को लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्र व गैसड़ी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू के नामांकन से पूर्व जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत विरोधी ताकतें नरेन्द्र मोदी की सरकार नहीं बनने देना चाहती हैं। विरोधी दल उन्हीं के ऐजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा ने देश में विकास यात्रा शुरू की है। भ्रष्टाचारी घबराये हैं। 400 सीट जीतने से लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा ऐसा दुष्प्रचार कर रहे हैं। 10 साल से भाजपा की सरकार चल रही है। लोकतंत्र को हमेशा मजबूत करने का काम भाजपा सरकार ने किया है। लोकतंत्र के मंदिर में प्रवेश करने से पहले संसद के सामने पीएम मोदी ने माथा टेका था। बाबा साहब का बनाया संविधान है। इससे कोई छेड़छाड़ नहीं होगा। मोदी ने जो कहा वह पूरा किया। सूबे में सपा सरकार के समय बिजली आती नहीं थी। योगी की सरकार में बिजली जाती नहीं है। 4 जून के बाद 70 साल से उपर के सभी लोगों को पांच लाख की निशुल्क इलाज की गारंटी मिलेगी। देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए मोदी जी को 400 सीट चाहिए। भारत माता की जय नहीं बोलने वाले टुकड़े टुकड़े गैंग को रास्ते पर लाने के लिए 400 सीटें चाहिए। मोदी जी ने कहा है कि 370 मैंने हटा दिया है अब आप हर बूथ पर पिछली बार से 370 वोट बढ़ाना होगा। विपक्ष के उम्मीदवार की जमानत जब्त हो जाएगी। 25 तारीख को चुनाव है। लोकसभा में कमल खिलेगा तो सीट का आंकड़ा 400 पार होगा और समान नागरिक संहिता लागू होगी। कांग्रेसियों ने अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए धारा 370 लगायी थी। भाजपा पावर में नहीं आती तो 370 नहीं हटती। भाजपा ने तीन मुख्य वादे किए थे। धारा 370 हटाना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण व समान नागरिक संहिता। दो काम पूरे हो चुके हैं। अब समान नागरिक संहिता लागू करना है। भाजपा के तीन मुख्य वादों में से धारा 370 हटाने और अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के वादे पूरे हो चुके हैं। समान नागरिक संहिता का वादा इस बार सरकार बनने पर पूरा होगा। सपा सापनाथ है, बसपा नागनाथ कांग्रेस कालिया नाग है। मोदी के टक्कर का कोई नेता देश में नहीं है। विपक्ष के पास न कोई नेता है और न ही मुद्दा है। भारत विरोधी ताकत मोदी को सरकार बनाने नहीं देना चाहते। मोदी को प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाने के लिए विपक्ष सभी हथकंडे अपना रहा है। प्रधानमंत्री राजीव गांधी बोलते थे एक रूपया जाता है तो 15 पैसा पहुंचता है। 34 लाख करोड़ रूपए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लोगों के खाते में पहुंचा है। और कोई पार्टी की सरकार होती तो ये पैसा वह डकार गए होते। इसीलिए मोदी जी को प्रधानमंत्री नहीं बनने देना चाहते। 10 साल जो सरकार चली है वह ट्रेलर था। असली पिक्चर 4 जून के बाद दिखेगी। मोदी जी की गारंटी की गारंटी है। आपने कमल का बटन दबाया तो मंदिर में माथा टेकने को सभी नेता को मजबूर होना पड़ा। महाराणा प्रताप की मूर्ति का अपमान किया है सपाइयों ने जिसने अपमान किया है उन्हें इसकी सजा मिलेगी। कमल का फूल खिलाकर सजा मिलेगी। साकेत को सांसद। शैलू को विधायक बनाना है। सपा वाले मेरे प्रति अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। हम आरएसएस के लोग हैं। किसी को अपशब्द नहीं कहते। कमल का बटन दबाकर इनका जवाब देना है। गरीब को अमीर बनाने वाला चुनाव समझकर कमल का बटन दबाइये। उन्होंने लोकसभा प्रत्याशी साकेत मिश्रा व गैसड़ी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश शैलू को जिताने की अपील मौजूद लोगों से की। सभा में लोकसभा प्रभारी अवधेश श्रीवास्तव, लोकसभा संयोजक शंकर दयाल पांडे, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी, पदम सेन चौधरी,डा. अजय सिंह पिंकू, पूर्व मंत्री हनुमत सिंह, जिला उपाध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी, महामंत्री वरुण सिंह मोनू , रवि मिश्रा, बिंदु विश्वकर्मा, जिला मंत्री अवधेश तिवारी तरुण, जिला मीडिया संयोजक अवधेश पांडे,ब्लाक प्रमुख गोविंद सोनकर मनोज तिवारी, जगदंबा सिंह विक्की सिंह आदि मौजूद थे।

# बस्ती का 159 वां स्थापना दिवस मनाया गया

● महर्षि वशिष्ठ की इस पावन भूमि का गौरवशाली इतिहास स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। श्री राना ने कहा कि स्वतंत्रा संग्राम में बस्ती के रणबाकुरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। राणा दिनेश प्रताप सिंह

स्वतंत्र प्रभात



**बस्ती।** आज बस्ती का 159 वाँ स्थापना दिवस समारोह धूम धाम से मनाया गया। प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में 11 किलो का केक काटा गया और सभागार में खचाखच भरी भीड़ ने बोला हैप्पी बर्थडे बस्ती। बस्ती के थीम सॉन्ग ÷नगर है ये खास नाम इसका बस्ती÷ पर जमकर डांस हुआ । काव्य गोष्ठी और परिचर्चा में बस्ती के पौराणिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक पन्नो को उकेरा गया। कार्यक्रम संयोजक राना दिनेश प्रताप सिंह ने देश और दुनिया में बसे सभी बस्ती वासियों को स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि जनपद के विकास और सम्मान में हम सभी को अपनी भूमिका तय करनी होगी। उन्होंने कहा कि महर्षि वशिष्ठ की इस पावन भूमि का गौरवशाली इतिहास स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। श्री राना ने कहा कि स्वतंत्रा संग्राम में बस्ती के रणबाकुरों ने देश के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया था। पत्रकार प्रदीप पांडेय ने आयोजन की सराहना करते हुए बस्ती की स्थापना से वर्तमान की स्थितियों पर विस्तार से विचार रखा। डा राम कृष्ण लाल जगमग ने अपने मुक्तकों से सभी को भाव विभोर कर दिया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष विनोद उपाध्याय ने बस्ती की गाथा सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कवि अफजल हुसैन , डा अजीत श्रीवास्तव, अर्चना श्रीवास्तव ने अपनी कविताओं से बस्ती की प्रशंसा किया। मास्टर शिव के शिष्य आदित्य के नृत्य ने सभी को दांतो तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन भजन गायक अविनाश श्रीवास्तव ने किया जबकि अध्यक्षता पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भाजपा नेता कपिलदेव सिंह मम्मू ने किया। इस अवसर पर वशिष्ठ मंदिर के अध्यक्ष शतीश मिश्रा, कोरियोग्राफर अश्वनी राज,अपूर्व शुक्ला, परमात्मा मधेशिया, बिनेंद्र सिंह, शतेंद्र श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# देश में पहली बार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार बनी है-ए. के. शर्मा

स्वतंत्र प्रभात



**अंबेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी की अकबरपुर और जलालपुर विधान सभा क्षेत्रों के बूथ अध्यक्ष,शक्ति केंद्र संयोजक/ प्रभारी/प्रवासी और बी एल ए टू का सम्मेलन जिला मुख्यालय स्थित एक प्रतिष्ठित विद्यालय और मैरेज लॉन जलालपुर में मुख्य अतिथि नगर विकास एवम ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ने कहा कि भाजपा में बड़े से लेकर बूथ स्तर तक के कार्यकर्ताओं में उत्साह और अनुशासन देखने को मिलता है। कहा कि देश में पहली बार गरीबों की चिंता करने वाली सरकार बनी है।जिसने देश के गरीबों को फ्री में राशन दे रही है।देश में अनाज का भण्डार भंडार कांग्रेस की सरकार में सड़ जाया करता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार में अनाज सड़ता नहीं है अपितु गरीबों को भोजन के लिए सरकार फ्री राशन उपलब्ध करा रही है। देश के गृहमंत्री के वीडियो में छेड़ छाड़ कर संविधान को खत्म करने वाला बयान विपक्ष द्वारा जारी करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी संविधान को पूरी तरह से लागू करवा रहे हैं।कांग्रेस गठबंधन अनुसूचित वर्ग और पिछड़े वर्ग की आरक्षण में से धर्म विशेष को देने की योजना पर काम कर रही हैं।देश में मोदी जी को बड़े काम करने हैं जिसके लिए 4 सौ से अधिक सीटों की जरूरत है।भविष्य के भारत का निर्माण मोदी जी कर रहे हैं। लोक सभा प्रत्याशी रितेश पाण्डेय ने कहा कि हमारे बूथ का कार्यकर्ता संगठन की नीव और रीढ़ है।भाजपा देश को नई दिशा देने का कार्य कर रही है। आने वाले समय में लोक सभा क्षेत्र को विभिन्न सुविधाओं के मामलों में और बेहतर बनाया जायेगा।टांडा मेडिकल कालेज में ट्रामा सेन्टर के साथ ही अन्य चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे।मोदी देश की 125 करोड़ जनता को अपना परिवार समझते हैं। लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए जन सम्पर्क कर जोर दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष ने नगर विकास मंत्री का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की अथक परिश्रम और पुरुषार्थ से भाजपा प्रत्याशी भारी मतों से जीत दर्ज करेगा। संचालन जिला महामंत्री बाबा राम शब्द यादव ने किया। मंत्री ए के शर्मा ने कांग्रेस चेयर मैन पूर्व प्रत्याशी ललित मोहन श्रीवास्तव,पूर्व प्रधान ओम प्रकाश गुप्ता,पूर्व सभासद छोटे लाल को साथियों सहित भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया। सम्मेलन में मुख्य रूप से लोक सभा प्रभारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, भाजपा जिलाध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा,पूर्व जिलाध्यक्ष राम प्रकाश यादव,ज्ञान सागर सिंह,यमुना प्रसाद चतुर्वेदी,रमाशंकर सिंह,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष भारती सिंह,सुधा वर्मा,विधान सभा प्रभारी मनोज मिश्र,संयोजक आदर्श चौधरी,जिला उपाध्यक्ष डाक्टर राना रणधीर सिंह,डाक्टर रजनीश सिंह,जिला महामंत्री अमरेंद्र कांत सिंह,दिलीप पटेल देव, जिला/लोक सभा मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, सरिता गुप्ता,आनंद वर्मा,चंद्रिका प्रसाद, विनय पाण्डेय, दीपक तिवारी, पंकज वर्मा, बजरंगी पाठक, मण्डल अध्यक्ष शिव पूजन राजभर,शशि द्विवेदी,अरविंद सिंह डिंपू, पंकज प्रजापति, देवेश मिश्र,अनिल वर्मा, राजा राम मौर्य, सुनील गुप्ता, शुभम पाण्डेय, रवींद्र भारती, प्रभारी सुधांशु त्रिपाठी, अमरनाथ सिंह, कपिल देव तिवारी, मनीष मिश्र आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त ख़बरें

### सूने पड़े मकान से अज्ञात चोरों ने उड़ाई नगदी व लाखों के जेवरात



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के कानपुर रोड पर पूरे जबर सिंह मजरे धनाभाद गांव में शनिवार की रात को अज्ञात चोरों ने एक सूने पड़े मकान को अपना निशाना बनाया। कमरों का ताला तोड़कर घर में रखे लाखों कीमत के सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार नगदी पार कर दी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। गांव निवासी मेंराज वारसी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि शनिवार को वह परिवार के साथ अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने गया था। रात में वह वहीं रुक गया। वारदात के समय घर में कोई मौजूद नहीं था। रविवार को जब वह वापस आया तो देखा कि उसके दरवाजे में लगा ताला टूटा पड़ा था। अंदर जाने पर सामान बिखरा पड़ा देखकर उसके होश उड़ गए। अज्ञात चोरों ने घर में रखी आलमारी व अलग-अलग बक्सों में रखे करीब तीन लाख कीमत के जेवरात व 50 हजार नगद चोरी कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगाई है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

### किशोरी को बहला फुसलाकर भगाने का लगाया आरोप

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक महिला ने गांव के ही एक युवक पर उसकी 17 वर्षीय बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले जाने का आरोप लगाया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवक व उसके सहयोगियों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है। गांव निवासिनी पीड़िता ने बताया रविवार की रात करीब दो बजे गांव का ही युवक उसकी बेटी को अपने साथ बहला फुसला कर कहीं भाग ले गया। बेटी अपने साथ 18 हजार रुपए नगद और सोने चांदी के जेवरात भी ले गई। पीड़िता ने बताया कि बेटी को भगाने में युवक के परिजनों का भी सहयोग है। काफी खोजबीन की गई लेकिन बेटी का कहीं कुछ पता नहीं चल सका है। महिला ने आरोपितों पर कार्रवाई और बेटी की खोजबीन की गुहार लगाइ है।

### ग्यारह हज़ार लाइन की चपेट मे आने से बारह वर्षीय किशोर की मौत।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नीमगाँव थाना क्षेत्र के गांव रायपुर ( घुंशी) मे सोमवार करीब 2 बजे सिकंदराबाद पावर हाउस से रायपुर गांव को गई ग्यारह हज़ार लाइन की चपेट मे आ जाने से 12 वर्षीय् किशोर की मौके पर मौत हो गयी। वही परिजनों का कहना है कि आकाश कुमार पुत्र मेवालाल रायपुर घुंशी मार्ग पर तालाब के किनारे खेत पर गया था, जहां पास ही आम के पेड़ के नीचे बैठा था, पेड़ के ऊपर से गुजरी ग्यारह हज़ार लाइन का तार टूट कर गिरने से किशोर की मौके पे मौत हो गयी। वही ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलीम अंसारी व परिजनों की सूचना पर मौके पर पहुंचे सिकंदराबाद चौकी पुलिस के सब इंस्पेक्टर आशीष सहरावत ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।वही परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

### बुजुर्गो और दिव्यांग मतदाताओं के लिए आज से शुरू होगी वोटिंग, 32 दल घर-घर जाकर करवा रहे मतदान

#### दिव्यांग और बुजुर्गों को घर-घर जाकर कराया मतदान

**लखीमपुर खीरी 06 मई।** हर कोई अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करें और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाए। इस बीच ऐसे भी मतदाता है जो दिव्यांग और बुजुर्ग हैं जोकि मतदान केंद्रों तक आने में असमर्थ है। इनके लिए 28द्धखीरी एवं 29द्धधौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए लोकसभा चुनाव के लिए 360 बुजुर्गो और 191 दिव्यांगो के लिए सुबह 09 से शाम 05 बजे तक होम वोटिंग शुरू की गई है। मतदान के दौरान सभी बुजुर्ग और दिव्यांग द्वारा मतदान के बाद खुशी जाहिर की गई। इसके साथ ही सभी लोगों को राष्ट्रहित में मतदान करने की अपील की गई। बताते चलें कि चुनाव आयोग के निर्देश पर सोमवार से 85 प्लस के बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को गांव-गांव और घर-घर जाकर वैलेट पेपर के माध्यम से मतदान करवाया जा रहा है

# अमेठी पहुंचे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

**●इण्डी गठबंधन पर जमकर बरसे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक कहा अमेठी की जनता स्मृति के साथ स्मृति की होगी दोबारा ऐतिहासिक विजय**

**पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व विधायक तेजभान सिंह सहित भारी संख्या में जनमानस रहा मौजूद**



**स्वतंत्र प्रभात**

**गौरीगंज अमेठी।** उत्तर प्रदेश सरकार के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक लोकसभा अमेठी भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के चुनाव प्रचार में गोसाईगंज अमेठी पहुंचे। जहां अमेठी कार्यकर्ताओं ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया , इस दौरान इंडिया गठबंधन पर जमकर बरसे डिप्टी सीएम बृजेश पाठक कहा सपा का अगला अध्यक्ष अखिलेश का बेटा होगा, उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा परिवार वाद और जातिवाद की राजनीति करती है तथा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती है, उन्होंने कहा कि सपा सरकार में विद्युत व्यवस्था में भ्रष्टाचार चरम पर था पहले बिजली एक हफ्ता दिन तथा एक हफ्ता रात में चंद घंटे के लिए आई थी, आज जनपद के 75 जिलों में 24 घंटे बिजली दी जा रही है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर था भ्रष्टाचार का आलम यह था कि खेल भी भ्रष्टाचार से अछूते नहीं थे, कॉमनवेल्थ गेम में भी जमकर भ्रष्टाचार किया गया था, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कांग्रेस सरकार को निशाने पर लिया कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस सरकार का कोई जोड़ नहीं जबकि हमारी सरकार में भ्रष्टाचार करने वालों को जेल भेजा जा रहा है, डिप्टी सीएम ने कहा कि अमेठी के साथ साथ रायबरेली में भी कांग्रेस की करारी हार होगी, अमेठी में कांग्रेस की जमानत जप्त हो जाएगी, उन्होंने कहा कि अमेठी और रायबरेली को कांग्रेस अपनी जागीर समझती थी विकास के नाम पर अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस ने कुछ भी नहीं किया और इस बार अमेठी की जनता कांग्रेस को करारा जवाब देगी, कांग्रेस की जमानत जप्त हो जाएगी, उन्होंने कहा यह राज तंत्र नहीं है कि कभी पिता राज करे कभी पुत्र राज करें यहां संविधान का राज है, लोकतंत्र है देश की जनता जिसे सिंहासन पर बैठाएगी वही राज करेगा, लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है, देश की जनता को मोदी की गारंटी पर पूरा भरोसा है, डिप्टी सीएम ने कहा कि जल जीवन मिशन के बारे में कोई सोच नहीं सकता था आज भाजपा सरकार में घर-घर नल के द्वारा जल भेजने का कार्य किया जा रहा है, सरकारी स्कूलों में छात्रों को निशुल्क सारी सुविधाएं दी जा रही हैं, भाजपा सरकार द्वारा पंचायत भवन बनाकर लोगों को पूरी सुविधा दी जा रही है, देश में सड़कों का जाल बिछाया गया है, फोर लाइन ,सिक्स लाइन से लेकर कई एक्सप्रेस वे बनाए गए हैं, स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं गरीबों को 5 लाख तक का मुफ्त इलाज दिया जा रहा है, आगे 70 साल से अधिक आयु के सभी व्यक्तियों को 5 लाख तक का निशुल्क इलाज मिलता रहेगा, मोदी जी ने आयुष्मान कार्ड बनाकर गरीबों का मुफ्त इलाज मुहैया कराया है, उन्होंने कहा किस भी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधा पहले से बहुत ही बेहतर स्तर पर दी जा रही है, गरीबों को बेहतर स्वास्थ्य शिक्षा मुहैया कराया जा रहा है ,ऐसे में देश की जनता को मोदी जी की गारंटी पर पूरा भरोसा है और देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है, अमेठी के गोसाईगंज में जनसभा को संबोधित करने के बाद डिप्टी सीएम गोसाई वीर बाबा के दर्शन और पूजन किये उसके बाद गौरीगंज विधानसभा के शाहगढ में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के लिए मतदान करने की अपील की। इस दौरान लाखों की संख्या में जनसमूह इकट्ठा रहा लोगों ने डिप्टी सीएम का गर्म जोशी के साथ स्वागत किया तथा मोदी योगी जिंदाबाद के नारे से वायुमंडल गूंज उठा, भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, कहीं ना कहीं अमेठी में विकास को लेकर गांधी परिवार डरा हुआ है और हार के ही डर से राहुल गांधी अमेठी छोड़कर रायबरेली चले गए ऐसा भाजपा नेताओं का कहना है। इस दौरान अमेठी सांसद स्मृति जुबिन इरानी ने भी जनता को संबोधित किया तथा कहा कि अमेठी का सर्वांगीण विकास ही प्रथम प्राथमिकता है , सुख और दुख की घड़ी में अमेठी वासियों के साथ मैं कंधा से कंधा मिलाकर खड़ी हूं और अमेठी को अपना परिवार मानती हूं, अमेठी मेरी कर्मभूमि है और मैं हमेशा अमेठी में ही रहूंगी इस दौरान जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, श्रावस्ती के पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा, पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी, पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह,सहित भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में जनमानस मौजूद रहा।

## चाहे जितनी कोशिश कर लें, साइकिल और हाथ यूपी नहीं जाएगा, इन भ्रष्ट परिवार वादियों के साथ - राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण

**● तिलोई विधायक एवं राज्य मंत्री ने मुसाफिरखाना के कई गांवों में किया जनसंपर्क स्मृति के लिए मांगा वोट**



**स्वतंत्र प्रभात**

**अमेठी।** लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी स्मृति जुबिन इरानी के समर्थन में ब्लाक मुसाफिरखाना के ग्राम कोछित, अढनपुर, नारा, गाजनपुर एवं नेवादा में जनसंपर्क कर ग्रामवासियों एवं कार्यकर्ताओं से फिर एक बार प्रचंड बहुमत की भाजपा सरकार बनाने के लिए हर बूथ पर कमल का फूल खिलाने और प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने का आवाहन राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं तिलोई विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने किया। बताते चलें भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी के समर्थन में लगातार राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तिलोई सहित लोकसभा क्षेत्र के अन्य क्षेत्रों में भी चुनावी जन चौपाल करते हुए एवं जनसंपर्क करते हुए आने वाली 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में मुसाफिरखाना ब्लाक के ग्राम यादोराय, दादरा, मानामदनपुर , टिकरा एवं जमुवारी में भी जनसंपर्क कर देव तुल्य जनमानस से 20 मई को कमल का बटन दबाकर बीजेपी के लिए मतदान करने की अपील की। बताते चलें लोकसभा अमेठी के सभी विधानसभाओं में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह दिखाई दे रहा है, मंडल शुकुल बाजार में निवास करने वाले भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला कहते हैं इस बार कांग्रेस की जमानत जप्त हो जाएगी क्योंकि जनता ने मन बना लिया है कि भ्रष्टाचार करने वाले कांग्रेसियों को वोट नहीं देंगे, उन्होंने कहा सबसे ज्यादा घोटाला कांग्रेस सरकार में हुआ और घोटाले बाजों को जनता पसंद नहीं करती। उन्होंने अपने प्रभार वाले क्षेत्रों में डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुए दीदी स्मृति इरानी को भारी मतों से विजई बनाने की अपील की, तथा 20 मई को कमल का बटन दबाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## आनंद मिश्रा द्वारा संकल्पित 108 श्रीमद्भागवत कथा में पहली कथा का हो रहा हैं आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**



**महराजगंज रायबरेली।।** क्षेत्र के तिवारी का पुरवा मजरे चिलौली में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन सोमवार को सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास संध्या भारद्वाज ने भगवान श्री कृष्ण की विविध बाल लीलाओं का वर्णन कर कथा पंडाल में उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया कथा व्यास ने भगवान श्री कृष्ण द्वारा माखन चोरी के साथ साथ भगवान के बाल्यकाल के दौरान कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है, राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन पान के माध्यम से विष पिलाती, है तभी भगवान उसका वध कर देते हैं, जैसे विभिन्न प्रसंगों पर प्रकाश डाला कथा व्यास ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मृत्यु के भय को दूर कर जीव के अंदर अध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करती है, विदित हो कि क्षेत्र के ग्राम सभा जिहवा के रहने वाले आनंद मिश्रा द्वारा निशुल्क 108 श्रीमद्भागवत कथा कराने का संकल्प लिया गया है, जिसकी शुरुआत उन्होंने तिवारी का पुरवा मजरे चिलौली के रहने वाले अपने मामा शिव शंकर त्रिपाठी के यहां से की है, आनंद मिश्रा ने बताया कि हर दूसरे महीने अलग अलग स्थानों पर उनके द्वारा निशुल्क श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर अंजनी पांडेय,अनूप अवस्थी,(कोटेदार) अरविंद सिंह, बद्री विशाल तिवारी, लल्लन तिवारी, सहित आदि मौजूद रहे।

## पीलीभीत जिले की कलीनगर ग्रा जमुनियाखास में हरे भरे पेड़ों की कटान की जांच कर कार्रवाई के निर्देश डीएफओ

**स्वतंत्र प्रभात**

**पीलीभीत** जिले की तहसील कलीनगर में शीशम के पेड़ व जामुन के पेड़ों की कटान की जांच कर डीएफओ ने जांच कर कार्रवाई करने के दिये निर्देश और जड़ों को शीशम के पत्तों से ढककर निशान मिटाने की होड़ में लगे ठेकेदार शीशम का पलमासा बाग मे मौजूद। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल लकड़ी काटने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है । वायरल ठेकेदार सामाजिक वानिकी के हरे भरे वृक्षों का सफाया करने में लगे हैं अधिकारियों को सूचना मिलने के बाद डीएफओ ने जांच कर कारवाई करने के निर्देश दिए गए हैं सामाजिक वानिकी के अवैध कटान को लेकर हुई सख्त।

# माइक्रो ऑब्जर्वर व पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण की तिथियां निर्धारित

**● 9 मई को माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 10 से 15 मई को**




**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली-** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मतदान कार्य में लगाए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों को निर्वाचन सम्बन्धी सैद्वान्तिक एवं ई0वी0एम0 व वी0वी0 पैट का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिये जाने हेतु निर्देश दिये गये है कि निर्वाचन को निष्पक्ष, निर्भीक, सकुशल सम्पन्न कराने के लिए समस्त चुनावी गतिविधियों का संचालन विधिवत समझ के साथ ही मतदान कार्मिको/माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिलाना जरूरी है।

मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव ने बताया है कि माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के ऑडिटोरियम में 09 मई 2024 को दो पालियों में प्रथम पाली में प्रातः 11:00 बजे से अपरान्ह 01:00 बजे तक द्वितीय पार्टी अपरान्ह 02:30 बजे से 04:30 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का बेहतर तरीके से सम्पन्न कराया जायेगा। इसी प्रकार पीठासीन तथा मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण फिरोज गांधी महाविद्यालय रायबरेली के निर्धारित कक्षों में 10 मई से 15 अप्रैल 2024 तक दो पालियों में प्रथम पाली 10:00 से 01:00 बजे तक द्वितीय पाली 02:00 बजे से 05:00 बजे तक ईवीएम एवं वीवीपैट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी से कहा कि माइक्रो आब्जर्वर एवं पीठासीन सहित मतदान कार्मिकों का द्वितीय आयोजित प्रशिक्षण हेतु फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज रायबरेली के निर्धारित सभी कक्षों, ऑडिटोरियम सहित बरामदा, अन्य कक्षों की समुचित साफ-सफाई, फॉगिंग, समुचित प्रकाश व्यवस्था, लाउडस्पीकर, डैस व्यवस्था, पीने हेतु स्वच्छ ठंडा पेयजल, गिलास मेज, कुर्सी व अन्य आवश्यक प्रशिक्षण सामग्री/स्टेशनरी की व्यवस्था निर्धारित प्रशिक्षण तिथि के एक दिन पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर कराना सुनिश्चित करायें।

## एडीओ पंचायत ने किया गौशाला का निरीक्षण, दिए सख्त निर्देश

**●गौशाला में संरक्षित पशुओं के लिए बुवाया गया हरा चारा - मोहित सिंह**



**स्वतंत्र प्रभात**

**शिवगढ़,रायबरेली।** क्षेत्र की नेरथुआ गौशाला पहुंचे एडीओ पंचायत मोहित सिंह व एडीओ कोऑपरेटिव अभिषेक सिंह ने गौशाला का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में साफ सफाई, पशुओं के लिए उपलब्ध भूसा, तेयजल व्यवस्था एवं पशुओं की देखरेख का जायजा लिया। पशुओं को लू और धूप से बचाने के लिए एडीओ पंचायत मोहित सिंह ने गौशाला में मोड़कर त्रिपाल लगाने एवं नांद में सुबह , शाम, दोपहर तीनों टाइम पानी बदलने के निर्देश दिए। साथ ही केयरटेकर को निर्देश करते हुए कहाकि गौशाला में भूसे एवं चारे की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होने बताया कि निरीक्षण में गौशाला में साफ-सफाई,पानी एवं चारा पर्याप्त मात्रा में पाया गया, गौशाला में संरक्षित गौवंशों के लिए हरा चारा बुवाया गया है। ताकि पशुओं को पौष्टिक हरा चारा दिया जा सके। एडीओ कोऑपरेटिव अभिषेक सिंह ने बताया कि पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर शिवगढ़ पशु चिकित्साधिकारी को नियमित पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि गर्मी में पशुओं को बीमारी से बचाया जा सके। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि बलवीर सिंह, टोकन वर्मा आदि लोगों उपस्थित रहे।

## 20 मई मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित- डीईओ

**स्वतंत्र प्रभात**

**रायबरेली-** प्रमुख सचिव, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 20 मई 2024 (सोमवार) को पंचम चरण में होने वाले लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। उन्होंने कहा है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 एक्ट संख्या-26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी प्रकार भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसे अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक घोषित करने का प्राविधान है।

जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा पंचम चरण के अन्तर्गत 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 37-अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट 181-सलोन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दिनांक 20 मई, 2024 (सोमवार) को कारखानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 (ख) में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है।

## भेज रहे हैं स्नेह निमंत्रण, मतदाता तुम्हें बुलाने को। 13 मई को भूल न जाना, वोट डालने आने को

**● डीएम की ओर से घर-घर पहुंचेगा आमंत्रण-पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात**

**लखीमपुर खीरी 06 मई।** जैसे-जैसे मतदान की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे मतदाता जागरूकता अभियान परवान चढ़ने लगा है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 अन्तर्गत 28द्धखीरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और 29द्धधौरहरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 13 मई को होने वाले मतदान में शत-प्रतिशत मतदाताओं की सहभागिता सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अभिनव पहल के तहत घर-घर मतदाता आमंत्रण पत्र भेजा जा रहा। इसी कड़ी में सोमवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इलेक्शन आईकॉन शिक्षक एसपी सिंह को बड़ी संख्या में मतदान दिवस पर मतदाताओ को आमंत्रित किए जाने वाले आमंत्रण पत्र सौपे। इस दौरान डीएम को एसपी सिंह द्वारा तैयार ÷मतदाता जागरूकता पोस्टर की न केवल लाइन लांचिंग की बल्कि इसे अपने दफ्तर की दीवारों पर स्थान दिया। डीएम से प्राप्त आमंत्रण पत्र को एसपी सिंह ने मतदाताओ को प्रदान कर उनसे मताधिकार का प्रयोग किए जाने की अपील की। डीएम ने जनपद वासियों से लोकतंत्र के महापर्व 13 मई को अपने अपने बूथों पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पर्व पर जनपद वासियों व विशेषकर युवा मतदाताओं का बढ़-चढ़कर अपनी मताधिकार का प्रयोग करें। बताते चलें कि जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में स्वीप जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

**मतदान निमंत्रण पाकर बोले मतदाता**

मतदान निमंत्रण पत्र वितरण के दौरान कई मतदाताओं ने बताया कि यह निमंत्रण उन्हें विभिन्न सोशल प्लेटफॉर्म के जरिए भी मिल चुका है। कई मतदाता ने कहा, उन्हें उम्मीद नहीं थी कि मतदान के लिए डीएम उन्हें स्वयं निमंत्रण पत्र भेजेंगे।

**ग्रामीण क्षेत्रों में कोटेदार बाटेंगे निमंत्रण**

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह से अबतक निमंत्रण पत्र वितरण की प्रगति जानी। उन्होंने कोटेदारों के जरिए गांव के गली-मोहल्लों में एक-एक घर तक निमंत्रण कार्ड भिजवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निमंत्रण वितरण का पर्यवेक्षण क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों से कराने को कहा।

## वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद मो0 हैदर रिजवी ने संघ के सभागार में वक्फ अधिनी पर कानूनी जानकारी दी

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी।** सव0 आई पी सिंह विधि व्याख्यान माला में हाई कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता सैय्यद मो0 हैदर रिजवी ने संघ के सभागार में वक्फ अधिनी पर कानूनी जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह महामंत्री विश्वास श्रीवास्तव ,पूर्व अध्यक्ष राकेश मिश्रा ,उमेश प्रताप सिंह चौहान व संतोष मिश्रा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। अधिवक्ता मो0 सईद खान ने मो0 हैदर रिजवी का जीवन परिचय बताया।मो0 हैदर ने वक्फ अधिनियम पर कानूनी जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी इंसान अपनी सम्पत्ति को मौखिक या लिखित रुप से वक्फ कर देता हैं तो कानूनी तौर पर वह अल्लाह की सम्पत्ति माना जाता है।इसका उपयोग धार्मिक व सामाजिक सेवा के रूप में किया जा सकता है। वक्फ दो प्रकार का होता है एक अलल खैर और दूसरा अलल औलाद ।वक्फ की संपत्ति को विक्रय,उपहार, विनिमय, गिरवी व हस्तांतरित नही किया जा सकता है। इसके अलावा मो0 हैदर रिजवी ने बार संघ को कानूनी किताबे भी भेंट की। पूर्व अध्यक्ष राकेश मिश्रा ने विधि व्याख्यान माला के बारे में जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह ने मुख्य वक्ता मो0 हैदर रिजवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। संयोजक शशांक यादव ने सभी का आभार जताया।इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष संतोष मिश्रा, दीपक मिश्रा,राजीव तिवारी, अखिलेश सिंह, विमलेश शर्मा, शिया मधेशिया, घनश्याम द्विवेदी, आदि सैकड़ो अधिवक्ता मौजूद रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मतदान बढ़ाने के लिए घर घर पहुंच रही है भाजपा की टीम



**बलरामपुर,** लोकतंत्र के महापर्व में मतदान से कोई भी व्यक्ति छूटने ना पाए इसके लिए भाजपा की कर्मठ युवा और महिला टीम घर घर पहुंच कर लोगो के मतदान के लिए जागरूक कर रही है, थारू जनजाति क्षेत्र में महिला प्रधान नीलम चौधरी प्रधान रमेश कुमार बिट्टू ,व विजयपाल प्रजापति जानकी प्रसाद पाल शत्रुघ्न जयसवाल युवा उत्साह के साथ घर घर पहुंच रहे हैं,अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य निर्माण होने के बाद जो लोग राम लला का दर्शन करके आए है तब से देश हित और राष्ट्रहित में मतदान का संकल्प ले रहे है और लोगो को प्रेरित कर रहें हैं। श्रावस्ती लोक सभा चुनाव के साथ गैसडी में विधान सभा का उप चुनाव भी हो रहा है,गजब का उत्साह लोगो में दिख रहा है।

## वनकर्मियों पर उगाही करने का आरोप, शिकायत

**कलीनगर** लखनऊ के कुछ सैलानियों ने महोफ रेंज के वनकर्मियों पर धन उगाही और अभद्रता करने का आरोप लगाकर डीएफओ से शिकायत की है। क्षेत्रीय अफसरों का कहना है कि नियमों का उल्लंघन कर पक्की पटरी पर कार दौड़ाने पर जुर्माना वसूला गया था। कुछ सैलानी शनिवार को पूरनपुर मार्ग से होकर नैनीताल जा रहे थे। इससे पहले बाइफरकेशन पहुंच गए। इसके बाद पक्की पटरी के रास्ते खटीमा मार्ग के लिए जाने लगे। आरोप है कि लाल पुल पर एक वन दरोगा ने कार रोकी। नियमों को तोड़ने का हवाला दिया। कार सवारों ने संकेतक न लगने का हवाला देकर भूल होने की बात कही। वन दरोगा ने रेंजर को भी बुला लिया। डरा धमकाकर 50 लाख रुपये जुर्माने की धमकी दी। मोबाइल भी छीन लिए। करीब तीन घंटे तक बैठाया। 62 सौ रुपये नकद और मोबाइल देकर 32 सौ रुपये ट्रांसफर कराए। रेंजर सहेंद्र यादव ने बताया कि पक्की पटरी पर अत्यधिक स्पीड में वाहन दौड़ते पकड़े गए। जुर्माना वसूला गया। लोग रसीद नहीं ले गए

## आठ से दस मई तक छाए रहेंगे बादल, बूंदाबांदी की संभावना

**पीलीभीत।** तेज धूप व लू से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आठ से 10 मई तक बादल छाए रहेंगे। इन दिनों बूंदाबांदी की भी संभावना बनी हुई है। राहगीरों का शहर की सड़कों पर निकलना मुश्किल है। रविवार को अधिकतम तापमान 37.9 व न्यूनतम 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दोपहर में तेज धूप और गर्म हवाओं के चलते सड़कों से लेकर बाजार तक सन्नाटा पसरा रहा। बेहद जरूरी काम होने पर ही लोग घरों से निकले। भीषण गर्मी में ठंडे पेय पदार्थों की बिक्री बढ़ गई है। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शिकंजी, गन्ने का जूस, बेल का जूस, लस्सी पीते हुए दिखाई दिए। शाम को सूरज ढल जाने के बाद सड़कों पर लोगों की आवाजाही बढ़ी। कृषि वैज्ञानिक एसएस ढाका ने बताया आगामी आठ, नौ व दस मई को मौसम में परिवर्तन होने की उम्मीद है। इन तीन दिनों में बादल छाए रहेंगे, बूंदाबांदी व तेज हवाओं के साथ आंधी आने की भी संभावना है।

## पीलीभीत- पूरनपुर तहसील के गांव घुंघचाई होटल में सिलेंडर लीक होने की बजह से लगी आग सात लोग झुलसे

घुंघचाई लंला होटल पर सिलेंडर लीक होने से लगी भीषण आग और आग लगने से होटल मालिक सहित पांच लोग झुलसे एम्बुलेंस की मदद से घायलों को पहुंचाया अस्पताल मिलीं जानकारी के अनुसार सिलेंडर लीक से होटल के पास में रखे पान के खोखे में आग लगने से हजारों का सामान कई हजार की नगदी जलकर हुई राख

**होटल में सिलेंडर से लगी आग**

से दुकानदारों में मची अफरातफरी तफरी होटल मालिक सहित 6 लोग गंभीर रूप से झूलसे हुये है झूलसे लोगों को इलाज के लिए पुरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया भर्ती कराया गया है स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप और भारी रोष है क्योंकि आग लगने की सूचना के काफी देर बाद पहुंची दमकल की गाड़ी।

दमकल की गाड़ी पहुंचने से पहले दुकानदारों एवं स्थानीय लोगों लोगों ने आग पर कड़ी मशक्कत कर पा लिया काबू पा लिया था.

# छह से मिड टर्म की परीक्षा, कॉपियां पर्याप्त नहीं

स्वतंत्र प्रभात




**पूरनपुर** गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार से मिड टर्म परीक्षा होंगी। परीक्षा के लिए कापियां विश्वविद्यालय उपलब्ध कराता है, लेकिन इस बार महाविद्यालय में मिड टर्म परीक्षा कराने को पर्याप्त कॉपियां नहीं हैं। परीक्षाओं को लेकर प्रवक्ताओं ने महाविद्यालय के प्रबंधक से मिलकर समस्याएं बताई है।

गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विभिन्न विषयों में बीए, बीकाम, एमए की कक्षाएं संचालित हैं। करीब 2200 विद्यार्थी महाविद्यालय में अध्ययनरत है। मिड टर्म परीक्षा के लिए कॉपियां विश्वविद्यालय उपलब्ध कराता है, इसके लिए प्राचार्य अधिकृत हैं। जबकि, प्राचार्य चार दिन पहले से लंबे अवकाश पर चले गए हैं। तीन दिवसीय मिड टर्म परीक्षा छह मई से हैं। ऐसे में इस बार पर्याप्त मात्रा में कॉपियां न होने का संकट सामने आ सकता है।

मिड टर्म परीक्षा में करीब 1300 विद्यार्थी भाग लेंगे। महाविद्यालय के पास परीक्षा कराने को करीब 2400 कॉपियां है। जबकि करीब 42 सौ कॉपियों की जरूरत होगी। इसके अलावा 10 मई से विश्वविद्यालय की ओर से द्वितीय, चतुर्थ और छठवें सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। शनिवार को महाविद्यालय के अधिकांश प्रवक्ताओं ने महाविद्यालय के प्रबंधक से मिलकर समस्याओं की जानकारी दी थी। प्रबंधक ने परीक्षाओं की तैयारियों के लिए जुटने को कहा है। बताया कि प्राचार्य एक दो दिन में अवकाश से लौट आएंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि वे लंबे अवकाश पर हैं। अवकाश के बाद ही महाविद्यालय लौटेंगे।

शनिवार को समस्याओं के लिए महाविद्यालय के अधिकांश प्रवक्ता मिलने आए थे। उनको परीक्षाओं की तैयारी के निर्देश दिए गए। बताया गया कि अब तक जैसे तैयारियां होती थीं वैसे ही की जाएं। परीक्षा के लिए महाविद्यालय के पास पर्याप्त कापियां हैं। प्राचार्य भी मंगलवार तक अवकाश से वापस आ जाएगे। संजय श्रीवास्तव, एससीडीआई, प्रबंधक गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय.

# साढ़े तीन करोड़ से बदल रही गांधी स्टेडियम की तस्वीर


स्वतंत्र प्रभात


**पीलीभीत** गांधी स्टेडियम की तस्वीर बदलने के लिए काम शुरू हो गया है। स्टेडियम जल्द ही नए स्वरूप में नजर आएगा। क्रिकेट में दिलचस्पी रखने वालों के लिए क्रिकेट नेट प्रैक्टिस का कोर्ट बनाया जाएगा। बॉस्केटबॉल का भी नया कोर्ट जल्द तैयार हो जाएगा। शासन की ओर से साढ़े तीन करोड़ रुपये की धनराशि भेज दी गई है।

गांधी स्टेडियम के कायाकल्प का कार्य मार्च महीने से शुरू हो गया है। शासन की ओर से इस पूरे कार्य के लिए गांधी स्टेडियम को साढ़े तीन करोड़ की धनराशि भी भेज दी गई है। इस कार्य को पूरा करने के लिए एक साल समय दिया गया है। क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने बताया कि क्रिकेट व बॉस्केटबॉल में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए शहर में मौजूदा संसाधनों का अभाव था। इसी के मद्देनजर क्रिकेट की नेट प्रैक्टिस व बॉस्केटबॉल कोर्ट का काम अगले दो महीने में पूरा करा दिया जाएगा, जिससे युवा अब इन खेलों में भी हुनर तराश सकेंगे। इसके साथ ही बैडमिंटन कोर्ट की संख्या भी दो से बड़ा कर चार कर दी जाएगी। गार्ड के लिए सुरक्षा कक्ष, स्टेडियम की चहारदीवारी की रंगाई-पुताई भी इसी में शामिल है। गांधी स्टेडियम के बहुउद्देशीय क्रीडा हॉल व प्रशासनिक भवन की तस्वीर बदलने के लिए भी उसका नवीनीकरण किया जा रहा है। हॉकी, फुटबाल, बॉलीबॉल, बैडमिंटन आदि हर छोटी बड़ी प्रतियोगिताएं यहां होती रहती हैं। मौजूदा समय में 300 खिलाड़ी रोजाना प्रैक्टिस करने आ रहे हैं। कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड को इस कार्य को पूरा करने का जिम्मा.

## पूरनपुर बिजली विभाग के कटिया चैकिंग करने गए जेई और महिला के बीच मारपीट

स्वतंत्र प्रभात






**पूरनपुर** बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को बिजली चेकिंग करने के दौरान धौस दिखाना एक बार फिर महंगा पड़ गया चेकिंग के दौरान दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया वे बात बढ़ने पर जमकर मारपीट की गई। बिजली कर्मचारी के तरफ से बिजली चोरी पकड़ने का दौरान मारपीट करने का आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी गई है वहीं महिला की तरफ से बिजली अधिकारियों और कर्मचारियों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। बिजली कर्मचारी और उपभोक्ताओं के साथ मारपीट करने के मामले आम हो गए हैं। ऐसा ही एक मामला फिर सामने आया है सोमवार को नगर की श्री राम वाटिका कॉलोनी में बिजली विभाग के अवर अभियंता जसपाल सिंह अपने साथ में लाइनमैन दानिश शाहिद वी एन कर्मचारियों को लेकर पहुंच गए बिजली चेकिंग के दौरान कॉलोनी निवासी गुंजन सक्सेना पत्नी सुधीर सक्सेना के घर पहुंच गए महिला गुंजन सक्सेना का आरोप है कि जैई जसपाल सिंह सहित सभी कर्मचारी जागरण घर में घुस आए और महिला के साथ छेड़खानी करने लगे विरोध करने पर सभी ने महिला की बुरी तरह से पिटाई लगा दी जिससे वह घायल हो गई। महिला ने आरोप लगाया है कि बिजली कर्मचारियों ने महिला पर लोहे की रात और चाकू से बार कर घायल कर देने सहित गंभीर आरोप लगाते हुए बिजली विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। वही बिजली विभाग के अवर अभियंता जसपाल सिंह और कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गुंजन सक्सेना पत्नी सुधीर सक्सेना के घर में कटिया डालकर बिजली चोरी की जा रही है कटिया पकड़े जाने पर महिला ने गाली गलौज शुरू कर दिया गाली देने का विरोध किया गया तो महिला और उसके परिजनों ने जैई समेत कर्मचारियों को घर में बंधक बनाकर मारपीट की है। दोनों पक्षों से पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। इससे पहले भी क्षेत्र में बिजली कर्मचारियों और उपभोक्ताओं में मारपीट के कई मामले हो चुके हैं। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार

**●लेखपाल पर ग्रामीणों ने आर्थिक मदद के नाम पर अवैध वसूली का लगाया आरोप**

**भ्रष्ट लेखपाल योगेश आखिर किस की सह पर कर रहा अवैध वसूली**

स्वतंत्र प्रभात


बरसात महीने में घाघरा नदी में बाढ़ आ जाने से घरकट गये ; परन्तु शासन द्वारा कटान पीड़ितों को मिलने वाली आर्थिक सहायता अभी तक प्राप्त नहीं हो सकी है हल्का लेखपाल प्रार्थीगण से 20-20 हजार रुपये प्रति व्यक्ति से माँग करते हैं जिसमे प्रार्थीगण ने 5-5 हजार रुपये लेखपाल को दिये शेष रुपये नहीं दे पाये जिस कारण लेखपाल ने कटान पीड़ितों के नाम सूची में दर्ज नहीं किये । तब प्रार्थीगण ने इस सम्बन्ध में तहसील धौरहरा, जिला खीरी में श्रीमान उप जिलाधिकारी, धौरहरा को एक प्रार्थना पत्र दिनांक 03-2-24 को दिया था जिस पर कोई जाँच नहीं की गयी तब प्रार्थीगण ने लखीमपुर आकर श्रीमान जिलाधिकारी, खीरी को प्रार्थनापत्र दिया फिर भी कोई जाँच नहीं की गयी । प्रार्थीगण काफी गरीब व्यक्ति है उनके पास रहने हेतु मकान नहीं है क्यों कि प्रार्थीगण के आवास नदी के बाढ़ में कट चुके है उनके रहने हेतु कोई ठिकाना नहीं है। हल्का लेखपाल द्वारा

**लखीमपुर खीरी।** खीरी जनपद की तहसील धौरहरा के अंतर्गत आने वाले ग्रामसभा कैरातीपुरवा के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है,ग्रामीणों का कहना है की हम लोगों के घर बरसात महीने में घागरा नदी में बाढ़ आ जाने से हमारे लोगों के घर नदी में बह गए।जिससे लगभग 1 दर्जन से अधिक परिवार के लोगो से छत का सहारा छिन गया,जिससे ग्रामीण वासी काफी आहत हुए ।ग्रामीण वासी शासन द्वारा मिलने वाली आर्थिक सहायता की आस लगाकर बैठ गए,परंतु जब लेखपाल साहब ग्राम सभा में आए और उन्होंने निरीक्षण किया तो सभी ग्राम सभा वासियों के चेहरे पर खुशी दिखी,लेकिन खुशी सिर्फ कुछ ही पल की थी,लेखपाल साहब ने उनकी गरीबी को ना देखते हुए सभी से रू 20,000 की पेशकश कर दी,साहब ने पीड़ितों से कहा की आप सभी लोग 20,000 रुपए हमको दे दो हम आपको शासन द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान करा देंगें,गरीब पीड़ित ग्राम सभा वासियों ने किसी तरीके से 5 -5 हजार रुपए इकठ्ठा करके लेखपाल (योगेश)को दिए ,लेकिन पैसों के लालची लेखपाल ने पीड़ितों के दुख दर्द को ना समझते हुए और 15000 रुपए देने की बात कही,साहब ने कहा की 20,000 रुपए पूरे करो तुरंत आप लोगों का नाम सूची में डाल देंगें।ग्रामीणों का आरोप है की जो व्यक्ति लेखपाल साहब को पैसे दे देता है ,उसका नाम साहब सूची में डाल देते हैं।ग्रामीणों ने बताया की इससे पहले भी एसडीएम धौरहरा व डीएम खीरी को हम लोगों के द्वारा प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही नही की गई है ,इससे परेशान होकर हम लोग फिर से जिलाधिकारी खीरी को प्रार्थना पत्र देकर उचित न्याय की गुहार लगा रहे हैं,हम लोग काफी गरीब है मकान न होने के कारण हम लोगों के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है।

अब देखना यह है की कोई अधिकारी इन गरीब परिवार की मदद करने के लिए आगे बढ़ता है या ऐसे ही भ्रष्ट लेखपाल को अधिकारी लोग बढ़ावा देते रहेंगे,अगर ऐसे भ्रष्ट लेखपाल गरीबों और पीड़ितों को न देखते हुए सरकार द्वारा लिए गए वेतन के साथ साथ अवैध वसूली करेंगें,फिर आम जनता का क्या हाल होगा।एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचारी लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठा रही है,वही दूसरी तरफ ऐसे भ्रष्ट कर्मचारी सरकार के मंसूबों पर पानी फेर रहे हैं।

## दहेज लोभियों ने नव विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

### मामला थाना पसगवां क्षेत्र का है

**लखीमपुर खीरी** के पसगवां में दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने नवविवाहिता को पीटकर घर से निकाल दिया। विवाहिता के हाथों से मेंहदी का रंग भी नहीं छूटा था कि दहेज लोभियों ने तलाक की धमकी देते हुए शादी के चौथे दिन ही घर से निकाल दिया। पीड़िता की तरफ से पति समेत आठ ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।गांव पसगवां निवासी घुन्ने की पुत्री चांदबानो ने पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि उसका निकाह एक मई 2024 को हरदोई जिले के थाना मझिला के ग्राम पलिया कोट निवासी सद्दाम के साथ हुआ। उसकी परिवार ने सामर्थ्य के अनुसार दहेज दिया था, लेकिन ससुराल वाले निकाह में मिले दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। दहेज में बाइक और दो लाख रुपए की मांग करने लगे। मांग न पूरी न होने पर पति और ससुराल वाले उसका उत्पीड़न करने लगे। चार मई को ससुराल वालों ने पीटकर जान से मारने और तीन तलाक की धमकी देकर घर से निकाल दिया। चांदबानो ने पति सद्दाम, ससुर इकरार, सास आशिया बानों समेत आठ लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है।

# खबर का हुआ असर- मामले की जांच क्षेत्राधिकारी सदर के पास मामला महेवा गंज चौकी क्षेत्र का

**● शातिर प्रेमी के मकड़जाल में फंसीं युवती आत्महत्या के लिए मजबूर**

**दौलत ऐसी बला जिसके दम पर मां बाप भाई बहन सब एक पीड़िता को समाज में मुंह दिखाने वाला नहीं छोडा शातिर प्रेमी ने**




स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी।** जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र में पीड़िता ने बताया की एक वर्ष पूर्व अफसर पुत्र गुलाम हुसैन मो0.नं0.9219815819 ग्राम लकहा थाना ढखेरवा निवासी ने पीड़िता को कुंवारे पन में पूरी तरह से अपने मोह जाल में फांसा कर अश्लील वीडियो बना कर सोशल मीडिया में वायरल कर देने की धमकी दे पीड़िता का आधार अपने कब्जे में लेकर पीड़िता की इच्छा के विरुद्ध शारीरिक संबंध बना ब्लेकमेल करता रहा आधार मांगने पर गालियां देना क्या करोगी आधार क्या काम इसी बीच पीड़िता का विवाह परिजनों ने ब्लाक फूलबहेड़ के ग्राम बन्नी से तय कर दिया जिसकी जानकारी पीड़िता ने अफसर को दी अफसर ने कहा शादी कर लो उसके बाद शादी तुड़वाकर पीड़िता से विवाह कर लेगा पीड़िता के मना करने पर गुस्साए अफसर ने बताया मैंने दो शादी की पहली बीवी से दो बच्चे हैं तलाक़ दे दिया

तथा दूसरी बीबी से कार्ट मैरिज की जिसके भी दो बच्चे हैं।और तुम शादी कर लो शादी तुड़वाकर मैं शादी कर लूंगा कुंवारी लड़की से शादी करने से मैं फंस जाऊंगा पीड़िता शातिर प्रेमी अफसर की बातो में आ गयी और इस शर्त पर विवाह साजिद पुत्र लतीफ ग्राम बन्नी , चौकी महेवागंज कोतवाली सदर लखीमपुर-खीरी से किया की शारीरिक संबंध नहीं बनाएगी

एक वर्ष तक अफसर इसी तरह से पीड़िता को मूर्ख बना मायके और अपने स्थान पर ले जाकर हवस मिटाता रहा उसके बाद शातिर प्रेमी अफसर ने साजिद के चाचा ननक्के के ऊपर झूठे आरोप लगाकर पीड़िता को बदनाम कर शादी तुड़वा दिया उसके बाद शातिर प्रेमी अफसर ने पीड़िता का विवाह सिर्फ नाम व दिखावे के तौर पर अपने साले सुहेल पुत्र अली हुसैन ग्राम सेमरा थाना पढुवा तहसील निघासन लखीमपुर खीरी से कराकर पीड़िता को बीबी बनाकर रखा पीड़िता का प्रेमी जो नंददोई बन चुका था वहीं

पीड़िता को मायके लेकर आता वहीं ससुराल ले जाता और प्रेमी अफसर ही पीड़िता का सारा खर्च उठाता शर्त पति से सम्बंध नहीं बना सकती और खुद शारिरिक संबंध बनाता बच्चा होने की संभावना होने पर दवा दें सब नार्मल कर देता पीड़िता जब प्रेमी से बच्चे की इच्छा जाहिर करती तो अफसर ब्लेकमेल करता विडियो दिखा

तुझे समाज में रंडी बना दूंगा और सब तेरे ऊपर थूकेंगे किसी लायक़ नहीं छोड़ेंगे इसी भय में पीड़िता शांत रहती घटना दिनांक 29-4-2024 को अफसर पीड़िता को मायके, दलालनपुरवा चौकी महेवागंज लेकर आया खूब समझाया कहा की शांत रहो प्रेमी प्रार्थिनी के मायके रूका और शारिरिक संबंध बनाते हुए परिजनों ने देख लिया और काफी बवाल हुआ तब पीड़िता ने घर वालों को सच्चाई बताई भय में प्रेमी नन्दोई अफसर की पत्नी रेशमा ने अफसर को महाराष्ट्र भेज दिया और नंद रेशमा खुली चुनौती दे रही है।की पीड़िता व उसके पूरे परिवार को फंसा देगी दो बच्चों के साथ ज़हर खा लेगी एफआईआर दर्ज कराकर पीड़िता को जेल में सड़वा देंगी शातिर प्रेमी अफसर व उसकी पत्नी रेशमा ने पीड़िता के साथ ऐसा किया पीड़िता न घर की रही न घाट की न प्रेमी अपना रहा न मायके वाले न ससुराल वाले खबर निकलने और पुलिस की में कारवाई से गुस्साए पीड़िता के घर वालो ने दिनाक 5-5-2024 सुबह पीड़िता का मोबाइल छीन लिया खूब मारा पीटा उसके बाद पीड़िता महेवागंज चौकी गयी पुलिस ने लिखित सुलह कर के मां बाप के पास भेजा तब मोबाइल मिला पीड़िता के मायके वाले प्रेमी की बातों में आकर पीड़िता पर कहर ढा रहे हैं।प्रार्थिनी पैरवी के लिए निकलती है तो उसके पीछे आदमी लगाए जाते पीछा करते हैं

लगातार यातनाएं झेलना व मार खाने से पीड़िता की स्थिति पागलों जैसी हो गई बोलती कुछ मुह से निकलता कुछ है


मानसिक व शारीरिक रूप से टूटकर आत्महत्या के लिए मजबूर है।प्रेमी एलानिया कहता है अगर जुबान खोली तो परिजन ससुरालीजन आस पास रिस्तेदार तुझे रंडी कहेंगे समाज में मुंह दिखाने वाला नहीं छोड़ेंगे पीड़िता को बदनाम किया जा रहा है जबकि पीड़िता के शरीर पर अफसर के अलावा किसी ने हाथ तक नहीं लगाया अफसर के षड्यंत्र के सारे साक्ष्य पीड़िता के पास है अगर कोई अप्रिय घटना घटती है तो उसके जुम्मेदार मायके वाले प्रेमी अफसर व उसकी पत्नी होगी। मायके वाले प्रेमी से रूपए लेकर सब जानकर अनजान बने बाहर निकल जाते अब चरित्रहीन कह रहे।

# ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से तालाब की जमीन पर बाबू कबाड़ी ने किया अवैध कब्जा

**●ग्राम प्रधान सैधरी व क्षेत्रीय लेखपाल और अवैध कब्जा धारी के बीच मिली भगत के चलते सरकारी पर किया गया अवैध पक्का का निर्माण**

**मामले की सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराकर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराए जाने की मांग**

**ग्राम प्रधान और क्षेत्रीय लेखपाल को भारी चढ़ावा चढ़ाकर अवैध कब्जा किए जाने के ग्रामीणों ने लगाए आरोप**



स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** एक तरफ जहां योगी सरकार सरकारी जमीनों तालाब, शमशान, खलिहान, खेल मैदान, ग्राम समाज, व खाद के गड्ढे आदि पर अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनको खाली कराने के आदेश जारी कर रहे हैं ।और इसके लिए एंटी भू माफिया टास्क फोर्स का गठन भी प्रत्येक जिला पर किया गया है ।लेकिन जनपद खीरी की तहसील लखीमपुर में मुख्यमंत्री के आदेशों को ताक पर रखकर अवैध कब्जे का खेल बदस्तूर जारी है । मुख्यमंत्री के आदेशों का असर तहसील लखीमपुर प्रशासन पर पड़ता नजर नहीं आ रहा है। यहां पर तहसील प्रशासन और भू माफिया के बीच चल रही दूरभि संधि के चलते बेखौफ सरकारी जमीनों और तालाबों पर अवैध कब्जा का खेल खेला जा रहा है ।बताते चलें कि मामला तहसील सदर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सैधरी जो स्थानीय शहर से सटी हुई पंचायत है ।सैधरी में राहुल ट्रैवल एजेंसी के ठीक सामने लखीमपुर भीरा पलिया मार्ग लखीमपुर में स्थित तालाब को पाठ कर भू माफिया बाबू कबड्डी द्वारा उस पर पक्का निर्माण कर योगी सरकार के आदेशों को हवा में उड़ा दिया गया है। सूत्र बताते हैं कि उक्त अवैध कब्ज क्षेत्रीय लेखपाल और प्रधान को चढ़ावा चढ़ाकर किया गया है ।इसी कारण जानबूझकर क्षेत्रीय लेखपाल और ग्राम प्रधान द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। मामले की ऑनलाइन शिकायत शिकायतकर्ता व समाजसेवी नित्यानंद बाजपेई द्वारा करके किए गए अवैध कब्जे को हटाए जाने व सरकारी जमीन पर किए गए अवैध कब्जा तथा पक्के निर्माण का ध्वस्तीकरण कराए जाने की मांग की है। अब देखना यह है की तहसील प्रशासन द्वारा क्या रुख अपनाया जाता है, की जाती है कार्यवाही या फिर मामले को यूं ही धनबल की दम पर रफा दफा कर दिया जाएगा।

## सीएम पोर्टल पर शिकायत कर मामले की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग

**●मामला विद्युत विभाग हसनपुर कटौली का है**

**बगैर एस्टीमेट व प्रस्ताव तथा सर्वे सहित बगैर बजट स्वीकृत किए रिश्वत लेकर 11000 विद्युत लाइन का स्थान परिवर्तन करने व फर्जी तरीके से उक्त विद्युत लाइन को एयरटेल टावर को दी गई प्राइवेट लाइन में जोड़ने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग**

**ग्रामीणों ने जे ई व एसडीओ सहित लाइनमैन पर लगाए रिश्वत लेकर नियम विपरीत लाइन हटाए जाने के गंभीर आरोप**

स्वतंत्र प्रभात




**लखीमपुर खीरी** मामला ग्राम हसनपुर कटौली का है जहां पर विद्युत विभाग के जेई सुधीर कुमार गुप्ता और लाइनमैन की मिली भगत से एसडीओ के संरक्षण में सुनील कुमार मौर्य के घर के ऊपर से निकली 11000 की विद्युत लाइन को आनंन फानंन में 200000 रिश्वत राशि लेकर हटा दिए जाने के ग्रामीणों द्वारा आरोप लगाए जा रहे हैं ।इतना ही नहीं ग्रामीणों व व्यापारी सुनील कुमार द्वारा ऑन कैमरा बताया गया कि उसने ?200000 रिश्वत देने के बाद ही लाइन हटाई गई। जिसमें से ?100000 जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को नगद हाथ में देने की भी बात कही है। दर्जनों ग्रामीणों की मौजूदगी में उक्त सुनील कुमार मौर्य ने बताया कि उक्त रकम उसने अपना खेत गिरवी रखकर दी है ।वही बेल्तुआ फीडर पर तैनात कथित संविदा कर्मी राकेश कुमार की जुबानी सत्य माने तो उक्त 11000 लाइन बगैर प्रस्ताव व बगैर एस्टीमेट तथा बगैर बजट स्वीकृत कराए हुए आनंन फानंन रात के अंधेरे में और रविवार की छुट्टी का फायदा उठाते हुए बदल डाली गई ।मामले का खुलासा होने व हो हल्ला मचने पर उच्च अधिकारियों द्वारा जे ई सुधीर कुमार गुप्ता को शारदा नगर ट्रांसफर कर दिया गया और संविदा लाइनमैन को बलि का बकरा बनाते हुए नौकरी से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं जिस लाइनमेंन द्वारा शटडाउन लिया गया उसे धनबल और माननीया के संरक्षण के चलते क्लीन चिट दे दी गई। फर्जीवाडा की लिखित शिकायत सीएम पोर्टल पर शिकायतकर्ता ने दर्ज कराकर मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा जांच में दोषी पाए जाने वाले जे ई सहित अन्य विद्युत कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## राष्ट्र हित में करें मतदान पेड़ लगाकर बने महान




**वृक्ष** आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विगत 7 वर्षों से स्वयं के खर्चे से अनवरत वृक्षारोपण कर धरती को हरा भरा , प्रदूषण मुक्त एवं ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से धरती के चराचर जीवों को बचाए रखने के लिए प्रतिबद्ध राष्ट्रपति पुरस्कार से पुरस्कृत शिक्षक अशोक कुमार गुप्ता द्वारा आज 6 अप्रैल 2024 को उच्च प्राथमिक विद्यालय चक सुंदरपुर ज्ञानपुर के परिसर में अनवरत वृक्षारोपण के क्रम में आज 2399 वें दिन अशोक के वृक्ष का वृक्षारोपण प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीत कुमार राय, शिक्षिका डॉक्टर जया त्रिपाठी, उर्मिला देवी के साथ किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर जया त्रिपाठी ने कहा कि हम सबको अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए क्योंकि मतदान करने से जहां एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण होता है है तो वही दूसरी तरफ नियमित वृक्षारोपण करने से धरती पर जहां चारों ओर हरियाली आती है शुद्ध वायु मिलता है शुद्ध पानी मिलता है। अशोक सर को तो बस वृक्षारोपण का कोई ना कोई बहाना मिलना चाहिए। इनके मुहिम से जुड़कर हम लोगों को जो खुशी होती है वह बंया नहीं किया जा सकता है।

## नाबालिग के साथ छेड़खानी एवं गाली-गलौज देने के दोषी अभियुक्त को मा0 न्यायालय द्वारा 03 वर्ष कठोर कारावास व 5,000/- अर्थदंड से किया गया दंडित

दिनांक-25.08.2022 को थाना गोपीगंज क्षेत्र अंतर्गत आरोपी द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी एवं गाली-गलौज देने के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-249/2022 धारा-354क,323,504 भा0द0वि0 व 7/8 पॉक्सो एक्ट में स्थानीय पुलिस द्वारा त्वरित वैज्ञानिक विवेचना व प्रभावी साक्ष्य संकलन करते हुए अल्पसमय में आरोपी के विरुद्ध आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया। पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के आदेश के क्रम में एवं डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध मा0 न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पंजीकृत अभियोग में स्थानीय पुलिस, मॉनिटरिंग सेल व विशेष लोक अभियोजक(पॉक्सो), डॉ0 अश्वनी कुमार मिश्रा की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप आज दिनांक-06.05.2024 को मा0 न्यायाधीश मधु डोगरा मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो), कोर्ट संख्या-01 जनपद भदोही द्वारा नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के दोषी अभियुक्त कृष्णा मोर्या पुत्र विश्वम्भरनाथ मौर्या उम्र करीब 32 वर्ष निवासी कोईरान मोहाल ज्ञानपुर रोड गोपीगंज थाना गोपीगंज जनपद भदोही को 03 वर्ष कठोर कारावास व 5,000/- अर्थदंड से दंडित किया गया।

## ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत,एक घायल





**अदलहाट, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के वाराणसी-शक्तिनगर राजमार्ग पर सोमवार को समदपुर ग्राम के पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई तथा एक गंभीर रुप से घायल हो गया।अदलहाट थाना क्षेत्र के गोठौरा ग्राम निवासी 45वर्षीय राजनाथ पुत्र सीता व चन्दौली जनपद के बबुरी थाना क्षेत्र के हटिया ग्राम निवासी 28वर्षीय जोगी पुत्र राम सेवक बाइक से वाराणसी जा रहे थे,इसी दौरान रांग साइड से आ रहे ट्रैक्टर चालक लापरवाही पूर्वक बाइक में टक्कर मार दिया।जिससे बाइक सवार जोगी की घटनास्थल पर मौत हो गई,तथा राजनाथ गंभीर रुप से घायल हो गया,बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को एम्बुलेन्स से सीएचसी अहरौरा भेज दिया। तथा मृतक के शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल राजनाथ के तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है।

# ईसीआई द्वारा नियुक्त लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु मा0 तीनों प्रेक्षकों (सामान्य, पुलिस, व्यय )का जनपद में हुआ आगमन

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त तीनों मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम,आईएएस 2008 बैच, पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता आईपीएस 2010 बैच, मा0 व्यय प्रेक्षक शशिभूषण (पश्चिम बंगाल आईआरएस 2014 बैच,पूर्व में ही आगमन) का जनपद के राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में आगमन हो चुका है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवास हेतु राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में सामान्य प्रेक्षक को कक्ष संख्या-01, व्यय प्रेक्षक को कक्ष संख्या 02, आवंटित किया गया है,तथा पुलिस प्रेक्षक को पुलिस लाइन गेस्ट हाउस में कक्ष आवंटित किया गया है। मा0 तीनों प्रेक्षकों ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व आदर्श आचार संहिता के अनुरूप जनपद भदोही में लोकसभा निर्वाचन सम्पन्न होगा। जनपद का कोई भी



| Sl. No. | Observer Name | Category | Accommodation Place Local Phone & Mobile No. | Nominated Liasison Officer Name & Mobile No. | Steno |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | Sri B. John Tlangtinkhuma | General Observer | Suit No.-1 Revenue Guest House Gyanpur Bhadohi 05414-299014 9454035183 | Sri Arvind Kumar Mining Officer, Bhadohi 888754842 | Sri Ashish Kumar 829902809 |
| 2- | Sri Shashi Bhushan | Expenditure Observer | Suit No.-2 Revenue Guest House Gyanpur Bhadohi 05414-299015 9454069822 | Sri Pankaj Kumar singh Asstt. Commissioner GST 7235003373 | Sri Harendra Tiwari 9451573885 |
| 3- | Mrs. Sandhya Rani Mehta | Police Observer | Suit No.-3 Revenue Guest House Gyanpur Bhadohi 05414-299013 9454069318 | Sri Setanshu Sekhar Pankaj Inspector Cyber Cell 8840090936 | Sri Neeraj Kumar 7355558783 |

नागरिक/प्रत्याशी/राजनीतिक दलों के पदाधिकारी, लोकसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन, कानून व्यवस्था व शांति हेतु,अवैध व्ययों/अवैध सामग्रियों के वितरण व प्रलोभन आदि से सम्बन्धित विभिन्न आयामों के परिपेक्ष्य में सामान्य प्रेक्षक के टेलीफोन नम्बर-05414-299014 या मोबाइल नम्बर-9454035183, व्यय प्रेक्षक के टेलीफोन नम्बर-05414-299015 या मोबाइल नम्बर-9454069822, पुलिस प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर-9454069318 पर सूचित कर सकता है। साथ ही राजस्व अतिथि गृह ज्ञानपुर में निर्धारित विजिटिंग आवर्स में मुलाकात कर अपनी शिकायत/जिज्ञासा/बात रख सकते है। राजकीय अतिथि गृह ज्ञानपुर में पब्लिक विजिटिंग समय सामान्य प्रेक्षक से पूर्वाहन 09 से 10 बजे एवं व्यय प्रेक्षक से पूर्वाहन 10 से 11बजे का है। पुलिस प्रेक्षक से पुलिस लाइन गेस्ट हाउस में शाय॰ 04से 05 बजे मिलने का समय है। सामान्य प्रेक्षक के लाईजन ऑफिसर-खनन अधिकारी अरविंद कुमार,व्यय प्रेक्षक के लाईजन ऑफिसर-सहायक आयुक्त जीएसटी, पुलिस प्रेक्षक के लाईजन ऑफिसर- इंस्पेक्टर एस एस पंकज है। जिला सूचना कार्यालय भदोही द्वारा प्रसारित।

# 10-10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित/गौ-तस्करी में लिप्त गैंग के दो सदस्य अवैध तमंचा मय कारतूस व चाकू के साथ चढे पुलिस के हत्थे

स्वतंत्र प्रभात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने के दृष्टिगत डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन, पुलिस अधीक्षक भदोही के कुशल निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा गैंगस्टर/गौ-तस्कर व पुरस्कार घोषित अभियुक्तों के विरुद्ध लगातार प्रभावी पुलिस कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। गैंगस्टर/वांछित/पुरस्कार घोषित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज दिनांक 06.05.2024 को थानाध्यक्ष ज्ञानपुर के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा 10-10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित/ गौ-तस्करी में लिप्त गिरोह के दो वांछित अभियुक्तों- सुरेश कुमार बिंद उम्र करीब 34 वर्ष व राजेश कुमार बिंद उम्र करीब 32 वर्ष पुत्रगण धर्मराज बिंद निवासीगण ग्राम कांगापुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज को क्रमशः एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर मय 02 अदद कारतूस व एक अदद चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। गैंग सरगना पंधारी बिंद को पूर्व में दिनांक 24.03.2024 को गिरफ्तार कर




जेल भेजा गया है।

दिनांक-3/4.02.2024 की रात्रि में थाना ज्ञानपुर पुलिस टीम द्वारा मौके से फरार गौ तस्करों के कब्जे से पिकअप वाहन में क्रूरतापूर्वक वध हेतु ले जाए जा रहे 08 राशि गोवंश बरामद किया गया था। उक्त बरामदगी के संबंध में पंजीकृत अभियोग मु0अ0सं0-13/2024 धारा-3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशुक्रुरता अधिनियम व 207 एम.वी एक्ट से सम्बन्धित प्रकाश में आए गौ तस्कर लगातार फरार/वांछित चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा 10-10 हजार रुपये पुरस्कार घोषित किया गया। गिरफ्तारशुदा गौ तस्करों के कब्जे से अवैध तमंचा व चाकू बरामदगी के संबंध में गौ तस्करों के विरुद्ध मु0अ0सं0-47/2024 धारा-3/4/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान मा0 न्यायालय किया गया।

गिरफ्तारशुदा गौ तस्करों के विरुद्ध जनपद भदोही व प्रयागराज में गैंगस्टर, गौ-तस्करी व आयुध अधिनियम सहित गंभीर धाराओं के लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

सुरेश कुमार बिंद उम्र करीब 34 वर्ष व राजेश कुमार बिंद उम्र करीब 32 वर्ष पुत्रगण धर्मराज बिंद निवासीगण ग्राम कांगापुर थाना हण्डिया जनपद प्रयागराज.

# 29 अप्रैल से 06 मई तक कुल 27 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन दाखिल किया गया

**●शान्तिपूर्ण व सुरक्षित वातावरण में संपन्न हुआ नामांकन कार्य**

**बीजेपी, बीएसपी, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ़ इंडिया व राष्ट्र उदय पार्टी के प्रत्याशी/प्रतिनिधि के द्वारा आज दोबारा एक सेट में और नामांकन दाखिल किया गया**

स्वतंत्र प्रभात


**भदोही :-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु लोकतंत्र के महापर्व में 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र नामांकन हेतु आज सातवें दिन दिन 14 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया । प्रमुख राजनैतिक पार्टियों में से भारतीय जनता पार्टी से डॉ0 विनोद बिंद के लिए जिलाध्यक्ष भाजपा ने एक सेट, बहुजन समाज पार्टी से हरिशंकर ने एक सेट, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से अखिलेश कुमार ने एक सेट, राष्ट्र उदय पार्टी से कृष्ण देव पाल ने आज दोबारा से एक सेट मैं नामांकन फार्म जमा किया .

नामांकन दाखिल करने के क्रम में बैजनाथ यादव सशक्त समाजवादी पार्टी, वीरेंद्र कुमार चौबे शोषित संदेश पार्टी, लालती देवी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया, करण शुक्ला आधी आबादी पार्टी एवं निर्दलीय प्रत्याशी के क्रम में शाहजहां बेगम दीनानाथ उपाध्याय लोकप्रभा चौहान, ब्रह्मानंद तिवारी, श्यामधर त्रिपाठी, जियाउल हक, कृष्ण कुमार यादव, विनय कुमार मिश्रा,राजेश गुप्ता,धीरेंद्र कुमार तिवारी सहित अब तक कुल 27 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया गया द्य प्रथम दिन 18, द्वितीय दिन 10, तृतीय दिन 02,चतुर्थ दिन 05, पॉचवे दिन 02 एवं छठें दिन 04 नामांकन पत्र के साथ कुल 41 नामांकन पत्रों का वितरण हुआ। अंतिम दिन 6 मई को किसी भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन फॉर्म नहीं लिया गया द्य 29 अप्रैल से लेकर 6 मई तक चलने वाले नामांकन में अब तक 27 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेटिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। मुख्य गेट पर मेटल डिडेक्टर लगाये गये हैं जहां चेकिंग के पश्चात अन्दर के लिये प्रवेश दिया जा रहा है। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये वैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेटिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम व मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है । नाम निर्देशनों की जांच 7 मई को की जाएगी, प्रत्याशी अपने नाम की वापसी 09 मई को अपरान्ह 03 बजे तक ले सकते है। तत्पश्चात् प्रत्याशियों की फाईनल सूची सर्वाजनिक सूची जारी कर दी जायेगी।

## ग्राम प्रधान व सचिव पर सरकारी धन के बंदरबांट का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

**ड्रमंडगंज।** हलिया विकास खंड के देवहट ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी द्वारा जनता के धन का दुरुपयोग किया गया है।देवहट ग्राम पंचायत में विकास कार्य के लिए आये धन को अपने चहेतों को मजदूरी के नाम पर भुगतान किया गया है तथा हैंडपंप मरम्मत,नाली निर्माण कार्य कूड़ा ढुलाई जैसे कार्यों पर खर्च का विवरण व अन्य सभी कार्यों पर किये गये भुगतान का विवरण ग्राम पंचायत देवहट के LGD कोड 79450से मोबाइल के माध्यम से मिल गया है जिसमें व्यापक पैमाने पर जनता के धन का लूट -खसोट किया गया है।इसकी जांच कराई जा सकती है। सरकारी कम्प्यूटर व अन्य व्यवस्थाएं जो पंचायत भवन में होना चाहिए।ड्रमंडगंज निवासी ज्ञान दास गुप्ता ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में विकास के नाम पर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा लाखों रुपए का बंदरबांट किया गया है। सरकारी धन का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया गया है। जबसे कौशलेंद्र कुमार ग्राम प्रधान बने हैं लूट खसोट में लगे हैं। सरकार की योजनाओं का लाभ अपने चहेतों को दे रहे। ज्ञान दास गुप्ता ने ग्राम प्रधान के कार्यों के जांच की मांग की है।

## दो बच्चों की मां एक युवक के साथ भागी




**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दो बच्चों की मां बच्चों को छोड़कर एक युवक संग भाग गई पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की किया मांग। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। स्थानीय थाना क्षेत्र के मुड़पेली गांव निवासी पवन कुमार ने हलिया थाने में सोमवार को तहरीर देकर बताया कि बीते एक मई को 6 वर्षीय बेटी तथा दो वर्षीय बेटा को घर पर छोड़कर पड़ोसी गांव निवासी एक युवक संग पत्नी भाग गई काफी खोजबीन के बाद पता चला तब पीड़ित ने पड़ोसी गांव निवासी एक युवक के विरुद्ध नामजद हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। माता को घर पर न पाकर दोनों बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह का कहना है कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## झोले में रखा 60हजार रुपया उचक्कों ने उड़ाया

**अदलहाट, मीरजापुर।** थाना क्षेत्र के पथरौरा मील पर सोमवार को मोपेड में लटके झोले में रखा साठ हजार रुपया लेकर उचक्के फरार हो गये । अदलहाट थाना क्षेत्र के नीबी देवरिया ग्राम निवासी शीतला शर्मा पुत्र स्व0 बुद्धु शर्मा अदलहाट थाने के सामने स्थित भारतीय स्टेट बैंक से साठ हजार रुपया निकालकर मोपेड में झोला लटकाकर घर जा रहे। पथरौरा मील पर पहुंचने के बाद एक दुकान पर पानी पीने लगे।इसी दौरान बाइक से आये एक उचक्के ने मोपेड से झोले में रखा रुपया लेकर फरार हो गया। जब वे मोपेड के पास पहुंचे तो झोला न देखकर शोर मचाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकान के आस पास लगे सीसीटीवी को खंगाला। प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र भूषण मौर्य ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मा0 सामान्य प्रेक्षक व मा0 पुलिस प्रेक्षक ने कलेक्टेऊट सभागार में बैठकर 78-भदोही लोकसभा संसदीय क्षेत्र के किये गये तैयारियों का लिया आकलन

**● आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन करें सुनिश्चित-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम**

**कानून व शान्तिव्यवस्था के आवरण में सम्पन्न होगा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024- पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता**

**मा0 प्रेक्षकगणों को जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किये गये तैयारियों से कराया अवगत**

स्वतंत्र प्रभात

**भदोही :-** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम, आईएएस 2008 बैच, पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता आईपीएस 2010 बैच द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 मीनाक्षी कात्यायन के साथ जनपद के समस्त तीनों सहायक रिटर्निंग आफिसर सहित जनपद प्रयागराज के प्रतापपुर के एआरओ रमेश मौर्या, हण्डिया के प्रेम नारायण, क्षेत्राधिकारी हण्डिया पंकज लावानियाँ सहित जनपद के सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर पावर प्वाईट परजटेशन के माध्यम से किये गये तैयारियों का समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

मा0 प्रेक्षक-सामान्य प्रेक्षक बी जांन त्लंगतिनखुम ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों व निर्देशों के अनुसार एवं आदर्श आचार संहिता के आवरण में निर्वाचन को सम्पन्न कराना सभी अधिकारी/कर्मचारीगण सुनिश्चित करें। समय-समय पर दिये गये प्रशिक्षण व निर्देशों को गम्भीरता व सर्तकता के साथ समझें ताकि मतदान प्रक्रिया में कही कोई समस्या न आवे। उन्होंने सभी एआरओ को निर्देशित किया कि एक बार पुनः सभी बूथों का भ्रमण कर आधारभूत सुविधाएं जैसे पानी, पंखा, रोशनी, छायादार विश्राम स्थल, शौचालय, आदि को अवश्य सुनिश्चित कर ले।

पुलिस प्रेक्षक संध्या रानी मेहता ने लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद भदोही के प्रयागराज के हण्डिया व प्रतापपुर क्षेत्र में कानून व शान्तिव्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत पुलिस प्रशासन द्वारा लगाये गये पुलिस बलों की ड्यूटी, सीपीएमएफ आदि कानून व्यवस्था के विभिन्न बिन्दुओं की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 78-भदोही लोकसभा क्षेत्र में कानून व्यवस्था के साये में सभी मतकेन्द्रो पर शान्तिपूर्ण वातावरण में मतदान कराना सुनिश्चित कराये।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा 78-भदोही संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान आकर्षित कराया, बताया कि लोकसभा क्षेत्र में कुल मतदाता की संख्या 2018135, कुल मतकेन्द्र 1169, कुल मतदेय स्थल 2084 है। जनपद में चिन्हित बेवकास्टिंग मतदेय स्थल 626, मॉडल मतदेय स्थल 15, महिलाओं/युवाओं/दिव्यांगजन द्वारा संचालित मतदेय स्थलों की संख्या तीन-तीन है। जनपद में उड़नदस्ता की 09 टीम, स्थायी निगरानी की 09 टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक 03, वीडियो निगरानी 06 टीम, वीडियों अवलोकन 03, लेखा टीम 03, क्रियान्वित है। प्रयागराज प्रतापपुर व हण्डिया विधानसभा को लेकर कुल 18 जोनल मजिस्टेऊट एवं 172 सेक्टर मजिस्टेऊट नियुक्त किये गये है। पिछले लोकसभा निर्वाचन में 54.63 मत पड़ा था। बिगत लोकसभा निर्वाचन में राज्य औसत के नीचे लो वोटर्स टर्न आउट बूथ की संख्या 933 थी। मतकार्मिकों/अधिकारियों के लिए टेऊनिंग सेन्टर सेण्ट थॉमस स्कूल ज्ञानपुर है। कलेक्टेऊट प्रागण से ही डिस्पैच व रिसिव सेन्टर है। जबकि जनपद प्रयागराज से परेड गाउन्ड से डिस्पैच सेन्टर रिसिव व काउन्टिग मुडेरा मण्डी में होगा। जनपद की सभी बूथों पर मिनिमम सुविधाओं को सुनिश्चित कर लिया गया है। कलेक्टेऊट स्थित निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में डिस्ट्रिक्ट कान्टेक्ट सेन्टर, सी-विजिल, मीडिया प्रमाणन अनुवीक्षण समिति, कन्ट्रोल रूम को क्रियाशील किया गया है। प्रत्याशी द्वारा लिये जाने वाले सभी अनुमति हेतु एकल खिड़की व्यवस्था, परमिशन सेल संचालित है।

पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र में कुल 53 वल्नरेबिल मतदान केन्द्र, 158 वल्नरेबिल मतदेय स्थल, वल्नरेबिलिटी मतदेय स्थलों में आने वाले गॉव/मजरो की संख्या 155, वल्नरेबिलिटी उत्पन्न करने वाले 205 व्यक्ति चिन्हित, वल्नरेबिलिटी से 257 व्यक्ति प्रभावित हुए थे। आदर्श आचार संहिता के उल्लघन के दृष्टिगत पब्लिक प्रोपर्टी पर किये गये 2690 वॉल राइटिंग, 3342 बैनर, अदर 922, सहित कुल 11110 पर कार्यवाही हुई है। इसी प्रकार कुल 3341 प्राईवेट प्रोपर्टी पर से उपर्युक्त सामग्री को हटाया गया है।

स्वीप प्रभारी/मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह ने स्वीप के अन्तर्गत जनपद में क्रियान्वित किये गये मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों से अवगत कराया जैसे डीएम द्वारा तीन बार बाईक रैली, भदोही बूथ सारथी एप्प, मतदाता शपथ-ई प्रमाण पत्र, अनुरोध भ्रमण कार्यक्रम, बुलावा टोली, ग्राम चौपाल, बाईक, स्कूटी रैली, 25 मई मतदान जरूरी का स्टीकर, स्कूल कालेजों में मतदान आधारित निबन्ध, भाषण, मेहदी, पोस्टर, रंगोली, आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 तेजवीर सिंह, सहायक रिटर्निंग आफिसर, भदोही शिव प्रकाश यादव, औराई आकाश कुमार, ज्ञानपुर भानसिंह, समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी भदोही, जनपद प्रयागराज के प्रतापपुर के एआरओ रमेश मौर्या, हण्डिया के प्रेम नारायण, क्षेत्राधिकारी हण्डिया पंकज लावानियॉ सहित जनपद के सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मां के भक्तों की सेवा में लगे अधिकारी,तीर्थपुरोहित और यजमान

**●जिलाधिकारी और ए डी एम शिव प्रताप शुक्ल के सराहनीय पहल पर पंकज द्विवेदी ने अपने दानवीर यजमान पंडित निखिलेश मिश्र से भक्तों के पीड़ा का कराया ध्यान**

**इससे पहले भी भक्तों की पीड़ा को देखते हुए जिले के सबसे सक्रिय और ईमानदार अधिकारी शिव प्रताप शुक्ल अपर जिला अधिकारी रा/वि ने प्रचंड गर्मी को देखते हुए मंदिर के गेट के पास शीतल पेयजल की व्यवस्था और मैट का प्रबंध कराएं थे।**







स्वतंत्र प्रभात

**विंध्याचल।** मां विंध्यवासिनी देवी धाम जिसने में भी अच्छा और पुनीत कार्य किया है वह कभी जाया नहीं हुआ है। वहीं कार्य बुराई पर भी है जिसने भी इस धाम में गलत किया है वह कभी सुखी अथवा प्रसन्न नहीं रहा है। इसलिए इस क्षेत्र में जितना भी हो सके अच्छा और पुनीत कार्य करने का प्रयास करें। निश्चित ही आपके पुनीत कार्य आपको और आपके पूरे परिवार को सुरक्षा कवच की तरह कार्य करेगा। विंध्याचल में एक से बढ़कर एक दानवीर आए और अपना नाम अमर कर गए एक से अच्छे अच्छे अधिकारी आए और अपने अच्छे कार्यों से आज भी याद किए जाते है। इसी कड़ी में दानवीर के रूप में पंडित निखिलेश मिश्र जी जो विंध्य धाम में मां के भक्तों के साथ साथ स्थानीय लोगों को कोरोना काल में बहुत अधिक मदद किए थे। आज भी जब कोई भी कार्य के लिए कहा जाता है वह तत्काल कहने से पहले ही तैयार रहते हैं।

इसी तरह यदि अच्छे अधिकारी की बात की जाए तो इन दिनों में सबसे लोकप्रिय और सक्रिय तथा ईमानदार अधिकारी की चर्चा की जाती है तो सबके जुबान पर एक मात्र नाम सबसे पहले आता है वह है अपर जिलाधिकारी रा/वि शिव प्रताप शुक्ल जो अपने सक्रियता और दयालुता तथा ईमानदारी एवं अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव समर्पित रहने वाले जिले में अपना एक अलग छवि बनाए हुए है।

वहीं श्री विंध्य पंडा समाज के अध्यक्ष पंकज द्विवेदी और उनकी पूरी टीम में मां के भक्तों के प्रति सदैव सेवा भाव से लगे रहते हैं। जिनकी प्रशंसा सर्व समाज में किया जाता है। इस तरह से देखा जाए तो इन दिनों मां के भक्तों के प्रति सच्चे सेवा की भाव विंध्य क्षेत्र में रखा जा रहा है। जिसका लोगों में चर्चा है और दूर दराज से आने वाले भक्त भी अब एक अच्छा संदेश लेकर यहां से जा रहें है।

# बैरियर तोड़कर भाग रहे गोवंश से भरे कंटेनर को पुलिस ने पकड़कर की कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात

**हलिया, मीरजापुर।** उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश के बार्डर स्थित मऊगंज जनपद अंतर्गत हनुमना थाना क्षेत्र के टोल टैक्स से सोमवार की सुबह मध्यप्रदेश की हनुमना पुलिस ने चौतीस गोवंशो से भरे कंटेनर को चालक व सह चालक सहित गिरफ्तार कर कंटेनर वाहन को थाना परिसर में खड़ा कराते हुए गोवंश अधिनियम सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही की गई मध्यप्रदेश के सतना के अमरपाटन से कंटेनर वाहन पर 34 गोवंशो को लादकर जा रहा कंटेनर वाहन चालक आजम निवासी अकबरपुर थाना पुरा मुफ्ती जनपद प्रयागराज व सह चालक इमरान निवासी दौलतपुर थाना कड़े धाम जनपद कौशांबी उत्तर प्रदेश गोवंशों को बिहार लेकर जा रहा था उसी दौरान मऊगंज जनपद के लौर थाना प्रभारी को सूचना मिली की एक कंटेनर गोवंशों को लेकर जा रहा है सूचना पर लौर थाना प्रभारी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैरियर लगाकर वाहनों की




चेकिंग शुरू कर दिया उसी दौरान कंटेनर वाहन चालक ने पुलिस बैरियर को तोड़ते हुए भाग निकला जिस पर थाना प्रभारी लौर ने गोवंश लदे वाहन को भागने की सूचना हनुमना थाना प्रभारी को दिया सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हनुमना राजेश पटेल एएसआई अमर सिंह आरक्षी दिवाकर सिंह, पीयूष दूबे,के साथ बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग करने लगे उसी दौरान कंटेनर वाहन चालक ने रोड पर खड़ी कर में टक्कर मारते हुए बैरियर को तोड़कर गलत दिशा में टोल टैक्स से होकर भागने लगा जिस पर थाना प्रभारी हनुमना ने कंटेनर वाहन का पीछा कर पकड़ लिया कंटेनर वाहन की तलाशी लिया गया तो कंटेनर वाहन से कुल 34 गोवंश बरामद हुए कंटेनर वाहन को थाना प्रभारी हनुमना द्वारा थाना परिसर में खड़ा कराते हुए गोवंश तस्करों के विरुद्ध गोवंश अधिनियम व अन्य धाराओं मे कार्रवाई किया गया इस संबंध में थाना प्रभारी हनुमना राजेश पटेल ने बताया कि सतना के अमरपाटन से कंटेनर वाहन में गोवंश को लादकर बिहार जा रहे कंटेनर चालक व सह चालक को कंटेनर वाहन सहित पकड़कर विधिक कार्रवाई किया जा रहा है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## कर्नलगंज के संवेदनशील मतदान केंद्रों का निरीक्षण



**करनैलगंज।** गोंडा पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में मतदान 20 मई को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु थाना को0कर्नलगंज क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मतदान केन्द्रों/बूथो का निरीक्षण कर स्थिति का जायजा लिया गया। मतदान केन्द्रों पर मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लेकर पेयजल, बिजली, शौचालय, आदि की व्यवस्था को भी परख कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। संवेदनशील मतदान केंद्रों में पर्याप्त संख्या में सिविल पुलिस की तैनाती के अतिरिक्त सीएपीएफ को तैनात करने के निर्देश दिए। महोदय द्वारा बताया गया की लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद में पांचवे चरण (20 मई) को प्रस्तावित निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है तथा चुनाव में गड़बड़ करने वालो पर पुलिस की पैनी नजर है तथा ऐसे लोगो पर पुलिस द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। चुनाव के दौरान किसी तरह की अफवाह न फैलाये और न फैलने दे, अफवाह फैलाने वाले असामाजिक तत्वो पर भी पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा चुनाव के दौरान किसी प्रकार की अराजकता फैलाने वाले लोगों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

## रिटर्निंग अधिकारी ने प्रत्याशियों को दिए व्यय रजिस्टर दिखाने के निर्देश

**गोण्डा।** जिलाधिकारी नेहा शर्मा रिटर्निंग अधिकारी गोण्डा लोकसभा व मुख्य विकास अधिकारी रिटर्निंग आफिसर कैसरगंज लोकसभा ने समस्त अभ्यर्थियों व उनके प्राथिकृत एजेण्ट को व्यय रजिस्टर दिखाने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि कैसरगंज व गोण्डा दोनों लोकसभा के सभी प्रत्याशियों के व्यय सम्बन्धी रजिस्टर का तीन बार निरीक्षण किया जायेगा। पहला निरीक्षण 9 मई, दूसरा निरीक्षण 13 मई तथा तीसरा व अंतिम निरीक्षण 17 मई 2024 को प्रातः 10 बजे से 05 बजे तक जिला पंचायत सभागार में किया जायेगा। निरीक्षण के समय अभ्यर्थी या उनका एजेंट उपस्थित नहीं होता है तो सम्बन्धित नोटिस निर्गत की जायेगी। नोटिस के तीन दिन के अंदर रजिस्टर प्रस्तुत न करने पर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 झ के अधीन सक्षम न्यायालय में शिकायत दर्ज की जाएगी और निर्वाचन के दौरान अभ्यर्थी को वाहन प्रयोग करने की दी गई अनुमति निरस्त की जा सकती है।

## अतीक अहमद के दोनों बेटे आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में हुए उत्तीर्ण



**प्रयागराज।** अतीक अहमद के दोनों बेटे अबान और अहजम अहमद ने हाई स्कूल व इंटर में आईसीएसई बोर्ड की परीक्षा पास कर ली है। दोनों सेंट जोसेफ कॉलेज से पढ़ाई कर रहे थे। दोनों सिर्फ परीक्षा देने के लिए ही स्कूल गए थे। सोमवार को आईसीएसई बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित हो गया। मरहूम अतीक अहमद के बेटे अहजम अहमद ने इंटर और अबान अहमद ने हाई स्कूल की परीक्षा पास की है। दोनों ने यह परीक्षा ऑनलाइन दी थी। दोनों कभी स्कूल नहीं गये। स्कूल की प्रिंसिपल के मुताबिक दोनों कभी स्कूल तो नहीं आये लेकिन उनका हर प्रोजेक्ट समय पर जमा होता था। बेटों ने कड़ी मेहनत की है। सोमवार को घोषित हुए से में अतीक के दोनों बेटे 70त्न के साथ पास हुए हैं। दोनों बेटों के पास होने हटवा गांव में खुशी का माहौल है।

## दो अभियुक्तो को किया गया जिला बदर

**बांदा।** लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों पर कार्यवाही तेज करते हुए 2 अभियुक्तों को अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा घोषित कराते हुये 6 माह के लिये कराया गया जिला बदर। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में पुलिस द्वारा लगातार ऐसे अराजक तत्वों पर कार्यवाही की जा रही है जो लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते है। 2 अभियुक्तों को गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा 6 माह के लिये जिला बदर घोषित कराया गया । जिनमे से महताब पुत्र एहसानुल हक निवासी भगवती नगर कस्बा व थाना तिन्दवारी और अशोक कुमार यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी जगदेव पुरवा मजरा साड़ा सानी थाना कमासिन लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है जिन पर क्रमशः थाना तिन्दवारी व थाना कमासिन पर अभियोग पंजीकृत है । अभियुक्त किसी न किसी माध्यम से लोकसभा चुनाव को प्रतिकूल तरीके से प्रभावित कर सकते थे। पुलिस द्वारा अभियुक्तों पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा गुण्डा अधिनियम 1970 के तहत गुण्डा घोषित कराते हुये 6 माह के लिये जिला बदर कराया गया।

# जमीन दिलाने के नाम पर रुपए ऐंठने के आरोप में प्रसपा के प्रत्याशी को पुलिस ने उठाया

**● - घर वालो का कहना है प्रशासन नहीं चाहता कि वह चुनाव लडे।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अजीत कुमार पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को भोर में घूरपुर पुलिस ने डांडी गांव के मन्ना का पुरवा में पहुंचकर अजीत पटेल को गिरफ्तार किया ।पुलिस के अनुसार अजीत के खिलाफ जमीन दिलाने के नाम पर धन ऐंठने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। अजीत कुमार पटेल को प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने इलाहाबाद संसदीय सीट से अपना प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया है। सोमवार को भोर में घूरपुर पुलिस ने घर पर पहुंचकर उनको गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अजीत के खिलाफ धोखाधड़ी करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। इस संबंध में परिवार के लोगों का कहना है कि प्रशासन चाहता है कि अजीत चुनाव न लड़ सकें। उनको चुनाव लड़न से रोकने के लिए यह हथकंडा अपनाया जा रहा है।

रविवार को अजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया था। तहरीर में कहा गया है कि अजीत ने जमीन दिलाने के नाम पर पांच लाख रुपया ले लिया है। जमीन नहीं दिलाई न ही पैसा वापस कर रहे हैं। पैसा वापस मांगने पर मारने पीटने के लिए धमकी देते हैं। अजीत कुमार पटेल चुनाव लड़ने के आदी हैं। वह



तीन चार बार विधानसभा चुनाव भी बतौर निर्दल प्रत्याशी लड़ चुके हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ने ही उन्हें करछना विधानसभा से प्रत्याशी बनाया था। लोकसभा के चुनाव में भी प्रसपा ने उन्हें टिकट दिया है। इसके पहले भी वह तीन बार बतौर निर्दल चुनाव लड़ चुके हैं।

## डंपर से भिड़ंत के बाद आग का गोला बनी कार, तीन लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात

**प्रतापगढ़।** सोमवार को तड़के प्रतापगढ़ में बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार और डंपर की आमने सामने हुई भिड़ंत के बाद कार में आग लग गई। कार से आग की लपटें उठने लगीं। कार में पांच लोग सवार थे। घटनास्थल पर ही तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत नाजुक होने के बाद उन्हें रेफर कर दिया गया है।

घटना के बाद मौके पर लोग जुट गए। सूचना पाकर पुलिस भी पहुंच गई। हादसा प्रयागराज-अयोध्या हाईवे पर सिटी कोतवाली क्षेत्र के सोनावा के पॉलिटेक्कनिक कॉलेज के पास हुआ।कर हादसे में गंभीर रूप से घायल प्रयागराज के नैनी थाना क्षेत्र के चकताना निवासी अखिल साहू (18), करेली करेड़ा के सत्यम साहू (24) और विवेक (24) हैं। तीनों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। मारे गए लोगों की पहचान की जा रही है। मारे गए लोग भी प्रयागराज के रहने वाले थे और अयोध्या से दर्शन करके लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार सोमवार को भोर में चिलबिला पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम सोनावा के पास सुल्तानपुर की ओर से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार में प्रतापगढ़ की तरफ से जा रहे डंपर ने जबरदस्त टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार पांच व्यक्ति गंभीर घायल हो गए, जिनमें दो व्यक्तियों विकास (24) पुत्र राजू साहू और अंकित साहू पुत्र सुभाष चंद्र की मौके पर मृत्यु हो गई, जबकि सत्यम साहू ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायल अखिल साहू (18) पुत्र राजकुमार, निवासी चटकहना थाना नैनी जिला प्रयागराज, सत्यम साहू (22) पुत्र राजू साहू निवासी करेहेदा थाना करेली और विवेक



साहू (24) पुत्र राम कैलाश साहू निवासी करेहदा थाना करेली जनपद प्रयागराज को जिला चिकित्सालय प्रतापगढ़ भिजवाया गया। जहां से तीनों घायलों को एसआरएन हॉस्पिटल प्रयागराज रेफर किया गया। उपचार के दौरान सत्यम साहू की भी मौत हो गई। हादसे के बाद कार में आग लग जाने के कारण कार पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# श्यामलाल पाल बने समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**● - प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के निवासी है श्यामलाल पल।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने श्याम लाल पाल को प्रदेश इकाई का नया अध्यक्ष घोषित किया है। श्री पाल नरेश उत्तम पटेल की जगह नये प्रदेश अध्यक्ष बनाये गए हैं।नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जिले के प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के मोहिउद्दीन पुर गाँव के मूल निवासी हैं। इनके पिता स्व. जवाहिर लाल पाल किसान थे। 12 अक्टूबर 1960मे जन्मे श्यामलाल ने इंटर तक की पढ़ाई जनसेवा इंटर कालेज से पूरी की।स्नातक की पढ़ाई इलाहाबाद विश्व विद्यालय से करने के बाद सम्पूर्णनंद विश्व विद्यालय से बी एड और एम एड की डिग्री हासिल की। श्यामलाल पाल ने जिस विद्यालय मे शिक्षा ग्रहण की थी बाद मे उसी जनसेवा इंटर कालेज मोहिउद्दीन पुर मे प्रधानाचार्य पद से साल भर पहले सेवानिवृत हुए हैं।

वर्ष 1996 मे और वर्ष 2007 मे विधानसभा प्रताप पुर से अपना दल के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था।

वर्ष 2007 मे ही इलाहाबाद जिले के तत्कालीन सपा जिलाध्यक्ष कमल सिंह यादव के प्रयास से उन्होंने सपा के संस्थापक स्व. मुलायम सिंह यादव से मुलाक़ात की और सदस्यता ग्रहण करने के बाद आज तक समाजवादी पार्टी मे सेवा देते रहे। बधाई देने वालों मे सर्व श्रीजिलाध्यक्ष अनिल यादव, सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन,पप्पूलाल निषाद, पूर्व सांसद कुंवर रेवती रमण सिंह, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक श्रीमती विजमा यादव, गीता शास्त्री, हाकिम लाल बिन्द, संदीप पटेल, पूर्व विधायक गण जोखूलाल यादव,



अंसार अहमद, मुजतबा सिद्दीकी,हाजी परवेज अहमद,सत्यवीर मुन्ना,बासुदेव यादव, कमल सिंह यादव, कृष्ण मूर्ति सिंह, पंधारी यादव,रामानंद भारतीय,नरेन्द्र सिंह, अमरनाथ मौर्य, उज्जवल रमण सिंह,राम सुमेर पाल, रविंद्र यादव, दान बहादुर मधुर, नाटे चौधरी,राम अवध पाल, संतलाल वर्मा,सुरेश यादव, राम प्रताप पाल, , सचिन श्रीवास्तव, , पुन्ना पासी, मंजू यादव, प्रतिमा रावत, सत्य भामा मिश्रा, आसुतोष तिवारी, मुलायम यादव, शकीएल श्याम सूरत सरोज,आदि थे।

# ओबरी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग

**● - पशुओं का निवाला जलकर हुआ खाक।**

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** कोरॉव तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा ओबरी में सोमवार दोपहर अज्ञात कारणों से खेत में आग लगी गई। कुछ किसानों ने तो एक हफ्ते पहले ही गेंहू की थ्रेसरिंग कराई थी और भूसे को समय के अभाव के कारण खेतों में ही छोड़ दिया था। किसान भूसा रखने का बंदोबस्त कर ही रहे थे कि अचानक सोमवार के दिन दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई



और भूसा और कुछ किसानों का पुआल धूं धूं कर जलने लगा आग इतनी तेजी से बढ़ रही थीं कि एक खेत से दूसरे खेतों में पहुंचने लगी और कई किसानों के पशुओं का निवाला जलकर खाक हो गया । वही दिनेश प्रताप सिंह (मुन्ना सिंह)का 30 हस्ती पाइप, 3 एचपी की समर्शियल मोटर सहित दर्जनों लिपस्टिक के पेड़ एवं पास में ही रखें। बद्री प्रसाद विश्वकर्मा का भूसा भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा सूचना पर दमकल पहुंची और ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। और मौके पर पुलिस प्रशासन एवं राजस्व विभाग द्वारा घटना की जांच पड़ताल कर किसानों का नुकसान की लिखा पढ़ी कर भेज दिया गया है।

## हंडिया में हुआ दर्दनाक हादसाः कुएं में गिरकर पति-पत्नी की मौत, ।अनाथ हुई सात बेटियां

स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** हंडिया थाना क्षेत्र के दुलापुर गांव में विवाद के बाद कुएं में कूदने जा रही पत्नी को बचाने के चक्कर में पति भी कुएं में गिर गया। जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पुलिस अधिकारी फायर ब्रिगेड के साथ मौके पर पहुंच गए। किसी तरह से शव को बाहर निकलवाया गया। दंपती को सात बेटियां हैं। सबसे छोटी बेटी तीन माह और बड़ी बेटी ग्यारह साल की है। सातों बेटियों के सिर से एक झटके में माता-पिता का साया उठ गया। बूढी मां का रो-रोकर बुरा हाल है।

दुलापुर गांव निवासी लवकुश विश्वकर्मा (34) गांव में ही बढ़ई गिरी का कार्य करता था। उसकी शादी भदोही जिले में सुरियावां थाना क्षेत्र के कंजिया में पिंकी (32) के साथ हुई थी। दोनों के कुल सात बेटियां ही हैं। सबसे छोटी बेटी अभी तीन माह की ही है, जबकि सबसे बड़ी बच्ची ग्यारह साल की है। रविवार की देर रात पति-पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। तैश में आकर पिंकी आत्महत्या करने के लिए घर के पास बने कुएं की तरफ दौड़ी। यह देख लवकुश उसको बचाने के लिए पीछे पीछे दौड़ा। कुएं की जगत पर चढ़कर पिंकी ने जैसी ही छलांग लगाई तब तक लवकुश भी उसका हाथ पकड़कर बचाने लगा। पत्नी के साथ वह भी कुएं में जा गिरा। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में खलबली मच गई। सूचना पाकर कोतवाल हंडिया के अलावा एसीपी हंडिया



मौके पर पहुंच गए। फायर ब्रिगेड की मदद से दंपती का शव बाहर निकलवाया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घर में सिर्फ बूढ़ी मां सोना देवी पत्नी सोहनलाल ही है। लवकुश दो भाइयों में बड़ा था। छोटा भाई राजा मुंबई में फर्नीचर बनाने का कार्य करता है।

# गांव में घर-घर जाकर मतदान के लिए किया गया प्रेरित

**● - उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यो ने किया प्रेरित**

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा ।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए चिल्ला संकुल के संगम इण्टर कॉलेज एवम समस्त उच्च प्राथमिक व प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापक गांव में अच्छी सफल से अधिक मतदान कराने के चलते पूरे गांव पर में जाकर मतदान करने के लिए अपील की अध्यापकों के द्वारा गांव में पहले रैली निकाली गई और उसके बाद घर घर में जाकर अपील की मतदान करने के लिए निवेदन किया गया है और कहां गया कि अगर आप लोग मतदान कराने में सयोग करेंगे तो राष्ट्रहित में सो गांव के लोगों ने सपथ ली और कहा की हम लोग पहले करेंगे मतदान फिर बाद में करेंगे जलपान जिसे हमारे जिले में अधिक से अधिक मतदान होगा इस मौके पर संगम इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य पवन कुमार निगम, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कन्या



चिल्ला की प्रधानाचार्य मीरा देवी, रामसुफल, अर्चना देवी, इंद्रजीत, गीता देवी, रामभरोसे मिश्रा, जावेद अहमद, कमलेश, कुसुम शुक्ला, धीरेन्द्र कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक गोंडा द्वारा जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारी के साथ गोष्टी

स्वतंत्र प्रभात

**गोंडा!** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद गोण्डा में 20 मई को प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस लाइन स्थित सभागार कक्ष में जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों व समस्त थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की गयी। गोष्ठी के दौरान महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि लंबित वारंट तथा कुर्की आदेशों का निष्पादन और निरोधात्मक कार्यवाही की जाए तथा सक्रिय अपराधियों व उपद्रवियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की जाए। महोदय द्वारा अंतर्जनपदीय चेक पोस्टों को सक्रिय किए जाने तथा अवैध मादक पदार्थो, शस्त्रों व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महोदय द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आदर्श आचार संहिता और निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उपबन्धों के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करने के लिए *÷सी-विजिल÷ मोबाइल एप* व *टोल फ्री नम्बर 1950* को विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से नागरिक आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन संबंधी शिकायतों को रिपोर्ट कर सकते है। उक्त टोल फ्री नम्बर व मोबाइल एप की विशेषता आमजन को बताते हुए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करें। जिससे आदर्श आचार संहित का उल्लंघन होने पर उसकी तत्काल सूचना प्राप्त हो सके । महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी थाना प्रभारियों




द्वारा अपने क्षेत्र में रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर मतदाताओं के बीच निर्भीक होकर मतदान करने की अपील के साथ *विश्वास पर्ची* बांटेंगे जिसमें जनपद गोण्डा के समस्त *अधिकारियों के मोबाइल नम्बर दिए गए है* तथा अपराधियों, हिस्ट्रीशीटर व दबंग लोग जो चुनाव को गलत ढंग से प्रभावित कर सकते है ऐसे लोगो को चिन्हित कर *÷रेड कार्ड÷ देना सुनिश्चित करेंगे* । महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पाँचवे चरण 20 मई को प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के दृष्टिगत 21 कम्पनी सी0ए0पी0एफ0 01 कम्पनी व 01 प्लाटून पी0ए0सी0, वाह्य जनपदो से आने वाले पुलिस बल (उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी, आरक्षी) व होमगार्डो के ठहरने के लिए किए गए पुलिस प्रबन्धों का निरीक्षण कर मानक के अनुरूप फोर्स को ठहरने हेतु आवासीय व्यवस्था, पानी, शौचालय, बिजली (बिजली जाने पर वैकल्पिक व्यवस्था जनरेटर, इनवर्टर), साफ सफाई आदि मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करवाना सुनिश्चित करेंगे। महोदय द्वारा एफ0एस0टी0/एस0एस0टी0 टीमों को और अधिक सक्रिय कर बार्डर/थाना क्षेत्रों में बने बैरियरों पर सभी छोटे/बड़े वाहनों/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया। एफ0एस0टी0 टीम द्वारा अब तक संदिग्ध वाहनों/व्यक्तियों को चेक कर 5 लाख 90 हजार रूपये नगद व 01 किलो 870 ग्राम चांदी की बरामदगी की गयी है। गोण्डा पुलिस द्वारा लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत अब तक कुल 44,133 व्यक्तियों को धारा 107/116 सी0आर0पी0सी0 के अंतर्गत पाबन्द कराया गया है। शस्त्र अधिनियम में 22 अदद अवैध शस्त्र व 28 अदद अवैध कारतूसों को बरामद किया गया तथा अब तक कुल 45 लाइसेंसी शस्त्रों को निरस्तीकरण हेतु रिपोर्ट भेजी गई है। एन0डी0पी0एस0 एक्ट में कार्यवाही करते हुए 11 अभियोग में कुल 12 किलो 78 ग्राम अवैध गांजा, 1913 नशीली गोलियां व 50 ग्राम स्मैक पाउडर बरामद किया गया है। आबकारी अधि0 में 1493 ली0 अवैध कच्ची शराब, 35.64 ली0 देशी शराब व 72.54 ली0 विदेशी मदिरा सहित 43.5 ली0 बीयर बरामद किया गया है। आचार संहिता लागू होने के उपरांत अब तक कुल 51 अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्यवाही की गई है तथा कुल 30 नए पेशेवर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली गई है।

## बकुनिया में मतदाताओं ने वोट बहिष्कार का लिया निर्णय, डीएम को लिखा पत्र

**● - प्रशासन ने कहा, कोई प्रत्याशी पसंद नहीं है, तो नोटा दबाइए**

स्वतंत्र प्रभात

**नौहट्टा** प्रखंड क्षेत्र के बकुनिया पंचायत के मतदान केंद्र संख्या एक, दो, तीन के सभी मतदाताओं ने सार्वजनिक रूप से वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. स्थानीय पूर्व मुखिया देवेंद्र प्रसाद यादव, शंभु शरण यादव सहित दर्जनों लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. जिलाधिकारी को लिखे पत्र में ग्रामीणों ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के बकुनिया पंचायत के दरभंगा जिले के छिलकोड़ा सीमा तक जाने के लिए पुल की वर्षों से मांग है. वहीं बकुनिया पंचायत के वार्ड नंबर एक चारों ओर





सालों भर नदी से घिरा रहता रहता है. आवागमन का मात्र नाव ही एक जरिया है. वहीं तटबंध के अंदर कई मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना निर्माण के नाम पर बकुनिया में व्यवसायी से वार्तालाप करते बीडीओ व ओपी अध्यक्ष।

खानापूर्ति कर पक्की सड़क व आवागमन से लोग वंचित हैं. इसलिए वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है. शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार व डरहार ओपी अध्यक्ष जितेंद्र ने बकुनिया पहुंचकर लोगों को काफी समझाया बुझाया. मतदान करने के लिए प्रेरित किया. लेकिन लोगों ने मानने से इंकार कर दिया. बीडीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि लोगों में सड़क व पुल को लेकर नाराजगी है. प्रशासन की ओर से हमलोगों ने मतदान करने के लिए प्रेरित किया है. हमलोगों ने आम लोगों से यह आग्रह किया है कि आप लोगों के अनुसार कोई प्रत्याशी नहीं है तो आप लोग नोटा दबाइए, लेकिन मताधिकार का प्रयोग कीजिए. नोटा दबाकर भी अपनी मांगों के प्रति आप लोग कार्य कर सकते हैं।


## जब निर्माणाधीन विद्यालय के छज्जा लटका दिखा तब हुआ जांच शुरू

**● - बीआरसी से जारी हुई नोटिस,शुरू हो गया छज्जा बनना**

**क्या कहते हैं जिम्मेदार अधिकारी**
**खंड शिक्षा अधिकारी विनोद पटेरिया**
मैं निरीक्षण में गया था और छज्जा लटका हुआ था जिस पर मैंने निर्माण प्रभारी को सष्टीकरण नोटिस दी है अब उनके जवाब आने का इंतजार है। जैसे आख्या आती हैं उसी आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

स्वतंत्र प्रभात

**बांदा।** शासन से विद्यालयों में बच्चो की छात्रा संख्या को देखते हुए एक कक्षीय भवन निर्माण करने के लिए शासन से जिले में कुछ विद्यालयों में एक कक्षीय भवन निर्माण के लिए धनराशि भेजी गई है। जिसमे औचक निरीक्षण करने गए साहब तो देखा की दरवाजे के ऊपर



बना छज्जा के नीचे टेक के लिए एक बल्ली लगाई गई थी जब साहब ने पूछा तो मालुम चला कि वो छज्जा गिरा है जिस पर साहब ने निर्माण ने लापरवाही के चलते निर्माण प्रभारी को नोटिस जारी कर दी और उसमे आख्या मांग ली। मामला महुआ विकास खंड के ग्राम पंचायत नंदवारा का है जहां के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी के यहां शिकायती पत्र देकर बताया की हमारे यहां प्राथमिक विद्यालय दिबरापुरवा है जहां पर शासन द्वारा एक कक्ष भवन के निर्माण के लिए 5.95 लाख रुपए की धनराशि प्रधानाध्यापक के खाते में भेजी गई थी जिसमे निर्माण प्रभारी नीतू सिंह को निर्माण कराने के लिए जिम्मेदारी मिली थी तभी निर्माण होने के बीच में औचक निरीक्षण करने गए खंड शिक्षा अधिकारी ने देखा की निर्माणाधीन विद्यालय के एक छज्जा लटका हुआ था तभी उन्होंने निर्माण प्रभारी को भटकार लगाते हुए साफ साफ कह दिया की यहां बच्चे शिक्षा लेने आते हैं और आप उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है ये गलत है।

# 'मिलावट माफिया' पर मेहरबानी पड रही जनता को भारी

**● - भीड़ बढ़ने से बढा मांग और आपूर्ति के बीच अंतर**

**श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के साथ हो रहा खिलवाड़**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज में जिन धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या हजारों में थी वह अब लाखों में हो गई। भीड़ का दबाव इतना ज्यादा हो गया है कि लगातार प्रयास और प्रयोगों के बाद भी जिम्मेदार भीड नियंत्रण की प्रभावी कार्ययोजना तैयार नहीं कर पा रहे हैं। इसी के साथ दूसरे विभागों की जिम्मेदारी भी बढ गई है। यहां रहने वाले और आने वाले लोगों की सेहत से खिलवाड़ न हो यह सुनिश्चित करना खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी है। यहां वर्ष भर भीडभाड रहती है और खास मौकों पर यह भीड़ कई लाख में पहुंच जाती है। इससे खाद्य आपूर्ति और उपलब्धता पर भी दबाव बढ जाता है। आपूर्ति और खपत के बीच बढे अंतर का लाभ खाद्य माफिया उठा रहे हैं। इस बीच मिलावट खोरी को भी पंख लगे हैं। जिम्मेदार विभाग की ओर से की जाने वाली चुनिंदा कार्यवाही लोगों की सेहत से खिलवाड़ नहीं रोक पा रही हैं। जिस कीमत में एक मिलो शुद्ध दूध नहीं मिल रहा उस कीमत में गोवर्धन, वृंदावन सहित दूसरे स्थानों पर एक किलो मावा मिल जाता है। दुकानदारों पर 50 से 80 रुपये किलो मावा मिल रहा है। फास्ट फूड में उपयोग होने वाली सॉस, मेयोनेज़, क्रीम, चीज, आदि खाद्य सामग्री 10 से 15 रुपये पैकेट से लेकर 60 से 80 रुपये किलो मिल रही हैं। जबकि इन्हीं खाद्य सामग्रियों की अच्छी गुणवत्ता वाले पदार्थो के रेट काफी अधिक है। वहीं फलों को भी घातक रसायनों से पकाया जा रहा है। ऐसे फलों को खाने पर स्वास्थ्य पर घातक विपरीत प्रभाव पडता है।

**तेजी से बढ़ रहे कैंसर रोगी**

मिलावटी खाद्य पदार्थो में कार्सिनोजेनिक पदार्थो की मौजूदगी घातक साबित हो रही है। जनपद में तेजी से कैंसर रोगी बढ़ रहे हैं। कैंसर से लगातार मौत हो रही हैं। एक अनुमान के



दूध से बनी मिठाईयां।

तहत इस समय जनपद में कैंसर रोगियों की संख्या 10 हजार से अधिक है। व्यापार मंडल अध्यक्ष गोवर्धन गणेश पहलवान ने मांग की है कि मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

**वर्जन**

जहां से भी मिलावट की शिकायत मिली है उनके विरुद्ध खाद्य विभाग द्वारा विधिक कार्रवाई की गई है। वृंदावन में भी महिला कुटीर से खाद्य नमूने लिए गए हैं। आगे भी भविष्य में मिलावट खोरों के विरुद्ध अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। -डा. गौरी शंकर, संयुक्त आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन मथुरा

# ग्रामीणों ने की मंदिर, कुआं पर कब्जे की शिकायत

**मथुरा।** सौंख क्षेत्र के गांव नगला आशा में ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित कर मुक्त कराने के एसडीएम गोवर्धन ने आदेश दिये हैं। एसडीएम ने यह आदेश मंदिर और कुआं की जमीन पर ग्रामीणों द्वारा किये गये कब्जे की शिकायत के बाद दिये हैं। गांव नगला आशा में भोलेनाथ महादेव का प्राचीन मंदिर और ग्राम समाज के मीठे पानी के कुआं है ग्रामीण यहां पूजा अर्चना करते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से शिकायत की कि कुछ लोगों ने यहां कब्जा कर लिया है। यह कब्जा अवैध है। ये लोग बंटवारे को लेकर आपस में झगड़ा फसाद करते हैं। आज लोग महादेव मंदिर पर पूजा करने जाती हैं। वहां गंदगी अतिक्रमण की वजह से मंदिर की परिक्रमा भी नहीं लगा पाती हैं। पानी की समस्या है और कुआं पर भी अतिक्रमण है। एसडीम ने जमीन चिन्हित कार्रवाई करने के आदेश राजस्व विभाग टीम को दिए हैं।

# संक्षिप्त ख़बरें

## संपर्क मार्ग की मरम्मत रोकने पर एसडीएम से शिकायत

### मरम्मत के लिए पहुंचे पीडब्ल्यूडी मजदूरों को भगाया



**खजनी गोरखपुर।।** तहसील क्षेत्र के बेलघाट थाना क्षेत्र में आने वाले बलुआ भवानी बख्श सिंह गांव में दो दशक पहले वर्ष 2000 में गांव की हरिजन से मुख्य मार्ग को जोड़ने वाला लगभग 100 मीटर लंबी सड़क टूट-फूट कर जर्जर हो चुकी थी। सड़क का निर्माण करने पहुंचे पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों को गांव के कुछ दबंगों ने डरा-धमकाकर भगा दिया। गांव के लोगों ने तहसील में पहुंचकर घटना की शिकायत स्थानीय पुलिस और एसडीएम खजनी शिवम सिंह से की गई। एसडीएम ने राजस्व निरीक्षक को घटना की जांच और आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।


## परशुराम जयंती पर 10 मई को निकलेगी भव्य शोभायात्रा



**महराजगंज।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद द्वारा आगामी दस मई शुक्रवार को भगवान परशुराम के जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के संबंध में सभी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। नौतनवां विकासखण्ड क्षेत्र के सेखुआनी में सोमवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद ब्लाक इकाई नौतनवां द्वारा बैठक कर तैयारियों पर मंथन किया गया। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद के तहसील प्रभारी मुन्नु पाण्डेय ने कहा कि ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम जी की जयंती पर विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त शोभायात्रा पड़ियाताल मंदिर से शुरू होकर नौतनवां बनैलिया मंदिर में जाकर संपन्न होगा। इस दौरान पंडित बृजमोहन मिश्र, मिथलेश पाण्डेय, सुधीर मिश्र, निरंकार उर्फ गुड्डू चौबे, दीपू पाण्डेय, रमाशंकर त्रिपाठी, इंदल त्रिपाठी, विनोद मिश्र आदि मौजूद रहे।

## टीपू सुल्तान ने मजबूती से किया ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ संघर्ष

### रहीमपुर में मनाई गई टीपू सुल्तान की शहादत दिवस




**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के रहीमपुर गांव में टीपू सुल्तान की शहादत दिवस मनाई गई।इस दौरान कैंडल जलाकर उन्हें खिराजे अकीदत पेश की गई, और देश की आजादी में उनके योगदान की चर्चा की गई।कवि मक़सूद अहमद ने कहा कि टीपू सुल्तान ने ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ मजबूती से संघर्ष करते हुए मुल्क की आजादी में अहम भूमिका निभाई।वे हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। अपने 17 वर्षों के शासन काल के दौरान उन्होंने तत्कालीन मैसूर राज्य के तमाम हिन्दू मंदिरों को भूमि सहित चांदी व सोने के बर्तन दान दिए।श्रृंगेरी मठ के शंकराचार्य की मांग पर मराठा आक्रमणकारियों से मठ की सुरक्षा किया।टीपू ने न्यायालयों में धार्मिक मामलों की सुनवाई के लिए मुस्लिम काजियों के साथ हिन्दू पंडितों की भी नियुक्ति किया। उनके राज्य के कोषाध्यक्ष कृष्णा राव थे।टीपू अंग्रेजों से लड़ते हुए 4 मई 1799 को शहीद हो गए।

उन्हें भुलाया नहीं जा सकता। छात्र नेता मुस्ताक ने कहा कि टीपू सुल्तान को भारत से अपार प्रेम था।उन्होंने अंग्रेजी सेना से लड़ते हुए देश को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए अनेक कदम उठाए।उन्होंने जाति-धर्म से ऊपर उठकर देशहित मे काम किया। आज के नौजवानों को टीपू सुल्तान की वीरता व संघर्षों से प्रेरणा लेकर देश व समाज की तरक्की के लिए काम करना चाहिए। कार्यक्रम में राज मुहम्मद, जाकिर, यूसुफ, हाफिज इमरान रजा, इरशाद, गफ्फार आदि मौजूद रहे।

# तीन गांवों के 4 घरों में लगभग लाखो की चोरी, बेखौफ चोरों ने लगातार चोरी की घटनाओं दे रहे अंजाम

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर।** बीती रात अज्ञात चोरों ने तीन गांवों के चार घरों को अपना निशाना बनाया और लगभग 80 लाख रूपए मूल्य से अधिक के कीमती गहने और नकद रकम चुरा ले गए।

मिली जानकारी के अनुसार थाने के निकट स्थित रूद्रपुर गांव के निवासी चंन्द्रभूषण राम त्रिपाठी उर्फ रामधनी तिवारी के घर में दीवार के कंटीले तारों को काट कर छत के रास्ते घर में घुसे अज्ञात चोर ने अलमारी बक्सों और सूटकेस में रखे लाखों रुपए के कीमती गहने और नकद चुरा लिए।और घर पर ही परिवार के लोग सोये रहे थाने में दी गई तहरीर में 50 लाख रुपए से अधिक मूल्य के गहने जिसमे सोने की लक्ष्मी जी,तीन हार,अँगुठी 21पीस,बिन्दी 10पीस,झुमका तीन,सोने की चेन सात,टप्स पाँच,चाँदी का दस सिक्का,चाँदी की गिलास कटोरी चम्मच, कान का झाला 4जोड़ी,सोने का सिक्का चार, नथ4पीस सहि पाजेब,बिछिया,पायल, हाथपलानी,आदि एवं एक लाख रुपये नकदी जो वह श्रीमद्भागवत कथा कराने हेतु रखे थे ,उन्हें चोरी की जानकारी सबेरे 3.15 बजे हुई। जिसकी सूचना तत्काल 112 नंबर पर और खजनी पुलिस को दी गई।चन्द्रभूषण तिवारी शुगर मिल से सेवानिवृत्त होने के बाद वर्षो से अपने परिवार के साथ पैतृक गांव में रहते हैं।और उनके परिवार के सभी जेवरो पर चोरो ने हाथ साफ कर दिया। इसी प्रकार रूद्रपुर गांव के सटे गायघाट के निवासी जितेंद्र यादव पुत्र स्वर्गीय दुर्बल यादव के घर के पीछे से छत के रास्ते भीतर घुसे चोरों ने नगद रूपए सहित मंगलसूत्र,अंगूठी,चैन हार,लाकेट,पाजेब,झाली आदि लगभग दो लाख रुपए मूल्य के गहने चुरा लिए। जितेंद्र यादव मुंबई में रह कर राजमिस्त्री का काम करते हैं। घटना के दौरान परिवार के सदस्य घर में सो रहे थे। इसी प्रकार सरयां तिवारी गांव में निर्मल और रामसनेही के घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों रुपए के कीमती गहने तथा नकद रूपए समेत लाखों रुपए मूल्य के सामान चुरा ले गए। वहीं कोठां गांव के दयालु तिवारी के घर में खिड़की का ग्रील काटकर भीतर घुसे चोर ने लगभग 16 लाख रुपए से अधिक मूल्य के कीमती गहने और नकद रकम चुरा लिए।

एक ही रात में चार घरों में चोरी की बड़ी घटनाओं को अंजाम देकर चोरों ने स्थानीय पुलिस को खुली चुनौती दी है। इससे पहले भी क्षेत्र में लगभग दर्जन भर स्थानों पर हुई चोरी की घटनाओं के पर्दाफाश में फिसड्डी साबित हुई खजनी पुलिस ने चोरी की घटनाओं की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिले से फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वॉड बुला कर चोरी की घटनाओं के पर्दाफाश में जुटी पुलिस ने घटनास्थलों का सघन निरीक्षण किया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी ओंकारदत्त तिवारी थानाध्यक्ष गौरव आर कन्नौजिया और पुलिस टीम ने पीड़ित परिवारों से घटनाओं की जानकारी ली। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष गौरव कुमार कन्नौजिया ने बताया चोरी की सभी घटनाओं का शीघ्र वर्क आँउट करने के लिए टीमें लगाई गई हैं। फॉरेंसिक टीम,डॉग स्क्वायड, सर्विलांस सहित विभिन्न संसाधनों की मदद भी ली जा रही है।लगातार हो रही चोरियाँ खजनी पुलिस के लिए जहाँ चुनौती बन गयी है वही पर क्षेत्र के लोग काफी दहशत मे है।

# कृष्ण-सुदामा मित्रता की कथा सुन छलक उठे आंसू

स्वतंत्र प्रभात

**भाटपार रानी,देवरिया।** कथावाचक पंडित घनश्यामानन्द ओझा ने गोरखपुर महानगर के राम-जानकी पूरम में चल रहे श्रीमद्भागवत महापुराण कथा प्रेम यज्ञ के सातवें दिन सोमवार को सुदामा चरित्र का वर्णन किया।इस दौरान कृष्ण-सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनकर श्रद्धालुओं की आंखों में आंसू छलक उठे।उन्होंने कहा कि सुदामा जी भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश हैं।उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है तो यह सुनकर कृष्ण नंगे पैर दौडकर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते हैं । उनकी दीन -दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां टूटी -फूटी झोपड़ी के जगह पर महल बना पाते हैं ।लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं।कथावाचक ने कहा कि यदि कृष्ण व सुदामा जैसी असली मित्रता हो जाए तो कोई दुःखी नहीं रह सकता है। कथा के दौरान मुख्य यजमान पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी, ध्यान प्रकाश तिवारी, श्याम सुंदर तिवारी, रेखा दीक्षित, मीना दिवेदी, जूही, सुनीता, आशा, अवनीश, अनूप, उमेश मिश्रा, विष्णु कांत त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।




## तीन दिवसीय श्रीहरि कथा के लिए निकली भव्य कलश यात्रा

**भाटपार रानी, देवरिया।** तहसील क्षेत्र के रहीमपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत स्थित नेउरहां गांव में तीन दिवसीय श्रीहरि कथा का शुभारंभ हुआ।इस मौके पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा में हाथी, घोड़ा, बैंडबाजा आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहे।वहीं गांव की बालिकाओं द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की शानदार झांकी सजाई गई।कलश यात्रा कथा स्थल से शुरू होकर पड़री बाजार, बहेरा टोला,रहीमपुर होते हुए पुनः कथा स्थल पर पहुंची, जहां ट्रैंक में रखे गए पानी को प्रतीकात्मक नदी मानकर जल भरा गया।इस दौरान पण्डित मार्कण्डेय तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण किया।बता दें कि कथा स्थल से महज डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्याही नदी स्थित है।लेकिन इन दिनों उस नदी में एक बूंद पानी भी नहीं है।वहीं झरही नदी की दूरी दस किलोमीटर होने के चलते तेज धूप में श्रद्धालु पैदल चलकर जाने की जहमत नहीं उठा सके।जिसके कारण कथा स्थल पर ही पानी रखकर जल भरा गया।इस दौरान धर्म का जय हो, अधर्म का नाश हो, विश्व का कल्याण हो आदि गगनभेदी नारों से माहौल भक्तिमय हो गया।वहीं शाम को दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के आचार्यों ने कथा का रसपान कराया।उन्होंने कहा कि भगवान के शरण में ही परम सुख है।यह दुनिया तो सिर्फ दिखावा है।अतः हमें सांसारिक मोह माया से बाहर निकलर ईश्वर को भजना चाहिए।

# चौसठ योगिनी मंत्र है हमारी धरोहर- अनिल पांडेय

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के ग्राम सभा राजगढ़ में चल रही गायत्री परिवार द्वारा नौ कुण्डीय महायज्ञ में चौथे दिन कथा वाचक अनिल पांडेय द्वारा चौसठ योगिनी मंत्र के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आदिशक्ति का सीधा सा सम्बन्ध है इस शब्द का जिसमे प्रकृति या ऐसी शक्ति का बोध होता जो उत्पन्न करने और पालन करने का दायित्व निभाती है जिसने भी इस शक्ति की शरणमें खुद को समर्पित कर दिया उसे फिर किसी प्रकार कि चिंता करने कि कोई आवश्यकता नहीं वह परमानन्द हो जाता है।

चौसठ सयोगिनियां वस्तुतः माता आदिशक्ति की सहायक शक्तियों के रूप में मानी जाती हैं। जिनकी मदद से माता आदिशक्ति इस संसार का राज काज चलाती हैं एवं श्रृष्टि के अंत काल में ये मातृका शक्तियां वापस माँ आदिशक्ति में पुनः विलीन हो जाती हैं और सिर्फ माँ आदिशक्ति ही बचती हैं फिर से पुनर्निर्माण के लिए। बहुत बार देखने में आता है कि लोग वर्गीकरण करने लग जाते हैं और उसी वर्गीकरण के आधार पर साधकगण अन्य साधकों को हीन - हेय दृष्टि से देखने लग जाते हैं क्योंकि उनकी नजर में उनके द्वारा पूजित रूप को वे मूल या प्रधान समझते हैं और अन्य को द्वितीय भाव से देखते हैं जबकि ऐसा उचित नहीं है हर साधक का दुसरे साधक के लिए सम भाव होना चाहिए। किन्तु नैतिक दृष्टिकोण और अध्यात्मिकता के आधार पर यदि देखा जाये तो न तो कोई उच्च है न कोई हीन हम आराधना करते हैं तो कोई अहसान नहीं करते यह सिर्फ अपनी मानसिक शांति और संतुष्टि के लिए है और अगर कोई दूसरा करता है तो वह भी इसी उद्देश्य कि पूर्ती के लिए। अब अगर हम अपने विषय पर आ जाएँ तो इस मृत्यु लोक में मातृ शक्ति के जितने भी रूप विदयमान हैं सब एक ही विराट महामाया आद्यशक्ति के अंग, भाग, रूप हैं साधकों को वे जिस रूप की साधना करते हैं उस रूप के लिए निर्धारित व्यवहार और गुणों के अनुरूप फल प्राप्त होता है।

इस मौके पर महंत प्रसाद तिवारी, राम जतन, राम बचन, अमरेश, अनीश, उमेश जायसवाल, रामा यादव सहित श्रोता मौजूद रहे।

# बाल भवन ने मनाया वार्षिकोत्सव

स्वतंत्र प्रभात



**अम्बेडकरनगर।** एनटीपीसी टाण्डा में टाऊनशिप के बच्चों की कल्याणकारी संस्था बालभवन ने विविध कार्यक्रमों के साथ अपना वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परियोजना के कार्यकारी निदेशक ए.के.चट्टोपाध्याय एवं विशिष्ट अतिथि गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की सदस्यायें, परिवारजन तथा बच्चों के अभिभावकगण भी उपस्थित थे।इस अवसर पर बालभवन के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। जिसमें बालभवन के बच्चों ने श्री गणेश वन्दना के साथ-साथ सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन हुआ। वहीं 'जल संरक्षण' एवं गंगा अवतरण थीम पर ड्रामा व नृत्य नाटिका की प्रस्तुती दी, जिसका सभी लोगों ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम के दौरान गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा कृष्णा चट्टोपाध्याय ने बालभवन के क्रिया कलापों की भरपूर सराहना की तथा बालभवन द्वारा इस प्रकार के सृजनात्मक कार्यो से बच्चों को अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर सभी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री चट्टोपाध्याय ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की प्रशंसा की तथा बताया की बच्चों की नींव को मजबूत करने में बालभवन का योगदान सराहनीय है। इसके पूर्व बालभवन की सचिव रैना मिश्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। साथ ही बालभवन द्वारा पूरे वर्ष भर किये गये कार्यो का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका हौंसला बढाया। कार्यक्रम का संचालन बालभवन के बच्चों द्वारा ही किया गया।

# आग से बेघर बने बाँसफोरो को अब तक नही मिलाआपदा राहतकोष से सहायता, खुले आसमान जे नीचे रहने को बने मजबूर

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर।** नगर पंचायत गोला के बनकटा की बाग में 14 दिन पूर्व लगी आग से तीन बंसफोर परिवार बेघर हो गए। उनका सारा सामान जल कर राख हो गया । आज तक उन्हे तहसील प्रशासन द्वारा आपदा राहत राशि नहीं मिली। वह खुले आसमान के नीचे पन्नी डाल कर इस प्रचंड गर्मी में रहने के लिए मजबूर हैं।

प्राप्त बिबरण के अनुसार बनकटा की बाग में सुबास,प्रेम,मुन्ना तीन बंसफोर रिहायशी झोपड़ियों डाल कर वर्षो से रह रहे थे। बीते 21 अप्रैल को दिन में अज्ञात कारणों से उनकी रिहायासी झोपड़ी में आग लग गई। जबतक लोग आग पर काबू पाते तब तक उनका राशन,विस्तर,कपडा,पंखा,बैंक पासबुक,जरूरी कागजात,साईकिल व नकदी तथा लगन के लिए तैयार किया गया डाल व समस्त संपूर्ण सामान जलकर राख हो गया। झोपड़ी में बंधी 7 बकरियां भी जल कर मर गई।आग बुझाते हुए वीरेन्द्र बंसफोर भी झुलस गया।अगल बगल के लोगों व फायर बिग्रेड की मदद से आग पर काबू पाया गया।

लेखपाल मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल किया।पशु चिकित्सक ने जली बकरियों का पोस्टमार्टम भी किया।लेकिन अभी तक इन परिवारों को आपदा राहत नहीं मिली । प्रेम बंसफोर का कहना है कि पास बुक जल गया था। नया बनवाकर तहसील में 5 दिन पूर्व जमा किया गया। दूसरे हम लोगों का बिजली का कनेक्शन है। आग लगने के कारण केबिल जल गया लेकिन आज तक विद्युत विभाग द्वारा कनेक्शन नहीं जोड़ा गया। हम लोग इस प्रचंड गर्मी में खुले आसमान के नीचे उसी तरह उबल रहे हैं। हमारे अतिरिक्त एक दर्जन परिवार को बिजली नहीं मिल रही है। भला हो समाज सेवियों का जो हम लोगों के लिए पन्नी,वर्तन , भोजन का जुगाड कर दिया।

तहसीलदार गोला बृजमोहन शुक्ल का कहना है कि आन लाइन आपदा राहत कोष से पैसा की डिमांड की गई है। इन लोगों का खाता नंबर भी भेज दिया गया है । पैसा आते ही खाते में भेज दिया जाएगा जे ई अजय का कहना है अग्निकांड में केबिल जल गई थी। केबिल के लिए डिमांड की गई है। अभी केबिल मिला नहीं है। मैं शीघ्र कोई व्यवस्था करवाता हूं।

# अवैध रूप से संचालित हो रहे दो अस्पताल सील

स्वतंत्र प्रभात




**अंबेडकरनगर।** अवैध ढंग से चल रहे दो निजी अस्पतालों पर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से छापा मारकर उसे सील कर दिया। मौके पर मिले लोग कोई वैध कागजात नहीं दिखा सके। इस पर दोनों अस्पताल के संचालकों के खिलाफ बाद में जहांगीरगंज थाने में केस दर्ज करा दिया गया। छापेमारी की इस घटना के बाद आलापुर तहसील के कई निजी क्लीनिक संचालक भी शटर गिराकर अन्यत्र निकल गए।सीएमओ डॉ. राजकुमार से बीते दिनों कुछ लोगों ने शिकायत किया कि जहांगीरगंज बाजार के बाउली चौक के निकट माडरमऊ मार्ग पर दो अस्पताल अवैध ढंग से संचालित हैं। न तो संबंधित अस्पतालों के संचालन के लिए लाइसेंस है और न ही संचालकों के पास किसी भी प्रकार की डिग्री ही है। पुलिस विभाग ने भी इस बारे में कार्रवाई के लिए कहा था क्योंकि बीते दिनों एक किशोरी से दुष्कर्म के बाद उसका मनमाने ढंग से उपचार करने का मामला सामने आया था।इस बीच सीएमओ के निर्देश पर शनिवार सुबह डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा व डॉ. आशुतोष सिंह ने सीएबसी जहांगीरगंज प्रभारी डॉ. उदयचंद यादव एवं जहांगीरगंज पुलिस टीम के साथ जेपी हॉस्पिटल व उसके बगल स्थित विकास आर्थो पर एक साथ छापा मारा। इससे वहां अफरातफरी मच गई। मौका देखकर ज्यादातर कर्मचारी भाग निकले।स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार जेपी हॉस्पिटल के संचालक जामवंत यादव व विकास आर्थो के संचालक बिपिन कुमार से जब अस्पताल के संचालन से संबंधित कागजात मांगे गए तो वह उपलब्ध नहीं कराए जा सके। संचालन के लिए लाइसेंस भी नहीं लिया गया था। इस पर दोनों अस्पतालों को सील कर दिया गया। तय हुआ कि प्रकरण में वैधानिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाए। सीएमओ को पूरे प्रकरण से अवगत कराया

गया। उनके निर्देश पर सीएचसी प्रभारी उदयचंद्र ने जहांगीरगंज थाने पहुंचकर पूरे मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर के आधार पर जहांगीरगंज पुलिस ने दोनों अस्पताल संचालक जेपी यादव व बिपिन कुमार के खिलाफ अलग अलग धाराओं में केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने मामले में छानबीन शुरू कर दी है।

# लोकसभा चुनाव में नामांकन से पहले थानों में जमा कराए गए शस्त्र

स्वतंत्र प्रभात




**सहजनवा/गोरखपुर।** लोकसभा चुनाव सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड़ में दिख रही है। गोरखपुर में अंतिम चरण 1जून को मतदान होना है.मतदान में किसी तरह को गड़बड़ी न हो इसके लिए पहले से ही तैयारिया की जा रही है.सहजनवा क्षेत्र के सहजनवा,गीडा और हरपुर थाने को मिलाकर कुल 1211लाइसेंसी शस्त्र धारक है। जिसमे तीनो थानों की पुलिस नामांकन के एक दिन पहले तक 900 शस्त्र जमा करा दिए है। हालाकि शेष बचे शस्त्र को भी जमा कराने का कार्य किया जा रहा है। सहजनवा में 371गीडा में 272 और हरपुर में 257शस्त्र अभी तक जमा कराया गया है। चुनाव में मतदान के दिन बूथ पर किसी तरह का विवाद न हो इसके लिए पुलिस पूर्व के चुनाव में हुई विवाद को देखते हुए चुनावी बावलियों की कुंडली बना रही है। जिन चुनावी बावलियों के पास लाइसेंसी शस्त्र है।पुलिस उनसे वार्ता कर उनके शस्त्र को थाने में जमा करा रही है।

गीडा सीओ अनुराग सिंह ने सर्किल के सहजनवा ,गीडा और हरपुर के तीनो थानेदारों को निर्देशित किया है की पूर्व के चुनाव में जिन लोग ने किसी तरह का विवाद किया हो। हर हाल में उनके शस्त्र थाने में जमा कराए जाए।जिसको पुलिस गंभीरता से लेकर शस्त्र जमा करा रही है.सोमवार को सहजनवा,गीडा,हरपुर तीनो थाने पर शस्त्र जमा कराने का सिलसिला चलता रहा। लोकसभा चुनाव को देखते हुए शत प्रतिशत शस्त्र जमा कराने का निर्देश थानेदारों को दिया गया है। गीडा सर्किल के तीनो थाने पर शस्त्र जमा हो रहे है। जो शेष बचे है वो जल्द जमा करा दिए जायेंगे। अनुराग सिंह गीडा सीओ.

# आगामी परशुराम जयंती मनाने के लिये विप्र समाज ने हनुमान मंदिर मे कई बैठक।

स्वतंत्र प्रभात

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** श्री परशु.राम विचार मंच के तत्वाधान में गोला गोकरण नाथ छोटी काशी लखीमपुर मार्ग स्थित श्री हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता पंडित राम राखन बाजपेयी जी ने की।

वक्ताओं की श्रृंखला में जीवन लाल कमला देवी महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री ने श्री परशुराम विचार मंच के संस्थापक स्वर्गीय श्री राम कुमार शुक्ल के कृतित्व एवं चरित्र पर प्रकाश डालते हुए शुक्ल के विप्र समाज के प्रति संगर्ष व् सहयोग को वृहद् एवं विशेष रूप से याद किया !

इसी क्रम में हिन्दी के मूर्धन्य विद्वान संत कुमार बाजपेयी संत ने स्वर्गीय राम कुमार शुक्ल के साथ बिताये कुछ वृतांत साझा करने के साथ उनके पुत्र डॉ पीयूष कु शुक्ल को उनके स्वर्गीय पिता जी द्वारा बनाये गये संगठन को जीवंत रखने व उनके पिताजी के द्वारा दिये गये मूल्यों व आदर्शो का अनुसरण व अनुपालन करने के लिए बधायी व शुभ कामनाएँ प्रदान की ।

इसी क्रम में विद्या कुँवरि विद्या निकेतन के प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार त्रिपाठी द्वारा विप्र समाज के मूल्यों, संस्कार व संस्कृति पर प्रकाश डालने के साथ साथ समाज को सशक्त बनाने पर ज़ोर दिया गया। इसी क्रम में अवधेश तिवारी द्वारा विप्र समाज के लिए भविष्य में कुछ विशेष अनुदान का व्रत भी लिया गया। कार्य क्रम के अंत में अध्यक्षी भाषण में कार्य क्रम की अध्यक्षता कर रहे स्वर्गीय राम कुमार शुक्ल के साथी रहे पंडित राम राखन बाजपेयी ने कार्य क्रम में उपस्थित युवाओं को जीवन में यज्ञोंपवीत के महत्व का वर्णन करते हुए समाज में युवाओं की महती ज़िमीदारी व महत्व को बताया ब साथ की सामज विरोधियों को कड़ा संदेश देते हुए एक जुट रहने का आह्वान किया व समाज की तन ,मन और धन से हर संभव मद्द करने का आश्वाशन भी दिया। इसी क्रम में बैज नाथ अग्निहोत्री ने ब्रह्म फाँस की उपयोगिता पर प्रकाश डालने के साथ ही संगठन के संस्थापक स्वर्गीय राम कुमार शुक्ल के साथ एक पिता और पुत्र की यादगार स्मृतियाँ साझा की व साथ की सभी उपस्थित युवाओं को अपना मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्य क्रम का कुशल संचालन डा पीयूष कुमर शुक्ल ने किया।

कार्यक्रम में विशेष रूप से पब्लिक कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य के के शुक्ल, हरद्वारी लाल दीक्षित, शिव दयाल पांडेय, महेन्द्र कुमार त्रिपाठी, संत कुमार बाजपेयी, शशि कांत मिश्रा, डो वेद प्रकाश अग्निहोत्री, बैज नाथ अग्निहोत्री, शूली बाजपेयी, अवधेश तिवारी ,मनोज कुमार मिश्रा, राम प्रकाश मिश्रा , राज कुमार अवस्थी, हरद्वार प्रसाद बाजपेयी , संजीव मिश्र पिपरिया , विकास मिश्रा, कमलेश त्रिवेदी, राजेश अवस्थी सभासद , नवल किशोर तिवारी, सुरेश चंद्र मिश्रा, सौम्य प्रकाश अग्निहोत्री, अनुज त्रिवेदी ,ललित मोहन मिश्रा, राम मोहन मिश्रा, सहदेवा मिश्रा ,प्रबंधक राम रतन शास्त्री महाविद्यालय गौरव शर्मा, अनुराग मिश्रा, भुवनेश्वर दयाल शुक्ल, पंकज शुक्ल पत्रकार, करुणेश त्रिवेदी पत्रकार , विजय कुमार बाजपेयी, संजीव दीक्षित, दुर्गेश अवस्थी ,आदि भारी संख्या में विप्र समाज के वरिष्ठ व कनिष्ठ लोग मौजूद रहे।

# इजराइली सेना राफा पर हमले करने के लिए तैयार है

**● CIA के डायरेक्टर सीजफायर के लिए इजराइल पहुंचे, 1 लाख फिलिस्तीनियों को दूसरी जगह भेजेगी**

स्वतंत्र प्रभात

इजराइली डिफेंस फोर्सेस ( IDF) राफा में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू करने के लिए तैयार है। हमले से पहले इजराइल ने फिलिस्तीनियों को राफा छोड़ने के लिए कहा है। इजराइली सेना के प्रवक्ता ने कहा है कि वो राफा से 1 लाख लोगों को निकालेंगे। एसोसिएट प्रेस के मुताबिक इजराइली सेना ने एक आधिकारिक बयान जारी किया है, जिसमें फिलिस्तीनियों से एक दूसरे इलाके मुवासी जाने को कहा गया है।

वहीं, IDF ने राफा खाली करने की घोषणा उस वक्त की है, जब इजराइल-हमास के बीच सीजफायर को लेकर समझौता कराने की कोशिश जारी है। लेकिन दोनों देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई है। इजराइल साफ तौर पर कह चुका है कि वो समझौता होने पर भी राफा में मिलिट्री ऑपरेशन जारी रखेगा। उसका उद्देश्य हमास के आतंकवादियों को खत्म करना है।

मुवासी इजराइल की ओर से घोषित सुरक्षित इलाका है। ढ्ढष्ठस्न ने कहा है कि मुवासी में मदद बढ़ाई है, जिसमें फील्ड अस्पताल, टेंट, भोजन और पानी शामिल है। दरअसल, इजराइल ने देर रात राफा पर बमबारी की, जिसमें 22 लोगों की मौत हुई। इसमें 8 बच्चे भी शामिल थे।

**IDF इजराइल हमास का पीछा नहीं छोड़ेगा**

आईडीएफ ने राफा पर हमले करने से पहले सोशल मीडिया पर जानकारी दी थी। IDF ने लिखा , "मानवीय क्षेत्रों में लोगों को भेजने के लिए , sms, फोन कॉल और मीडिया से अरबी भाषा में मैसेज भेजे जा रहे हैं। IDFहमास का पीछा तब नहीं छोड़ेगा, जब तक सारे इजराइली बंधक वापस नहीं छूट जाएंगे। " टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने कहा है कि इजराइल एक "सीमित दायरे वाला ऑपरेशन" तैयारी कर रहा है।

**इजराइल का राफा पर मिलिट्री ऑपरेशन क्या है ?**

इजराइल डिफेंस फोर्सेस (IDF) का दावा है कि गाजा के राफा इलाके में उसकी चार बटालियन मौजूद हैं। यह बटालियन्स इजराइली सेना के आदेश पर तुरंत हमला शुरू कर देंगी। इजराइल के इस मिलिट्री ऑपरेशन को जंग के आखिरी पड़ाव के तौर पर देखा जा सकता है। इजराइली सेना ने कहा है कि राफा इलाके को जल्द खाली कराया जाएगा। हमारी कोशिश है कि वहां जो भी सिविलियन्स मौजूद हैं, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचे।

एक अनुमान के मुताबिक- राफा में इस वक्त 14 लाख लोग हैं। इनमें ज्यादातर वो लोग हैं तो इजराइली ऑपरेशन शुरू होने के बाद गाजा के अलग-अलग हिस्सों से भागकर यहां पनाह लेने पहुंचे हैं। हाल ही में इजिप्ट और अमेरिका के कुछ डिप्लोमैट्स इजराइल गए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक- इन लोगों ने इजराइल को धमकी दी थी कि अगर उसने राफा में मिलिट्री ऑपरेशन शुरू किया तो यूरोप और इजराइल के बीच सिक्योरिटी ट्रीटी रद्द कर दी जाएगी।



**इजराइल पहुंचे CIA के डायरेक्टर**

राफा पर इजराइल के मिलिट्री ऑपरेशन के बीच अमेरिकी खुफिया एजेंसी CIA के डायरेक्टर विलियम बर्न्स सोमवार को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात करेंगे। वे समझौते पर विफल हुई बातचीत को वापस शुरू करवाने की कोशिश करेंगे। अमेरिका, कतर और मिस्र लंबे समय से इजराइल- हमास के बीच युद्धविराम कराने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि दोनों पक्षों के बीच समझौते पर सहमति नहीं बन पा रही है। इजराइल - हमास एक दूसरे पर समझौता न स्वीकार करने के आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे हैं।

**अमेरिका ने नहीं दी है प्लान को मंजूरी**


इजराइल हमास को खत्म करने के लिए राफा पर हमले करने के लिए तैयार है। हालांकि अमेरिका सहित कई देशों ने इजराइल के राफा पर हमले करने के प्लान को मंजूरी नहीं दी है। यह देश इजराइल पर दबाव बना रहे हैं, जिससे इजराइल राफा पर लॉर्ज स्केल ऑपरेशन न करें।

हालांकि कुछ दिन पहले इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कह चुके है कि वे राफा पर हमले को नहीं रोकेंगे। उन्होंने कहा था कि अगर हम हमला नहीं करेंगे तो इजराइल जंग हार जाएगा।




## संक्षिप्त ख़बरें

### पशुपतिनाथ का दर्शन किए शिक्षाविद् डॉ राकेश



**बिहार** नेपाल की राजधानी काठमांडू स्थित बाबा पशुपतिनाथ का दर्शन किए डॉ राकेश कुमार सिंह अपने मामा सतेंद्र सिंह मौसा शंभू सिंह और मौसेरा भाई अभिषेक राठौर उर्फ रवि सिंह के साथ भगवान का दर्शन करने के बाद बताया की नेपाल विश्व का एक मात्र हिंदू राष्ट्र था और वहा के राजपरिवार विष्णु का अवतार माने जाते थे। जिसे अंतर्राष्ट्रीय साजिश कर खत्म कर दिया गया जिसका परिणाम अब नेपाल में चीन का दबदबा साफ दिख रहा हैं इतना ही नहीं एक हिंदू बहुल राष्ट्र को मनोरंजन का स्थल बनया जा रहा हैं और भारत का खामोशी समझ से बाहर हैं डॉ राकेश ने भारत सरकार से हस्तक्षेप की मांग की हैं इतना ही नहीं राजतंत्र खत्म होने के बाद पशुपतिनाथ मंदिर के पुजारियों को भी अधिकार कम करना और चिंता का विषय हैं डॉ राकेश कुमार सिंह ने कहा कि इन सभी समस्याओं का एकमात्र हल यही है पुनः राजतंत्र की वापसी भारत सरकार को नेपाल में राजतंत्र वापसी और हिंदू राष्ट्र की पुनर्स्थापना में मदद करना चाहिए।

### बच्चों को किया गया पुरस्कृत

**चांदा** – इंद्रा अकादमी वनहरा शिवपुर में आज बच्चों को वार्षिक परीक्षा पुरस्कार वितरित किया गया। बच्चों का उत्साहवर्धन बढ़ाने के लिए कक्षा में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले छात्र एवं छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक जितेंद्र उपाध्याय द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य आलोक जायसवाल ने सभी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी लोग अपने जीवन में अच्छे संस्कार के साथ निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ते रहें ,साथ ही उन्होंने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दी। इस मौके पर विद्यालय के समस्त अध्यापक अध्यापिका एवं स्थानीय लोग भी मौजूद रहे।

### स्थानांतरित बैंक प्रबंधक को दी गई विदाई



**सहरसा।** नौहट्टा स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया परिसर में बैंक उप प्रबंधक अजय कुमार के स्थानांतरण पर उनकी विदाई व नए प्रबंधक अजीत कुमार का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी बैंक कर्मी और बीसी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निवर्तमान उप प्रबंधक अजय कुमार ने कहा कि तीन वर्ष के संक्षिप्त कार्यकाल में सभी को साथ लेकर चलने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रबंधक को ग्राहकों से बेहतर संबंध बनाना होगा। उन्होंने ग्राहकों से भी बैंक से बेहतर संबंध रखने की अपील की। मौके पर उपस्थित सभी बीसी और बैंक कर्मी गौरव कुमार, बैजनाथ कुमार ,संजय कुमार,गिरधारी बालमकी,रोशन कुमार,रितेश कुमार, सुजीत कुमार,आशीष कुमार,सहित अन्य मौजूद थे।

# नव मतदाताओं को दिलाई गई मतदान की शपथ, किया गया जागरूक

**● मतदान करेंगे और दूसरे को भी करवाएंगे, 20 को हर हाल में अपने बूथ पर जायेंगे : नव मतदाता**

स्वतंत्र प्रभात




**बरही–** लोकतंत्र में मतदान ही जनता की महत्वपूर्ण पूंजी है जिस पर हर मतदाता का अपना निजी अधिकार होता है। जिसे भय, लोभ या दवाब से छीना नही जा सकता है। यह देश के हर एक नागरिक की महत्वपूर्ण कुंजी है, जिससे भ्रष्टाचार रूपी ताला पर सदा के लिए पाबंदी लगाया जा सकता है। एक अग्रसोची, समर्पित, निष्ठित्त व शिक्षित प्रतिनिधि का चुनाव कर अपने देश की दशा और दिशा तय कर सकते हैं। उक्त बातें प्रज्ञा केंद्र कोनरा के तत्वाधान में सॉफ्टेक कंप्यूटर एजुकेशन में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत संचालक सह कोनरा पंचायत मुख्यालय वीएलई जयदीप कुमार सिन्हा ने कही।

कार्यक्रम में सभी नव मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। साथ ही मतदान को लेकर नव मतदाताओ को कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया की आगामी 20 मई को अपने मतदान केंद्र पर स्वयं तो जाना ही है, अन्य मतदाताओं को भी जाने के लिए प्रेरित करना है. बिना किसी लोभ, मोह या भय के अपने स्व विवेक का उपयोग करते हुए मतदान करना है। सभी नव मतदाताओं में मतदान को लेकर विशेष ललक देखी गई। कार्यक्रम में शामिल सभी नव मतदाताओं ने मतदान करेंगे और दूसरे को भी करवाएंगे, 20 मई को हर हाल में अपने बूथ पर जायेंगे के नारे भी लगाए। इस कार्यक्रम में सोनाली पांडे, जूली सिंह, शोभा, रिंकी, रोहित, अकाश, मो साजिद, एहतेशाम, अमृत इत्यादि शामिल थे। मौके पर सभी को चुनाव आयोग प्रदत्त मतदाता मार्गदर्शीका भी दी गई है।


# लोकसभा चुनाव- तीसरा फेज, 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के महाकुंभ में 11 राज्यों की 93 सीटों पर वोटिंग आज मंगलवार 7 मई को होगी। बता दें कि इस फेज में 10 राज्यों और दो केन्द्र शासित प्रदेशों की 95 सींट थी। लेकिन 21 अप्रैल को सूरत से कांग्रेस प्रत्यक्षी का प्रचा रद्द होने और 8 के नामांकन वापस लेने के बाद भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित हो चुके है। वहीं जम्मू कश्मीर में खराब मौसम की वजह से अनंतनाग-राजौरी सीट का चुनाव टाल दिया गया है।अब यहां छठे फेज में 25। मई को वोटिंग होगीं।चुनाव आयोग के मुताबिक तीसरे चरण में कुल 1352 कैंडीडेट मैदान में हैं। इनमें 1299 पुरूष और 123 महिला है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट के मुताबिक 244 कैंडीडेट आपराधिक छवि के हैं। 392 कैंडीडेट के पास 1 करोड या उससे अधिक की संपत्ति है।इस फेज में 7 मंत्री और 4 पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा दांव पर है।



# दिल्ली में नकली गर्म मसाला बनाने वाली 2 फैक्ट्री पकडी,8 हजार किलो नकली मसाला काबू

स्वतंत्र प्रभात







**दिल्ली।** 60 के दशक में आई महमूद की फिल्म नीलकमल में महमूद पर फिल्माया गीत खाली डिब्बा खाली बोतल ले ले मेरे यार में मिलावट खोरों की असलियत में गर्म मसाला लीद भरा है,लाल मिर्च में ईट पिसी है,जैसे सच्चाई को उजागर किया था। आज 64 साल बाद मिलावटी गर्म मसालों समेत मिलावटी हल्दी,मिर्ची,धनिया,पाउडर समेत अन्य खाध सामानों की राजधानी दिल्ली के करावल नगर में धड्डल्ले से दो फैक्ट्रियां चल रही थी। उन पर इनपुट के बेस पर क्राइम ब्रांच ने अलग-अलग नामचीन ब्रांड के करीब 15 टन मसालों का जखीरा पकडा है। ये नकली मसाले बनाने वाली फैक्ट्रीयां अर्से से खाध विभाग, और पुलिस समेत बडी-बडी खुफिया ऐजेंसियों की नाक तले चल रही थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राकेश पवेरिया के मुताबिक इनपुट मिला कि नार्थ ईस्ट दिल्ली में कुछ नकली मसाले बनाने वाली फैक्ट्रियां ,दुकानदार,दिल्ली एनसीआर समेत पूरे देश में मिलावटी मसाले सप्लाई कर रहे है। एसीपी पवन के सुपरविजन में इंस्पेक्टर वीरेंद्र, एएसआई कंवरपाल, हरेंद्र, प्रवेश, निशा, हेडकांस्टेबल विपिन, अनुज, विनोद, आनंद, कांस्टेबल बिजेंद्र, सचिन की टीम ने करावल नगर इलाके में दो फैक्ट्रियो पर छापेमारी की। यहां दिलीप सिंह,खुर्शीद मलिक,नाम के दो लोग थे। दोनों ने भागने का प्रयास किया। लेकिन टीम ने काबू कर लिया। इसके अलावा सरफराज नाम के शख्स को भी पकडा है।

उल्लेखनीय है कि कथित नकली जायकेदार मसालों में ये शातिर लोग सडे हुए चावल,सडे हुए नारियल, ,सडे हुए जामुन,युकिलिप्टिस के पत्ते, लकडी का बुरादा,चोकर,सूखी मिर्च के डंठल,सडा हुआ बाजरा,साइट्रिक ऐसिड,कलर केमिकल से तैयार कर मिलावटी घातक गर्म मसाला बना रहे थे। ये कथित नकली मसाले बाकायदा दिल्ली एनसीआर के होटलों,ढाबों, समेत घरों,परचून की दुकानों में सप्लाई कर रहे थे। इन फैक्ट्रियों में 7200 किलोग्राम कच्चा माल बरामद किया गया है। इनमें से सडे हुए घटिया चावल-1100 किलोग्राम, सडा हुआ बाजरा-200 किलोग्राम, धनिये के बीज- 750 किलोग्राम, कच्ची हल्दी-550 किलोग्राम, सडे जामुन-1500 किलोग्राम, लकडी का बुरादा-500 किलोग्राम, सूखी लाल मिर्च के डंठल-200किलो, कलर केमिकल-10 किलोग्राम, साइट्रिक ऐसिड 50 किलोग्राम, यूकिलिप्टिस पत्ते-80 किलोग्राम, चोकर-2150 किलोग्राम, लकडी का बुरादा-500 किलोग्राम जैसी घातक चीजों का इस्तेमाल हो रहा था। बता दें कि भारत की मसाला बनाने वाली ब्रांडेड दो कंपनियों जिनमें एमडीएच और एवरेस्ट मसालों की खेप को सिंगापुर और फिर हांगकांग ने मिलावटी होने का आरोप लगा कर बैन लगा दिया है। उनकी जांच में घातक कैमिकल होने की बात सामने आई है।

# बंगाल की खाड़ी में इकट्ठा किया जा सकता है कार्बन डाईऑक्साइड; IIT मद्रास ने खोजा सबसे बड़े खतरे का तोड़!

**● आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल कार्बन डाइऑक्साइड सिंक के रूप में किया जा सकता है.**

स्वतंत्र प्रभात

कहीं हीट वेव, तो तूफ़ान, अनियमित मानसून, बाढ़ और सूखा.. भारत में बदलते मौसम की वजह से होने वाली ऐसी घटनाएं साल दर साल बढ़ती ही जा रही हैं. विशेषज्ञों की मानें तो इनमें से बहुत-सी घटनाएं जलवायु में हो रहे परिवर्तन के कारण हो रही हैं. लेकिन क्या इस देश में इसे रोकने के लिए पर्यास कदम उठाया जा रहा

दरअसल हाल ही में आईआईटी मद्रास के एक अध्ययन के अनुसार, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का इस्तेमाल कार्बन डाइऑक्साइड सिंक के रूप में किया जा सकता है, जिसका मतलब है कि वहां बड़ी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड जमा किया जा सकता है. जिससे दुनिया के सभी देशों को जलवायु परिवर्तन से छुटकारा मिलेगा.

**कार्बन सक्वीट्रेशन तकनीक का होता है इस्तेमाल**

स्टडी के अनुसार हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में कार्बन डाइऑक्साइड को स्टोर करने के लिए कार्बन सक्वीट्रेशन (carbon sequestration) तकनीक का इस्तेमाल किया जा सकता है. इस तकनीक की मदद से वायुमंडल में मौजूद कार्बन डाइऑक्साइड गैस की मात्रा घट जाएगी और बदले में दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग से छुटकारा मिल जाएगा.

जलवायु परिवर्तन पर अंतर सरकारी पैनल के अनुसार इस सदी में जलवायु परिवर्तन के बढ़ रहे नकारात्मक प्रभावों को रोकने के लिए देशों के वायुमंडल से कम से कम 100 बिलियन से 1 ट्रिलियन टन तक का कार्बन डाइऑक्साइड बाहर निकालने की जरूरत होगी और ऐसा ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर किया जा सकता है.

**समुद्र में कैसे किया जा सकता है स्टोर**

आईआईटी मद्रास ने ही अपनी स्टडी में बताया कि कार्बन डाइऑक्साइड को समुद्र में 500 मीटर की गहराई तक ठोस हाइड्रेट के रूप में स्थायी रूप से स्टोर कर के रखा जा सकता है. दरअसल कार्बन डाइऑक्साइड हाइड्रेट एक बर्फ जैसा क्रिस्टलीय पदार्थ है जो पानी की बर्फ और कार्बन डाइऑक्साइड से बना होता है. इस पूरी प्रक्रिया का एक बड़ा फायदा यह है कि कार्बन डाइऑक्साइड भंडारण से समुद्री पारिस्थितिकी को कोई नुकसान नहीं होगा.

आईआईटी मद्रास द्वारा जारी एक बयान में, इस स्टडी के लेखक, प्रोफेसर जितेंद्र सांगवई ने कहा कि समुद्रों में लाखों सालों से मीथेन हाइड्रेट्स को स्टोर करके रखा जा रहा है. इससे पर्यावरण को कोई नुकसान पहुंचाए और इससे ही हमारे शोधकर्ताओं को कार्बन डाइऑक्साइड को भी स्थायी रूप से स्टोर करने की प्रेरणा मिली है.

उन्होंने कहा कि समुद्री तल के 2,800 मीटर से अधिक की गहराई पर, कार्बन डाइऑक्साइड को संग्रहित किया जा सकता है. इतनी गहराई पर गुरुत्वाकर्षण की कमी के कारण ये गैस बाहर नहीं निकलेगा और इसी प्रक्रिया से ग्रीनहाउस गैस को बाहर निकलने से रोका जा सकता है.

**साल 2070 तक हासिल करना होगा शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य**

दरअसल इसी साल की शुरुआत में जलवायु परिवर्तन पर (COP26) अलग अलग देशों के साथ भारत की बैठक हुई थी. इस बैठक के दौरान भारत ने साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल करने का संकल्प लिया था.

अगर इस देश को वाकई इस लक्ष्य हासिल करना है कि देश को अभी से ही ऊर्जा, उद्योग और परिवहन जैसे अहम क्षेत्रों में इस्तेमाल हो रही तकनीकी को छोड़कर कम कार्बन उत्सर्जन वाली तकनीकों को चुनना होगा. जिससे देश का तेज़ी से आर्थिक विकास तो हो ही साथ ही कारोबार और आम जीवन में इसका कम से कम नकारात्मक असर भी दिखे.

एक और अनुमान के अनुमान के अनुसार साल 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला देश बनने का लक्ष्य हासिल करने के लिए भारत को सौर और वायु ऊर्जा के उत्पादन में 70 गुना की वृद्धि करनी होगी और इसे 7,700 गीगावाट तक ले जाना होगा. इसके साथ ही भारत में बुनियादी ढांचे को भी इतना विकसित करना होगा कि वो हर साल 114 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की क्षमता को संभाल सके.

**जलवायु परिवर्तन से होने वाले प्रभाव**

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण भारत के अलग अलग क्षेत्रों में काफी तेजी से मौसम बदल रहा है. इसके अलावा गर्म होते पर्यावरण और मानव द्वारा पर्यावरण के खिलाफ किए जा रहे कार्यों के चलते कुछ जगहों पर भारी बारिश तो वहीं कुछ जगहों पर सूखा तो कहीं उष्णकटिबंधीय चक्रवातों जैसी प्राकृतिक चीजों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है.

इस रिसर्च में ये भी पता चला है कि जलवायु परिवर्तन के चलते तमिलनाडु सहित पूरे देश में अत्यधिक बारिश देखी गई है. बदलते मानसून पैटर्न ने पूरे देश को प्रभावित किया है. वहीं जिन जगहों पर जलवायु परिवर्तन से मौसम संबंधित समस्याओं का खतरा सबसे ज्यादा है उनमें मध्य भारत, उत्तर भारतीय क्षेत्र और पश्चिमी हिमालयी इलाके शामिल हैं. जहां अत्यधिक बारिश की घटनाएं, उत्तर, उत्तर-पश्चिम भारत और निकटवर्ती मध्य भारत में मध्यम सूखा और अर्धशुष्क क्षेत्रों में विस्तार तथा तटीय राज्यों में चक्रवात और लू की घटनाएं देखने को मिल रही हैं.



**ग्लोबल वार्मिंग से प्रभावित देशों में भारत कहां है?**

ग्लोबल क्लाइमेट रिस्क इंडेक्स 2021 की मानें तो भारत ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावित टॉप 10 देशों में आता है. यहां मौसम और जलवायु की बदलती परिस्थितियों से सबसे ज्यादा कृषि प्रभावित होता है, क्योंकि कृषि गर्मी, बारिश और सर्दियों के आधार पर की जाती है. ऐसे में यदि जलवायु परिवर्तन से बारिश, गर्मी और ठंड ही ठीक से नहीं रहेंगी तो किसानों के लिए बहुत मुश्किल खड़ी हो जाएगी.

जैसा कि कुछ समय से हम देख रहे हैं सर्दियों में बारिश हो जाना या बारिश के मौसम में कम वर्षा होने से फसलें खराब हो जाती हैं. वहीं गर्मी के मौसम में कुछ जगहों पर भीषण बारिश हो जाती है तो वहीं कुछ जगहों पर सूखे के चलते फसलें प्रभावित होती हैं. जिससे काफी फसलें खराब हो जाती हैं और किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है. अंतर सरकारी पैनल (IPCC) के अनुसार जलवायु परिवर्तन का कुछ फसलों पर अच्छा प्रभाव भी देखने को मिलेगा लेकिन ज्यादातर फसलों को इससे नुकसान ही होने वाला है. एक रिसर्च के अनुसार औसत तापमान 1 डिग्री सेल्सियस बढ़ता है तो इससे गेहूं का उत्पादन 17 प्रतिशत तक कम हो सकता है. इसी तरह 2 डिग्री सेल्सियस तापमान बढ़ने से धान का उत्पादन भी 0.75 टन प्रति हेक्टेयर कम होने की आशंका है.